THEORIES OF RASA DHVANI (VI)

M.A. (Sanskrit)

Semester-III, PAPER-V

Director

Dr.Nagaraju Battu

M.H.R.M., M.B.A., L.L.M., M.A. (Psy), M.A., (Soc), M.Ed., M.Phil., Ph.D.

Centre for Distance Education

Acharya Nagarjuna University

Nagarjuna Nagar-522510

Phone No.0863-2346208, 0863-2346222,

0863-2346259 (Study Material)

Website: www.anucde.info

e-mail: anucdedirector@gmail.com

FOREWORD

Since its establishment in 1976, Acharya Nagarjuna University has been forging ahead in the path of progress and dynamism, offering a variety of courses and research contributions. I am extremely happy that by gaining 'A' grade from the NAAC in the year 2016, Acharya Nagarjuna University is offering educational opportunities at the UG, PG levels apart from research degrees to students from over 443 affiliated colleges spread over the two districts of Guntur and Prakasam.

The University has also started the Centre for Distance Education in 2003-04 with the aim of taking higher education to the door step of all the sectors of the society. The centre will be a great help to those who cannot join in colleges, those who cannot afford the exorbitant fees as regular students, and even to housewives desirous of pursuing higher studies. Acharya Nagarjuna University has started offering B.A., and B.Com courses at the Degree level and M.A., M.Com., M.Sc., M.B.A., and L.L.M., courses at the PG level from the academic year 2003-2004 onwards.

To facilitate easier understanding by students studying through the distance mode, these self-instruction materials have been prepared by eminent and experienced teachers. The lessons have been drafted with great care and expertise in the stipulated time by these teachers. Constructive ideas and scholarly suggestions are welcome from students and teachers involved respectively. Such ideas will be incorporated for the greater efficacy of this distance mode of education. For clarification of doubts and feedback, weekly classes and contact classes will be arranged at the UG and PG levels respectively.

It is my aim that students getting higher education through the Centre for Distance Education should improve their qualification, have better employment opportunities and in turn be part of country's progress. It is my fond desire that in the years to come, the Centre for Distance Education will go from strength to strength in the form of new courses and by catering to larger number of people. My congratulations to all the Directors, Academic Coordinators, Editors and Lesson-writers of the Centre who have helped in these endeavours.

Prof. P. Raja Sekhar
Vice-Chancellor
Acharya Nagarjuna University

॥ श्रीः ॥

काव्यप्रकाशः

'रहस्यबोधिनी'-हिन्दीव्याख्याविभूषितः

प्रथम उल्लासः

(मङ्गलम्)

ग्रन्थारम्भे विघ्नविघाताय समुचितेष्टदेवतां ग्रन्थकृत् परामृशति—

रहस्यबोधिनी

महामहोपाध्याय परम-माहेश्वर मम्मट भट्ट स्वनिर्मित कारिकाओं की व्याख्या करने की इच्छा से मङ्गलाचरण की अवतरणिका उपस्थित करते हैं—'ग्रन्थे'ति। सम्बन्ध और प्रयोजन के ज्ञान से आहित शुश्रूषाजन्यश्रुतिविषय-शब्द-सन्दर्भ को 'ग्रन्थ' कहते हैं, 'सम्बन्ध-प्रयोजनज्ञानाहितशुश्रूषाजन्यश्रुतिविषयशब्दसन्दर्भो ग्रन्थः'। और वाच्य - वाचकत्वरूप सम्बन्ध माना जाता है। शीघ्र विघ्न-विघात-सामार्थ्य-प्रतिपत्तिरूप प्रयोजनवती लक्षणा से तत्प्राक्काल अर्थ को 'आरम्भ' शब्द से समझना चाहिए। 'विघ्नविघाताये'ति। 'प्रतिबन्धक अदृष्टविशेष' को विघ्न कहते हैं, उसका विघात अर्थात् विशेष ध्वंस, तदर्थ समुचित अर्थात् प्रतिपाद्य विषय के अनुरूप अपने मनोनुकूल कविभारती रूप इष्ट देवता का ग्रन्थकार मम्मटाचार्य 'परामृशति' स्मरण करते हैं, अर्थात् अपने इष्ट देवता की स्तुति करते हैं। तथा च 'ग्रन्थारम्भप्राक्कालिक-विघ्नविघातफलकसमुचितेष्टदेवताकर्मकग्रन्थकृदभिन्नमम्मटकर्तृकवर्तमानकालिकपरामर्शानुकूलोव्यापारः' इस प्रकार से अवतरणिकावाक्य का शाब्द-बोध किया जाता है।

विशेष विवरण—श्रीमम्मटभट्ट ने स्वनिर्मित कारिकाओं की व्याख्या स्वयं की है।

ग्रन्थ का लक्षणः—

रहस्यबोधिनी में बताये हुए ग्रन्थलक्षण के अतिरिक्त एक अन्य लक्षण भी सुना जाता है **'पञ्चाङ्गकम् वाक्यं ग्रन्थः'**—अवयव-पञ्चक से युक्त वाक्य को ग्रन्थ कहते हैं, इन पाँच अवयवों को ही मीमांसक लोग 'अधिकरण' शब्द से कहते हैं।

नियतिकृतनियमरहितां ह्लादैकमयीमनन्यपरतन्त्राम् ।
नवरसरुचिरां निर्मितिमादधती भारती कवेर्जयति ॥ १ ॥

वृत्तिः–नियतिशक्त्या नियतरूपा सुखदुःखमोहस्वभावा परमाण्वाद्युपादानकर्मादिसहकारिकारणपरतन्त्रा षड्रसा, न च हृद्यैव तैः, तादृशी ब्रह्मणो निर्मितिर्निर्माणम् । एतद्विलक्षणा तु कविवाङ्निर्मितिः । अत एव जयति, जयतीत्यर्थेन च नमस्कार आक्षिप्यत इति तां प्रत्यस्मि प्रणत इति लभ्यते ॥१॥

भारतीय परम्परा के अनुसार कार्य प्रारम्भ के पूर्व मङ्गलाचरण के द्वारा परमेश्वर का स्मरण किया जाता है । उससे निर्विघ्नतापूर्वक कार्य की समाप्ति हुआ करती है । अतः मङ्गलाचरण का एक मुख्य प्रयोजन विघ्नविघात भी है । ग्रन्थकार **'काव्यप्रकाश'** नामक ग्रन्थरचना का कार्य आरम्भ कर रहे हैं, उसके निर्विघ्न समाप्ति हेतु वाङ्मय की अधीश्वरी कविभारती का इष्ट देवता के रूप में स्मरण करना उचित समझते हैं । उनका विश्वास है कि ब्रह्मदेव के **जगन्निर्माण** की अपेक्षया **कविवाङ्निर्माण** उत्कृष्टतर है । इसी आशय को मङ्गलाचरण के द्वारा वे बता रहे हैं--**'नियतिकृतेति'** ।

(१) नियति के द्वारा उत्पन्न किय गये बन्धनों से रहित, केवल आह्लादमय, अपने से अतिरिक्त अन्य किसी का भी अवलम्बन न करने वाली और नवरसों के कारण आकर्षक लगने वाली तथा सृष्टि का निर्माण करने वाली **कविभारती** (कविवाणी) अर्थात् कवि की सरस्वती विजय को प्राप्त होती हैं (उत्कृष्ट रहती हैं) ।

ग्रन्थकार स्वयं ब्रह्मदेव की सृष्टि के स्वरूप का विवरण करते हुए अपनी मङ्गलाचरणकारिका की व्याख्या करते हैं—**'नियतिशक्त्येति'** ।

ब्रह्मदेव की सृष्टि **'अदृष्ट'** अथवा **असाधारण धर्म रूप 'नियति'** की शक्ति से जकड़ी रहती है । उसका स्वरूप **सुख-दुःख** और **मोह** से पूर्ण रहता है । वह **'परमाणु'** आदि उपादान कारण तथा **'कर्म'** आदि सहकारी कारणों के पराधीन रहती है । और वह छः रसों से युक्त होती है । तथापि उसकी हृदयङ्गमता अर्थात् मनोरमता निश्चित नहीं रहती, किन्तु **कवि की वाक्सृष्टि ब्रह्मदेव की सृष्टि** से भिन्न-स्वरूप की रहती हैं, इसीलिए वह विजय को प्राप्त होती है, अर्थात् श्रेष्ठ समझी जाती है । यहाँ **'जयति'** पद के अर्थ से नमस्कार अभिव्यञ्जित होता है अर्थात् 'उसे मैं प्रणाम करता हूँ'--यह अभिप्राय प्रकट होता है ॥ १ ॥

विशेष विवरण—अनुबन्ध-चतुष्टय—

प्रथम कारिका के द्वारा मङ्गलाचरण करने के पश्चात् प्रस्तुत ग्रन्थ के **विषय, प्रयोजन** आदि अनुबन्धचतुष्टय का निरूपण कर्त्तव्य होता है । मनुष्य की प्रवृत्ति

(विषय-प्रयोजने)

इहाभिधेयं सप्रयोजनमित्याह—

काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये ।
सद्यः परनिर्वृतये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे ॥ २ ॥

वृत्तिः—कालिदासादीनामिव यशः । श्रीहर्षादेर्धावकादीनामिव धनम् ।

तभी हो पाती है कि जब उसे **इष्ट-साधनता** और **कृति-साध्यता** का ज्ञान रहता है। अर्थात् यह काम मेरे लिए हितकर है और मैं इस काम को अच्छी तरह कर सकता हूँ। ऐसा समझने पर ही मनुष्य उस कार्य में प्रवृत्त होता है, अन्यथा नहीं। **'इदं मत् इष्टसाधनम्'** इस ज्ञान में **'इदं'** शब्द से **विषय**, **'इष्ट'** शब्द से **प्रयोजन**, **'साधनम्'** शब्द से **सम्बन्ध** और **'मत्'** शब्द से **अधिकारी** का ज्ञान होता है। इन चारों का ज्ञान ही मनुष्य को किसी कार्य में प्रवृत्त कराता है। अतएव **'प्रवृत्ति-प्रयोजकज्ञानविषयत्वम् अनुबन्धत्वम्'** यह **'अनुबन्ध'** का लक्षण विद्वानों ने किया है। इससे स्पष्ट है कि **विषय, सम्बन्ध, प्रयोजन और अधिकारी** इन चारों को **'अनुबन्ध'** शब्द से कहा जाता है। प्रत्येक ग्रन्थ के आरम्भ में उक्त चारों अनुबन्धों का निरूपण करना ग्रन्थकार के लिए आवश्यक माना गया है। उक्त चार अनुबन्धों में से **विषय** तथा **प्रयोजन** ये दो अनुबन्ध मुख्य होते हैं। इसलिए इनका शब्द से निरूपण करना आवश्यक है। अवशिष्ट, **अधिकारी** तथा **सम्बन्ध** ये दो अनुबन्ध पूर्वोक्त दो अनुबन्धों की अपेक्षा गौण हैं। इनका ज्ञान, बिना शब्द के भी अर्थतः हो सकता है ॥ १ ॥

इसी अभिप्राय से परम-माहेश्वर मम्मटभट्ट ने अग्रिम कारिका में **विषय और प्रयोजन** का प्रतिपादन किया है।

विषय और प्रयोजन—

इस ग्रन्थ में प्रतिपादन किया जाने वाला **'विषय'** अभिधेय है। वह सप्रयोजन है, अर्थात् **काव्य का लक्षण, उसके भेद, गुण, दोष, अलंकार** ये सब इस ग्रन्थ के विषय हैं और ये ही काव्य के प्रयोजन की सिद्धि में प्रधान साधन हैं। इसलिए अब काव्य के प्रयोजनों को बताते हैं—

(२) काव्य का निर्माण **'यश'** के लिए, **'अर्थ (धन) प्राप्ति'** के लिए, **'लोकव्यवहार के ज्ञान'** के लिये, **'अनिष्ट (अकल्याण) के विनाश के लिये,** और **'तत्क्षण (सद्यः) परम आनन्द की प्राप्ति** के लिए' तथा **स्त्री के समान** रस भरे शब्दों से उचित **उपदेश** (कर्त्तव्य तथा अकर्त्तव्य का उपदेश) के लिये होता है ॥२॥

काव्य रचना (निर्माण) से कवि को कालिदास आदि महाकवि के समान

राजादिगतोचिताचारपरिज्ञानम्। आदित्यादेर्मयूरादीनामिवानर्थनिवारणम्। सकलप्रयोजनमौलिभूत समनन्तरमेव रसास्वादनसमुद्भूत विगलितवेद्यान्तरानन्दं प्रभुसम्मितशब्दप्रधानवेदादिशास्त्रेभ्यः सुहृत्सम्मितार्थतात्पर्यवत्पुराणादीतिहासेभ्यश्च शब्दार्थयोर्गुणभावेन रसाङ्गभूतव्यापारप्रवणतया विलक्षणं यत्काव्यं लोकोत्तरवर्णनानिपुणकविकर्म, तत् कान्तेव सरसतापादनेनाभिमुखीकृत्य रामादिवद्वर्तितव्यं न रावणादिवदित्युपदेशं च यथायोगं कवेः सहृदयस्य च करोतीति सर्वथा तत्र यतनीयम्॥ २॥

एवमस्य प्रयोजनमुक्त्वा कारणमाह—

(काव्य-हेतुः)

शक्तिर्निपुणता लोकशास्त्रकाव्याद्यवेक्षणात्।
काव्यज्ञशिक्षयाऽभ्यास इति हेतुस्तदुद्भवे॥ ३॥

(१) **यश** की प्राप्ति, रत्नावली नाटिका के निर्माता राजा श्री हर्ष से धावक आदि विद्वानों के समान (२) **धन** की प्राप्ति होती है। यह काव्य ही (३) राजा आदि के साथ किये जाने वाले **उचितव्यवहार का ज्ञान** कराता है एवम् (४) सूर्य आदि ईश्वर की स्तुति से मयूर कवि के कुष्ट रोग निवारण के समान **अनर्थ का निवारण** करता है और समस्त प्रयोजनों में प्रधानभूत काव्य-पाठ या श्रवण से तत्काल ही समुत्पन्न हुए रसास्वाद से अन्यान्य विषयों के ज्ञान से रहित (५) **परम आनन्द की अनुभूति** कराता है। तथा राजाज्ञा के समान शब्द-प्रधान वेदादि शास्त्रों से विलक्षण, एवम् अर्थप्रधान पुराण, इतिहास आदि से भी विलक्षण, और शब्द तथा अर्थ दोनों के अप्रधान रहने से रस के साधक व्यञ्जना-व्यापार की प्रधानता के द्वारा लोकोत्तर वर्णन शैली में जो निपुण-कविकर्मरूप काव्य है, वह (६) स्त्री के समान बड़ी सरसता के साथ **राम** आदि के तुल्य आचरण करना चाहिए, **रावण** आदि के तुल्य नहीं। इस प्रकार कवि तथा सहृदय पाठक आदि दोनों को यथोचित उपदेश करता है। इसलिए **काव्यनिर्माण** तथा **उसके अध्ययन** में अवश्य प्रयत्न करना चाहिए॥ २॥

काव्यनिर्माण में कारण

इस प्रकार **'काव्य'** का **प्रयोजन** बताने के बाद स्वयं ग्रन्थकार ही काव्य निर्माण में कारणभूत तत्वों को बता रहे हैं—

(३) काव्य के निर्माण करने में कवि की स्वाभाविक प्रतिभारूप **'शक्ति'**, **लोक व्यवहार**, **शास्त्र** और **काव्य** आदि के अवलोकन से प्राप्त होने वाली **कुशलता**,

वृत्तिः—शक्तिः (कवित्वबीजरूपः संस्कारविशेषः, यां विना काव्यं न प्रसरेत्, प्रसृतं वा उपहसनीयं स्यात्) लोकस्य स्थावरजङ्गमात्मकलोकवृत्तस्य, शास्त्राणां छन्दोव्याकरणाभिधानकोशकलाचतुर्वर्गगजतुरगखड्गादिलक्षण-ग्रन्थानां, काव्यानां च महाकविसम्बन्धिनाम्, आदिग्रहणादितिहासादीनां च विमर्शनाद्व्युत्पत्तिः. काव्यं कर्तुं विचारयितुं च ये जानन्ति तदुपदेशेन करणे योजने च पौनः पुन्येन प्रवृत्तिरिति त्रयः समुदिता न तु व्यस्तास्तस्य काव्य-स्योद्भवे निर्माणे समुल्लासे च हेतुर्न तु हेतवः ॥ ३ ॥

काव्यनिर्माण तथा काव्य की आलोचना करने की पद्धति को जानने वाले गुरु से प्राप्त की हुई **शिक्षा** के अनुसार किया जाने वाला **अभ्यास**, ये तीनों सामूहिकरूप से उस काव्य के निर्माण में हेतु (कारण) हैं ॥ ३ ॥

(१) कवित्व के बीजभूत संस्कार विशेष को 'शक्ति' (प्रतिभा) कहते हैं, जिस 'शक्ति' (प्रतिभा) के बिना काव्य बनता (निर्माण) ही नहीं है, यदि कदाचित् तुकबन्दी के रूप में बन भी जाय, तो वह उपहास के योग्य हो जाता है ।

(२) **लोक** अर्थात् चर-अचर (जंगम-स्थावर) सृष्टि के व्यवहार (लोकवृत्त), और **शास्त्र** अर्थात् **छन्दःशास्त्र** तथा **व्याकरण, अभिधान** अर्थात् संज्ञा-शब्दों के कोश (अमरकोषादि), **कला** अर्थात् भरत, कोहल, मतंग आदि के विरचित नृत्य-गीत आदि चौसठ प्रकार की कलाओं के प्रतिपादक लक्षण ग्रन्थ, **चतुर्वर्ग** अर्थात् धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के प्रतिपादक ग्रन्थ, गज (हाथी), तुरग (अश्व = घोड़ा) आदि पशुओं के लक्षण-प्रतिपादक शालिहोत्रादि ग्रन्थ, तथा खड्गादि लक्षणग्रन्थों और महाकवि-संबन्धी अर्थात् महाकवियों द्वारा विरचित काव्यों के, 'आदि' शब्द के ग्रहण से इतिहासादि के पर्यालोचन से होने वाली **व्युत्पत्ति** (कुशलता), तथा—

(३) जो लोग काव्य की रचना और उसकी विवेचना करना जानते हैं, उनकी सूचनाओं (उपदेशों) के अनुसार स्वयं नवीन कविता (श्लोक आदि) के रचने में और उसी में पद योजना के सम्बन्ध में पुनः पुनः **प्रवृत्ति** अर्थात्—**अभ्यास**—ये तीनों **समष्टि** (समूह) के रूप में, पृथक्-पृथक् (अलग-अलग) नहीं, उस काव्य के उद्भव अर्थात् निर्माण और उसको उत्कृष्ट बनाने में हेतु (कारण) है अर्थात् तीनों तत्त्वों की समष्टि (समूह) काव्यनिर्माण में तथा उसकी उत्कृष्टता में हेतु है । ये तीनों स्वतन्त्र रूप से पृथक्-पृथक् कारण नहीं हैं ॥ ३ ॥

(काव्यलक्षणम्)

एवमस्य कारणमुक्त्वा स्वरूपमाह—

(सू० १) तददोषौ शब्दार्थौ सगुणा-
वनलङ्कृती पुनः क्वापि ॥

वृत्तिः—दोषगुणालङ्कारा वक्ष्यन्ते। क्वापीत्यनेनैतदाह, यत्सर्वत्र सालङ्कारौ, क्वचित्तु स्फुटालङ्कारविरहेऽपि न काव्यत्वहानिः। यथा—

यः कौमारहरः स एव हि वरस्ता एव चैत्रक्षपा-
स्ते चोन्मीलितमालतीसुरभयः प्रौढाः कदम्बानिलाः।
सा चैवास्मि तथापि तत्र सुरतव्यापारलीलाविधौ
रेवारोधसि वेतसीतरुतले चेतः समुत्कण्ठते ॥ १ ॥

अत्र स्फुटो न कश्चिदलङ्कारः। रसस्य च प्राधान्यान्नालङ्कारता।

काव्य का लक्षण

इस प्रकार काव्य निर्माण का हेतु बताकर उसके स्वरूप को बताते हैं—

(सू० १) वह (काव्य) दोषों से रहित, और गुणों के सहित तथा साधारणतया अलंकारसहित किन्तु कहीं-कहीं अलंकाररहित भी शब्द और अर्थ (दोनों के समूह) काव्य कहलाते हैं।

दोष, गुण और अलंकारों को आगे चलकर क्रमशः सात, आठ, नौ और दसवें उल्लासों में कहेंगे। "अनलंकृती पुनः क्वापि" इस वाक्यांश में प्रयुक्त 'क्वापि' अर्थात् 'क्वचित्' पद से ग्रन्थकार यह बताना चाहते हैं कि काव्य में 'शब्द' और 'अर्थ' सर्वत्र अलंकारों से विभूषित ही रहते हैं। किन्तु क्वचित् अलंकार के प्रकट न हो सकने पर भी काव्यत्व की हानि नहीं होती है।

जैसे—स्फुटालंकारविरहविशिष्ट काव्य का उदाहरण—'मेरी कौमार अवस्था का जिसने अपहरण किया वही प्रियतम पति अब भी है और चैत्र मास की चन्द्रिका-पूर्ण वे ही रात्रियाँ हैं, विकसित हुई मालती की सुगन्ध से पूर्ण और धूलिकदम्ब की कामोत्तेजक (उन्मादक) पवन भी वही बह रही है तथा मैं भी वही हूँ। (सभी सामग्री पुरानी हैं और दीर्घकाल तक उपभुक्त होने से उसके प्रति उत्सुकता के होने का कोई अवसर भी नहीं है) फिर भी न जाने क्यों आज वहाँ नर्मदा के तट पर उस बेंत की लता से वेष्टित वृक्ष के नीचे (जहाँ कितनी ही बार अपने प्रियतम के साथ सम्भोग कर चुकी हूँ) उसी काम-क्रीड़ा के विलासों के लिए मेरा मन उत्कण्ठित हो रहा है ॥ १ ॥

इस काव्य में अलंकार की स्पष्टता नहीं है और रस की प्रधानता होने के

तद्भेदान् क्रमेणाह—

(उत्तमकाव्यम्)

(सू० २) इदमुत्तममतिशायिनि व्यङ्ग्ये-
वाच्याद् ध्वनिर्बुधैः कथितः ॥ ४ ॥

वृत्तिः—इदमिति काव्यम् बुधैर्वैयाकरणैः प्रधानभूतस्फोटरूपव्यङ्ग्य-

---

कारण उस (रस) को **'रसवत् अलंकार'** के रूप में भी नहीं कह सकते, क्योंकि **'रसवत् अलंकार'** रस के प्रधान न रहने पर ही होता है। इस काव्य की रचना **'शार्दूल विक्रीडित'** छन्द में की गयी है।

विशेष विवरण—इस काव्य में यद्यपि 'हरो' 'वरः' इत्यादि **'अनुप्रास'** की स्पष्टता रहने पर भी प्रकृत शृङ्गार रस के प्रतिकूल वर्ण होने से उसे अलङ्कार के रूप में नहीं गिना जा सकता है। एवं 'कारण' के न रहने पर भी 'कार्योत्पत्तिकथनरूप **विभावना'** का लक्षण यहाँ घटित होने से **'विभावनालंकार'** की स्पष्टता और कारण के रहने पर भी कार्याभाव के कथनरूप **'विशेषोक्ति'** अलंकार का लक्षण घटित होने से **'विशेषोक्ति'** अलंकार की स्पष्टता यद्यपि यहाँ प्रतीत होती है, तथापि **अभाव** बोधक **'नञ्'** आदि शब्दों के उपादान करने पर ही उक्त दो अलंकारों की स्पष्टता स्वीकार की गयी है, आर्थिक प्रतीति पर नहीं। अतः दोनों में से किसी भी अलंकार की स्पष्टता (स्फुटता) न हो सकने से इस काव्य को **अस्फुट अलंकार का** उदाहरण कहा गया है। यदि यह कहें कि यहाँ पर विप्रलम्भ शृङ्गार रस की स्फुटता रहने से **रसवदलंकार** स्फुट हो रहा है। किन्तु यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि **'रस की अप्रधानता'** होने पर ही **'रसवदलंकार'** होता है। पञ्चम उल्लास में **'रसवदलंकार'** का उदाहरण **'अयं स रशनोत्कर्षी'** दिया जायेगा ॥ १ ॥

काव्य के प्रयोजन, काव्यनिर्माण का हेतु (साधन) तथा काव्य का लक्षण बताने के पश्चात् अब अवसर प्राप्त काव्य के भेदों को कहते हैं—

उत्तम काव्य

(सू. २) **'वाच्य'** अर्थ की अपेक्षा **व्यङ्ग्य अर्थ**, जहाँ अधिक चमत्कारपूर्ण (रंजक) हो, वह काव्य **'उत्तम'** है, विद्वानों ने उस काव्य को **'ध्वनि'** (ध्वनि-काव्य) कहा है ॥ ४ ॥

सूत्र में प्रयुक्त **'इदम्'**-पद **'काव्य'** का ज्ञापक है अर्थात् **'यह काव्य'**। उपर्युक्त सूत्र का अर्थ संस्कृत में इस प्रकार होगा—**'वाच्याद्'** अभिधावृत्ति-प्रतिपाद्यादर्थाद् **व्यङ्ग्ये** व्यञ्जनावृत्तिप्रतिपाद्येऽर्थे **अतिशायिनि** अतिचमत्कारजनके सति

व्यञ्जकस्य शब्दस्य ध्वनिरिति व्यवहारः कृतः। ततस्तन्मतानुसारिभिरन्यैरपि **न्यग्भावितवाच्यव्यङ्ग्यव्यञ्जनक्षमस्य शब्दार्थयुगलस्य।**

इदम् एतत् काव्यं **बुधैः** पण्डितैः उत्तमं काव्यं कथितं स्वीकृतम्, तदेव बुधैः ध्वनिपण्डितैः **ध्वनिः कथितः** ध्वनिरित्युच्यते ॥ २ ॥

'बुधैः' वैयाकरणों ने मुख्य (प्रधान) **'स्फोट'** (स्फुटयतिप्रकाशयति अर्थम् इति स्फोटः—जो अर्थ को प्रकाशित करता है उसे 'स्फोट' कहते हैं) रूप जो व्यङ्ग्य अर्थ है उसकी अभिव्यक्ति करने वाले शब्द को 'ध्वनि' कहा है। उन वैयाकरणों के मत का अनुसरण करने वाले (आनन्दवर्धन आदि) अन्य विद्वानों ने भी **वाच्यार्थ** को **गौण** (अप्रधान, अमुख्य) बना देने वाले और **व्यङ्ग्यार्थ** की अभिव्यक्ति करने में सशक्त (समर्थ) रहने वाले शब्द तथा अर्थ दोनों की जोड़ी (दोनों के लिये) के लिये भी अर्थात् शब्दार्थ युगलरूप उत्तम काव्य के लिये भी वही 'ध्वनि' संज्ञा दी है। अर्थात् **वैयाकरणों** के उक्त व्यवहार को ध्यान में रखकर **आलंकारिकों** ने भी वाच्यार्थ को अभिभूत करने में सशक्त रहने वाला जो व्यङ्ग्य अर्थ उसके अभिव्यञ्जक **'शब्द'** तथा **'अर्थ'** के लिए **'ध्वनि'** शब्द का प्रयोग करना आरम्भ कर दिया।

आलंकारिकों की ध्वनि संज्ञा का मूल आधार—'ध्वनि' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग **वैयाकरणों** ने किया था। उसी को 'आनन्दवर्धन' आदि **ध्वनिवादी** आलंकारिक आचार्यों ने अपना लिया। कारण यह था कि व्याकरण के अनुसार प्रधानभूत 'स्फोट' की अभिव्यक्ति शब्द से होती है, इसलिए **स्फोट के अभिव्यञ्जक शब्द को 'ध्वनि' शब्द से कहा जाता है।**

स्फोटवाद—

वैयाकरणों का मुख्य सिद्धान्त **'स्फोटवाद'** है। **'स्फुटति अर्थः यस्मात् सः स्फोटः'** जिससे अर्थ प्रकाशित होता है उसे **'स्फोट'** कहते हैं। यह **'स्फोट'** आठ प्रकार का होता है। उनमें से पदार्थ की प्रतीति **पदस्फोट** से और वाक्यार्थ की प्रतीति **वाक्यस्फोट** से होती है। गकार, औकार, विसर्ग के योग से निष्पन्न हुआ **'गौः'** पद गाय का ज्ञान कराता है। **'गौः'** यह पद, सुनाई देने वाली **'ध्वनि'** नहीं है किन्तु उससे अभिव्यक्त एक **मानस स्फोट** है। क्योंकि कर्णगोचर होने वाली **'ध्वनि'** तो क्षणिक है। एक **'ध्वनि'** के उच्चारण के बाद जबतक दूसरी **'ध्वनि'** का उच्चारण किया जाता है तब तक पहला **'ध्वनि'** (वर्ण) नष्ट हो जाता है। इस कारण अनेक वर्णों के समुदायरूप पद की स्थिति एक साथ नहीं हो सकती। उसी प्रकार नानापदों के समुदायरूप वाक्य की भी एक साथ उपस्थिति नहीं हो सकती। ऐसी स्थिति में पदार्थ अथवा **वाक्यार्थ** की प्रतीति कराने के लिए **वैयाकरणों** ने स्फोटसिद्धान्त की कल्पना की है। वैयाकरणों का कथन है कि

यथा—

निश्शेषच्युतचन्दनं स्तनतटं निर्मृष्टरागोऽधरो
नेत्रे दूरमनञ्जने पुलकिता तन्वी तवेयं तनुः ।

वर्णोच्चारण के समय पूर्व-पूर्व वर्ण के अनुभव से संस्कार उत्पन्न होता है। उस संस्कार के सहित अन्तिम वर्ण के श्रवण से तिरोभूत हुए वर्णों को ग्रहण करने वाली 'एक पद' की प्रतीति मन में उत्पन्न होती है, उसी को 'पदस्फोट' शब्द से कहा गया है। इसी 'पदस्फोट' के द्वारा पदार्थ की प्रतीति होती है, कान से सुने गये शब्द या ध्वनि से नहीं। क्योंकि उस समय तो अनेक वर्णों के समुदायरूप पद की निष्पत्ति होना असम्भव ही है। इसी प्रकार पूर्व-पूर्व पद के अनुभव से उत्पन्न होने वाले संस्कारों के सहित अंतिम पद के श्रवण से अविद्यमान पदों को भी ग्रहण करने वाली 'एक वाक्य' की प्रतीति मन में होती है। उसी को वैयाकरणों ने 'वाक्य-स्फोट' नाम दिया है। इसी से वाक्यार्थ की प्रतीति होती है।

वैयाकरणों के उक्त स्फोटवाद का समर्थन नैयायिक विद्वान् नहीं करते, क्योंकि नैयायिकों के मत में 'शब्द' अनित्य है और 'स्फोट' को स्वीकार करने में कोई प्रमाण नहीं है। किन्तु वैयाकरण 'स्फोट' को नित्य कहते हैं और उसी के आधार पर शब्द को नित्य मानते हैं। नैयायिक 'सत्-असत् अनेक वर्णावगाहिनी पदप्रतीति' तथा 'सत्-असत् अनेक पदावगाहिनी वाक्यप्रतीति' को मानते हैं। किन्तु वे उसे स्फोट नहीं कहते और उसे नित्य भी नहीं मानते।

इसी तरह मीमांसकों ने भी वैयाकरणों के स्फोट-सिद्धान्त का समर्थन नहीं किया है। तथापि वे शब्द को नित्य मानते हैं।

वैयाकरणों के मत में 'स्फोट' की अभिव्यक्ति श्रोत्रग्राह्य ध्वन्यात्मक शब्द से होती है। इसलिए उन्होंने 'प्रधानभूत स्फोट के अभिव्यञ्जक शब्द' को 'ध्वनि' कहा है। उसी का अनुसरण कर आनन्दवर्धनाचार्यादि आलंकारिकों ने 'प्रधान-भूत व्यङ्ग्यार्थ को अभिव्यक्त करने वाले शब्द तथा अर्थ' के लिए ध्वनि शब्द का प्रयोग किया है।

ध्वनिकाव्य का उदाहरण—

जैसे—

तुम्हारे स्तन के अग्रभाग का चन्दन सम्पूर्णतया (बिल्कुल) मिट गया है। (यदि स्नान करने से यह चन्दन मिटा होता तो केवल अग्रभाग का ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण स्तन पर से मिट जाता। किन्तु ऊपर उभरे हुए अग्रभाग पर से ही यह चन्दन मिटा हुआ है, इसलिए यह निश्चित ही है कि वह परपुरुष के आलिङ्गन से ही मिटा

मिथ्यावादिनि दूति बान्धवजनस्याज्ञातपीडागमे !
वापीं स्नातुमितो गताऽसि न पुनस्तस्याधमस्यान्तिकम् ॥ २ ॥

(मध्यमकाव्यम्)

वृत्तिः—अत्र तदन्तिकमेव रन्तुं गताऽसीति प्राधान्येनाऽधमपदेन व्यज्यते ॥ ४ ॥

हुआ है ।) अधर की रक्तिमा (राग) बिल्कुल छूट गयी है, आँखों का काजल बिल्कुल ही पुछ गया है और तुम्हारी यह कृश तनु (शरीर) रोमाञ्चयुक्त हो रही है । अपनी बान्धवरूप सहेली की पीड़ा को न समझने वाली और मिथ्याभाषण करने वाली अरे दूती ! तू यहाँ से बावली पर स्नान करने के लिए गयी थी, उस अधम (नायक) के समीप नहीं न गयी ॥ २ ॥

यह सब कहने वाली विदग्ध उत्तम नायिका है । वह अच्छी तरह से जान रही है कि यह दूती, नायक के साथ सम्भोग करके आयी है और जिससे यह सब कहा जा रहा है वह तो जानती ही है । इसलिए वक्ता तथा बोद्धा के वैशिष्ट्य से यह कहा जा रहा है कि 'तू उसी के पास गयी थी और रमण करने के लिए ही गयी थी', यह बात विशेषतया 'अधम' पद से अभिव्यक्त हो रही है । इसमें वाच्यार्थ की अपेक्षा व्यङ्ग्यार्थ में अधिक चमत्कार है इसलिए उक्त काव्य को उत्तम काव्य या ध्वनिकाव्य के उदाहरण में उपस्थित किया गया है ।

विशेष विवरण—इसमें (दूती से) विदग्ध उत्तम नायिका स्नान से होने वाले कार्यों को प्रकाशित करने के बहाने उसके सम्भोग को अभिव्यक्त कर रही है । 'मिथ्यावादिनि' सम्बोधन देकर उस नायक के पास बिना गयी ही 'मैं उसके पास जाकर और विविध प्रकार से उसे मनाने पर भी वह नहीं आया' इस प्रकार झूठे ही बता रही हो, यह व्यञ्जित किया गया है । 'अज्ञातपीड़ागमे' सम्बोधन से 'स्वार्थपरायणता' व्यक्त की गयी है । 'दूति' सम्बोधन देकर उसकी 'मिथ्याभाषण-शीलता' व्यक्त की गयी है, इसीलिए नायिका ने उसे 'सखि' पद से सम्बोधित नहीं किया है क्योंकि वह नायिका की प्रतारणा कर रही है । 'स्तनतटं' पद से स्तन के प्रान्तभाग (तट) पर मर्दन अधिक किये जाने से उस पर से चन्दन पुछ गया है, क्योंकि अन्यत्र नायक के हाथ का स्पर्श न होने से वहाँ का चन्दन यथास्थित बना हुआ है, यह बात सूचित की गयी है । 'अधर' पद से कामशास्त्र में अधरोष्ठ का ही चुम्बन करना कहा गया है । इसलिए अधरोष्ठ की ही रक्तिमा दूर हुई है, यह बताया गया है । 'दूरमनञ्जने' इससे प्रान्त भाग में ही नेत्रचुम्बन का विधान कामशास्त्र ने बताया है, इस कारण प्रान्त भाग की ही अञ्जनशून्यता हुई है, यह

(सू० ३) अतादृशि गुणीभूतव्यङ्ग्यं व्यङ्ग्ये तु मध्यमम् ।

वृत्तिः—अतादृशि वाच्यादनतिशायिनि । यथा—

ग्रामतरुणं तरुण्या नववञ्जुलमञ्जरीसनाथकरम् ।
पश्यन्त्या भवति मुहुर्नितरां मलिना मुखच्छाया ॥ ३ ॥

बताया गया है, इन सब में प्रधानतया व्यञ्जक **'अधम'** पद ही है । क्योंकि 'अन्य नायिकासम्भोग' **विप्रलम्भ** का उद्दीपक होने से वाच्यार्थ की अपेक्षा उसमें व्यंग्यार्थ अधिक चमत्कारयुक्त प्रतीत हो रहा है । यही उसमें प्रधानता है ।

काव्य भेदः २--गुणीभूतव्यङ्ग्य काव्य—

इसके पूर्व **'ध्वनि-काव्य'** का लक्षण और उदाहरण कहने के पश्चात् काव्य के **'गुणीभूतव्यङ्ग्य'** नामक द्वितीय भेद का लक्षण बताते हुए उसका उदाहरण भी बता रहे हैं—

मध्यमकाव्य

(सू० ३)—'व्यङ्ग्यार्थ' वैसा न होने पर अर्थात् वाच्यार्थ की अपेक्षा अधिक चमत्कारपूर्ण न होने पर **'गुणीभूतव्यङ्ग्य'** नामक दूसरे प्रकार का काव्य होता है, जिसे **'मध्यम काव्य'** कहते हैं ।

'अतादृशि' का अर्थ, वाच्य की अपेक्षा व्यङ्ग्यार्थ के अधिक उत्तम न होने पर'--किया गया है । इसी स्थिति में **'गुणीभूत व्यङ्ग्य** काव्य होता है । जैसे--

अशोक वृक्ष की ताजी तोड़ी हुई मञ्जरी को हाथ में लिए हुए ग्राम के नवीन तरुण नायक को देख-देखकर तरुणी के मुख की कान्ति मलिन होती जा रही है ॥ ३ ॥

'यहाँ अशोक अथवा वेतस् के लतागृह में ग्रामतरुण के साथ मिलने और स्वयं संकेत देकर भी गृहकार्य में लगे रहने के कारण निकलने का समय न मिलने से तरुणी नायिका निश्चित समय पर वहाँ नहीं जा पाई, किन्तु ग्रामतरुण समय पर पहुँच गया । उसे देखकर तरुणी की मुखकान्ति मलिन हो रही है ।'

यहां व्यङ्ग्यार्थ की अपेक्षा वाच्यार्थ अधिक चमत्कारी प्रतीत हो रहा है । उस कारण यहां व्यङ्ग्यार्थ गुणीभूत हो गया है । इसलिये यह **गुणीभूत व्यङ्ग्यार्थ-नामक मध्यम काव्य** का उदाहरण है ॥ ३ ॥

विशेष विवरण--'ग्रामतरुण' पद से यह व्यक्त किया गया है कि ग्राम में एक ही तरुण है । अनेक युवतियों के द्वारा चाहे जाने के कारण उससे पुनर्मिलन होना बड़ा कठिन है । इसलिए पश्चात्ताप की अधिकता व्यक्त हो रही है । 'तरुणं तरुण्या' पद से

वृत्ति—अत्र वञ्जुललतागृहे दत्तसंकेता नागतेति व्यङ्ग्यं गुणीभूतं, तदपेक्षया वाच्यस्यैव चमत्कारित्वात् ॥

(अधमकाव्यम्)

(सू० ४) शब्दचित्रं वाच्यचित्रमव्यङ्ग्यं त्ववरं स्मृतम् ॥५॥

वृत्तिः—चित्रमिति गुणालङ्कारयुक्तम् । अव्यङ्ग्यमिति स्फुटप्रतीयमानार्थरहितम् । अवरमधमम् ।

दोनों के तरुण रहने के कारण परस्परानुराग का उत्कर्ष अभिव्यक्त किया गया है। इस 'मध्यम' काव्य में वाच्यार्थ की अपेक्षा व्यङ्ग्यार्थ की अनतिशायिता (अधिक चमत्कारक न होना) दो प्रकार से होती है। (१)—वाच्य और व्यङ्ग्य दोनों अर्थ जहाँ तुल्य हों, और (२)—वाच्यार्थ की अपेक्षा व्यङ्ग्यार्थ में चमत्कार जहाँ न्यून (कम) हो। प्रस्तुत उदाहरण व्यङ्ग्यार्थ के न्यून चमत्कार का है। दोनों अर्थों की तुल्यता का उदाहरण पञ्चम उल्लास में 'ब्राह्मणातिक्रमत्यागः' से दिया जायेगा।

ग्रन्थकार के दिये उदाहरण में "वञ्जुललतागृह में स्वयं संकेत देने पर भी वह नहीं पहुंची" यह व्यङ्ग्यार्थ, गुणीभूत (गौण-अप्रधान) हो गया है, क्योंकि 'तरुणी की मुखकान्ति के मालिन्य की अधिकता रूप वाच्यार्थ' ही पूर्वोक्त व्यङ्ग्यार्थ से अधिक चमत्कारक (आस्वादजनक) है ॥ ३ ॥

काव्य-भेद-३—चित्रकाव्य (अधमकाव्य)—

इसके पूर्व काव्य के **ध्वनि** (उत्तम) तथा **गुणीभूत व्यङ्ग्य** (मध्यम) भेदों के लक्षण और उदाहरण प्रदर्शित किये गये। अब काव्य के तृतीय भेद **'चित्र-काव्य'** का लक्षण और उदाहरण दे रहे हैं—

अधम काव्य

[सू० ४]—व्यङ्ग्यार्थ से रहित **'शब्दचित्र'** और **'अर्थचित्र'** दो प्रकार का **अधमकाव्य** बताया गया है।

इस काव्य को 'गुण' तथा 'अलंकार' से युक्त होने के कारण **'चित्र'** नाम दिया गया है। उसी तरह **'अव्यङ्ग्य'** का अर्थ स्पष्टरूप से प्रतीयमान होने वाले व्यङ्ग्यार्थ से रहित किया गया है, क्योंकि 'व्यङ्ग्यार्थ-शून्य' काव्य का होना तो सम्भव ही नहीं है। अभिप्राय यह है कि जिस काव्य में व्यङ्ग्यार्थ की प्रतीति स्फुट (स्पष्ट) नहीं हो पाती उसे **अधम** काव्य कहते हैं। **'अवर'** का अर्थ **अधम**

यथा—

स्वच्छन्दोच्छलदच्छकच्छकुहरच्छातेतराम्बुच्छटा-
मूर्च्छन्मोहमहर्षिहर्षविहितस्नानाह्निकाह्लाय वः ।
भिद्यादुद्यदुदारदर्दुरदरीदीर्घादरिद्रद्रुम-
द्रोहोद्रेकमहोर्मिमेदुरमदा मन्दाकिनी मन्दताम् ॥ ४ ॥

शब्दचित्र का उदाहरण—

जैसे—

'मन्दाकिनी (गङ्गाजी) वः (तुम्हारे) मन्दताम् (पाप और अज्ञान को) अह्लाय (शीघ्र) भिद्यात् (दूर करे)'। यह उपर्युक्त उदाहरण का प्रधान वाक्य है, अवशिष्ट सभी मन्दाकिनी के विशेषण हैं।

उपर्युक्त श्लोक का भाव यह है कि गङ्गाजी तुम्हारे अज्ञान अथवा पाप को शीघ्र ही दूर करें। जो मन्दाकिनी स्वतन्त्ररूप से उछलती हुई, निर्मल (अच्छ) तट के गर्तों (कच्छ-कुहर) में अत्यन्त वेग से प्रवाहित होने वाली जो जल की धारा (छातेतराम्बुच्छटा), उससे जिनके अज्ञान का (मोह का) नाश हो गया है, ऐसे महर्षियों के द्वारा जिसमें प्रसन्नतापूर्वक सन्तोष के साथ स्नान तथा सन्ध्या-वन्दनादि आह्निक अर्थात् दैनिक कार्य किये जा रहे हैं, इस प्रकार की मन्दाकिनी तुम्हारी मन्दता (अज्ञान) को अथवा पाप को दूर करे।)

मन्दाकिनी के लिए दिये गये विशेषणों से उसकी महर्षियों के द्वारा सेवा किये जाने की योग्यता का प्रतिपादन और दूसरे तीर्थों की अपेक्षा उसका महत्त्व प्रदर्शित किया गया है। इसके आगे अन्य नदियों से उसकी श्रेष्ठता बता रहे हैं—

'जिनमें बड़े-बड़े मेढक दिखलाई पड़ रहे हैं, ऐसी कन्दराओं से युक्त (उद्यन्तः प्रकाशमानाः उदाराः महान्तः दर्दुराः भेकाः यासु एवं विधाः दर्यः कन्दराः यस्यां सा) और दीर्घकाय तथा अदरिद्र अर्थात् बड़े ऊँचे एवं शाखा-पत्र-पुष्प आदि से लदे हुए जो वृक्ष उनके गिराने (द्रोह) के कारण ऊपर उठने वाली बड़ी-बड़ी लहरों से अत्यन्त गर्व का अनुभव करने वाली (मेदुरमदा) गङ्गाजी तुम्हारे पाप अथवा अज्ञान आदि को शीघ्र नष्ट करें ॥ ४ ॥

इस काव्य में कोई व्यङ्ग्यार्थ नहीं है, केवल **छकार** का, **महर्षि-हर्ष** का, **आह्निकाह्लाय** तथा **मन्द मन्द** में 'दकार' का **शब्दालंकारअनुप्रासजन्य चमत्कार** है। इसलिए इसे चित्रकाव्य कहा गया है। यद्यपि यहाँ मन्दाकिनी विषयक 'रति' भाव और अन्य तीर्थों की अपेक्षा इसका आधिक्य वर्णन करने के कारण व्यतिरेक-

विनिर्गतं मानदमात्ममन्दिराद्ध्रुवत्युपश्रुत्य यदृच्छयाऽपि यम् ।
ससंभ्रमेन्द्रद्रुतपातितार्गला निमीलिताक्षीव भियाऽमरावती ॥ ५ ॥

इति मम्मटभट्ट-विरचिते काव्यप्रकाशे काव्यस्य प्रयोजन-कारण-स्वरूप-विशेषनिर्णयो नाम प्रथम उल्लासः ॥

अलंकार व्यङ्ग्य कहा जा सकता है तथापि कवि का तात्पर्य अनुप्रास में है। इसलिए उपर्युक्त व्यङ्ग्य अलंकार और रतिभाव तिरोहित हो जाता है। अतः यह काव्य अव्यङ्ग्य ही है ॥ ४ ॥

अर्थचित्र का उदाहरण—

'हयग्रीव वध' नाटक का यह पद्य है--शत्रुओं के अभिमान को नष्ट करने वाले जिस 'हयग्रीव' को बिना उद्देश्य के ही परिभ्रमणार्थ अपने राजभवन से निकला हुआ सुनकर भी उद्विग्न हुए देवराज इन्द्र के द्वारा जिसकी अर्गला डाल दी गयी है उस अमरावती नगरी-रूप नायिका ने भय से द्वाररूप अपनी आँखों को मानों बन्द सा कर लिया ॥ ५ ॥

इस पद्य में 'नेत्रस्थानापन्न' द्वार हैं। भय होने पर नेत्रों को मूँद लेना स्त्रियों का स्वभाव होता है। इस पद्य में वंशस्थ छन्द है, और 'निमीलिताक्षीव' यह उत्प्रेक्षालंकार है। कवि का तात्पर्य उत्प्रेक्षालंकार के प्रदर्शन में होने से यहाँ वीर रसादि के व्यङ्ग्य रहने पर भी वे तिरोहित हो जाते हैं। इसलिये यह अव्यङ्ग्य काव्य है।

प्रथम उल्लास का सारांश--

विशेष विवरण--प्रथम उल्लास में (१) मङ्गलाचरण (२) काव्य के प्रयोजन (३) काव्य के साधन (४) काव्य का लक्षण (५) काव्य के भेदों का वर्णन किया है। **मुख्य रूप से काव्य के तीन भेद दिखाये गये हैं**—(१) ध्वनिकाव्य, (२) गुणीभूत व्यङ्ग्य काव्य, (३) चित्रकाव्य। **ध्वनिकाव्य उसे कहते हैं,** जिसमें वाच्यार्थ की अपेक्षा व्यङ्ग्यार्थ अधिक चमत्कारपूर्ण हो। **गुणीभूत व्यङ्ग्य-काव्य उसे कहते हैं** जहाँ व्यङ्ग्यार्थ की अपेक्षा वाच्यार्थ अधिक अथवा उसके तुल्य चमत्कारपूर्ण रहता है और **चित्रकाव्य उसे कहते हैं** जहाँ व्यङ्ग्यार्थ की प्रतीति स्फुट न होती हो। इन तीन भेदों में से 'ध्वनिकाव्य को' 'उत्तमकाव्य', गुणीभूत व्यङ्ग्यकाव्य' को 'मध्यमकाव्य' तथा 'चित्रकाव्य' को 'अधमकाव्य'

कहा गया है। चित्रकाव्य की रचना में प्राथमिक विद्यार्थियों की प्रवृत्ति विशेषतया रहा करती है, महाकवियों की नहीं। महाकवियों की तो प्रधानतया ध्वनिकाव्य के निर्माण में ही प्रवृत्ति हुआ करती है। अतएव चित्रकाव्य को अधम या अवर काव्य कहा जाता है। यही कारण है कि आनन्दवर्धनाचार्य ने ध्वन्यालोक में "प्राथमिकानामभ्यासार्थिनां यदि परं चित्रेण व्यवहारः, प्राप्तपरिणतीनां तु ध्वनिरेव प्राधान्येन काव्यमिति स्थितमेतत्।" कहा है।

मम्मटभट्टकृत-काव्यप्रकाश की रहस्यबोधिनी व्याख्या में काव्य के प्रयोजन-कारण तथा स्वरूप-विशेष निर्णय नामका प्रथम उल्लास समाप्त हुआ।

अथ द्वितीय उल्लासः

(शब्दार्थ-स्वरूपनिरूपणात्मकः)

क्रमेण शब्दार्थयोः स्वरूपमाह—

(शब्दत्रैविध्यम्)

(सू० ५) स्याद्वाचको लाक्षणिकः शब्दोऽत्र व्यञ्जकस्त्रिधा ॥

वृत्तिः—अत्रेति काव्ये । एषां स्वरूपं वक्ष्यते ।

द्वितीय उल्लास--

काव्य का लक्षण कहने के पश्चात् लक्षण में दिये गये 'शब्दार्थौ' का विवेचन करने के लिए ग्रन्थकार अवसर प्राप्त होने के कारण शब्द तथा अर्थ के स्वरूप को बता रहे हैं—

शब्द की त्रिविधता—(तीन भेद)-

[सू० ५]—यहाँ (काव्य में) **वाचक, लाक्षणिक** और **व्यञ्जक**-भेद से शब्द के तीन प्रकार होते हैं ।

'अत्र=यहाँ अर्थात् 'काव्य में' यह अर्थ समझना चाहिए । इन वाचक, लाक्षणिक, और व्यञ्जक तीन प्रकार के शब्दों का स्वरूप आगे कहा जायेगा ।

विशेष विवरण--शब्द के ये तीन भेद केवल साहित्य-शास्त्र में ही उपलब्ध होते हैं, अन्य शास्त्रों में वाचक और लक्षक इन द्विविध शब्दों का ही स्वीकार किया गया है । इसी कारण ग्रन्थकार को **'अत्र'** शब्द का विशेषरूप से प्रयोग करना पड़ा और उसका अर्थ 'काव्य में' कहना पड़ा । क्योंकि यदि साहित्यिक विद्वान् अन्य शास्त्रों के समान 'व्यञ्जक' शब्द न बतावें तो काव्य में किसी प्रकार का चमत्कार ही न रहेगा । इन तीन प्रकार के शब्दों में 'वाचक' शब्द मुख्यार्थ को बताता है इसलिए उसे सर्वप्रथम रखा गया है । **'लाक्षणिक'** शब्द **'वाचक'** शब्द पर आश्रित रहने के कारण उसे वाचक के पश्चात् रखा गया तथा **व्यञ्जक शब्द** को पूर्वोक्त दोनों की अपेक्षा रहती है इसलिए उसे तृतीय स्थान दिया गया है । शब्द का यह त्रिविध भेद केवल उसकी उपाधि के कारण किया गया है । वह भेद शब्द का अपना निजी नहीं है, क्योंकि इस प्रकार का विभाग शब्दों में निश्चित नहीं किया जा सकता कि अमुक

(अर्थत्रैविध्यम्)

(सू० ६) वाच्यादयस्तदर्थाः स्युः—

वाच्य-लक्ष्य-व्यङ्ग्याः ।

(चतुर्थः तात्पर्यार्थः)

(सू० ७)—तात्पर्याऽर्थोऽपि केषुचित् ॥ ६ ॥

आकाङ्क्षा-योग्यता-सन्निधिवशाद्वक्ष्यमाणस्वरूपाणां पदार्थानां समन्वये

व्यञ्जक है। एक ही शब्द तीनों प्रकार के रूपों को धारण कर सकता है। अतः उक्त त्रिविध भेद शब्द के न होकर उसकी उपाधियों के हैं।

अर्थ के तीन भेद—

उपाधि के कारण शब्द के जैसे तीन भेद होते हैं उसी तरह अर्थ के भी तीन भेद होते हैं—

[सू० ६] उन वाचक, लक्षक और व्यञ्जक शब्दों के वाच्य, लक्ष्य और व्यङ्ग्य अर्थ भी तीन प्रकार के होते हैं।

वाच्येति। 'वाच्य आदि' शब्द से वाच्य, लक्ष्य तथा व्यङ्ग्य समझने चाहिएँ।

अर्थ का चौथा भेद—'तात्पर्यार्थ'—

[सू० ७] कुमारिलभट्ट आदि कतिपय मीमांसकों के मत में उक्त त्रिविध अर्थों के अतिरिक्त चौथे प्रकार का 'तात्पर्यार्थ' भी होता है ॥ ६ ॥

विशेष विवरण—अर्थ की विवेचना करते हुए **मम्मटभट्ट** ने 'तात्पर्यार्थोऽपि केषुचित्' कहकर मीमांसकों के सिद्धान्त को बताया है। शब्दार्थ का विवेचन, व्याकरण, न्याय और मीमांसा इन तीन शास्त्रों में विशेषरूप से पाया जाता है। **व्याकरणशास्त्र** पद-पदार्थों का विवेचन करता है, इसलिए उसे **'पदशास्त्र'** कहते हैं। **न्यायशास्त्र** प्रमाणों का विवेचन करता है इसलिए उसे **'प्रमाणशास्त्र'** कहते हैं। **मीमांसाशास्त्र** वाक्यार्थ करने की पद्धति को बताता है इसलिए उसे **'वाक्यशास्त्र'** कहते हैं। किसी भी वाक्य का वाक्यार्थ-बोध (शाब्द-बोध) करने में उक्त तीनों शास्त्रों का उपयोग होता है। यही कारण है कि शाब्द-बोध करने में कुशल विद्वानों को **'पद-वाक्य-प्रमाण-पारावारीण'** इस अलङ्करण से विभूषित किया जाता रहा है।

वाक्यार्थ के सम्बन्ध में मीमांसकों की दो धारायें प्रसिद्ध हैं। कुमारिलभट्ट की धारा के अनुयायी विद्वान् **'अभिहितान्वयवाद'** को मानते हैं और प्रभाकर 'गुरु' की धारा के अनुयायी विद्वान् **'अन्विताभिधानवाद'** को मानते हैं।

अभिहितान्वयवाद—

इस सिद्धान्त में प्रथमतः पदों से पदार्थों की प्रतीति अभिधा-शक्ति से होती है।

तात्पर्यार्थो विशेषवपुरपदार्थोऽपि वाक्यार्थः समुल्लसतीत्यभिहितान्वयवादिनां मतम् ।

तदनन्तर उन **अभिहित पदार्थों** का परस्पर सम्बन्ध **वाक्यार्थ-मर्यादा** से उपस्थित होता है, जो पदों से उपस्थित नहीं हुआ था। इसलिए प्रथमतः **पद** अपनी **अभिधा-शक्ति के द्वारा** पदार्थों का बोधन करते हैं। बाद में **वक्ता के तात्पर्य के अनुरोध से उनका आपस में अन्वय** (सम्बन्ध) होता है। तब उससे **वाक्यार्थ** का ज्ञान होता है। इस रीति से **वाक्यार्थ-बोध** होने में अभिधा-शक्ति से अभिहित पदार्थों का अन्वय मानने के कारण कुमारिलभट्ट के सिद्धान्त को **'अभिहितान्वयवाद'** कहते हैं। इस सिद्धान्त में पदार्थों का परस्पर सम्बन्ध **वक्ता के तात्पर्य के अनुसार** होता है। इसी कारण उस सम्बन्ध (संसर्ग) को 'तात्पर्यार्थ' कहते हैं तथा उसी को 'वाक्यार्थ' भी कहते हैं। उस वाक्यार्थ की बोधकशक्ति को **'तात्पर्याख्याशक्ति'** कहते हैं। यह शक्ति पूर्वोक्त तीनों शक्तियों से भिन्न **चौथी शक्ति** है। इसका उल्लेख **तन्त्रवार्तिक** की व्याख्या **न्यायसुधा** में **सोमेश्वरभट्ट** ने किया है। ग्रन्थकार की दृष्टि से यद्यपि यह **तात्पर्याशक्ति चौथी** है तथापि **मीमांसकों** की दृष्टि से वह तीसरी ही है, क्योंकि मीमांसक **व्यञ्जनाशक्ति** को स्वीकार नहीं करते हैं।

ग्रन्थकार स्वयं अभिहितान्वयवाद और अन्विताभिधानवाद का परिचय करा रहे हैं—**आकाङ्क्षेति**। मूल ग्रन्थ की इस पंक्ति को सरलता से समझने के लिए पदों का अन्वय इस प्रकार करना चाहिए—'वक्ष्यमाणस्वरूपाणां पदार्थानां आकांक्षा-योग्यता-सन्निधिवशाद् समन्वये'। पदार्थों के होने वाले परस्पर सम्बन्ध को यद्यपि पदों के द्वारा नहीं बताया जाता तथापि आकाङ्क्षा-योग्यता-सन्निधि के बल पर वह भासित होता है। उसी को **तात्पर्यार्थ** एवं **वाक्यार्थ** कहते हैं। इसी अभिप्राय को **ग्रन्थकार** ने **'तात्पर्यार्थो विशेषवपुः अपदार्थोऽपि वाक्यार्थः समुल्लसति'** शब्दों से कहा है। अब मूल पंक्ति का अर्थ यह हुआ कि जिन पदार्थों का स्वरूप आगे कहा जायेगा उन पदार्थों का **आकाङ्क्षा-योग्यता** और **सन्निधि** के बल से परस्पर सम्बन्ध (समन्वय) होने पर पदों से प्रतीत न होने वाला अर्थ भी वक्ता के **तात्पर्य** का विषय होने के कारण उसे विशेष प्रकार का **तात्पर्यरूप वाक्यार्थ** प्रतीत हुआ माना जाता है। यह **अभिहितान्वयवादियों** (कुमारिलभट्ट के अनुयायियों) का मत है।

विशेष विवरण—श्रोता की 'जिज्ञासा' को ही **आकाङ्क्षा** कहते हैं। जिन पदों के सुनने पर अन्य पदों की 'आकाङ्क्षा' होती है, उन पदों के समुदाय को ही **वाक्य** कहते हैं। जिन पदों के सुनने पर अर्थज्ञान के लिए अन्य पदों की आकाङ्क्षा जहाँ नहीं रहती, उन्हें वाक्य नहीं कहते। जैसे—'गौः, अश्वः, पुरुषः, हस्ती'

वाच्य एव वाक्यार्थ इत्यन्विताभिधानवादिनः ।

इस प्रकार के आकांक्षारहित पदसमुदाय को वाक्य नहीं कहा जाता। इसी प्रकार पदार्थों के परस्पर सम्बन्ध होने में किसी प्रकार की बाधा का अभाव रहना ही **'योग्यता'** शब्द से कहा जाता है। पदार्थों के परस्पर सम्बन्ध होने में जहाँ कोई बाधा होती है वहाँ उस पदसमुदाय को **वाक्य** नहीं कहते और न उससे वाक्यार्थबोध ही होता है। जैसे 'वह्निना सिञ्चति' यहाँ पद-समुदाय तो है, किन्तु 'योग्यता' नहीं है। क्योंकि कोई भी व्यक्ति 'वह्नि' से सिंचाई नहीं कर सकता। इस कारण 'वह्नि' और 'सिञ्चन' के सम्बन्ध में बाधा उपस्थित हो जाने से उपर्युक्त पदसमुदाय में योग्यता का अभाव है। इसलिए 'वह्निना सिञ्चति' को **वाक्य** नहीं कहा जाता। एक ही व्यक्ति के द्वारा विना विलम्ब किये अनेक पदों का उच्चारण करना **'सन्निधि'** शब्द से कहा जाता है। यदि कोई व्यक्ति विलम्ब से अर्थात् एक-एक, दो-दो, तीन-तीन घंटे के अन्तर से अनेक पदों का उच्चारण करे भी तो उसे वाक्य नहीं कहेंगे, क्योंकि उन पदों के उच्चारण में **'सन्निधि'** (आसत्ति) नहीं है। अतः **आकाङ्क्षा-योग्यता-सन्निधि** से युक्त **पदसमुदाय** को ही वाक्य कहते हैं और उसी से **वाक्यार्थ-बोध** होता है। निष्कर्ष यह है कि—**अभिहितान्वयवाद** में पहले पदों से केवल **पदार्थ** (अनन्वित-पदार्थ) उपस्थित होते हैं। उसके पश्चात् पदों की परस्पराकाङ्क्षा, उनकी योग्यता और सन्निधि के बल से तात्पर्याशक्ति के द्वारा उन पदार्थों के परस्पर सम्बन्धरूप वाक्यार्थ का ज्ञान (बोध) होता है। **तात्पर्या वृत्ति** स्वीकार करने की आवश्यकता इसलिए होती है कि यदि बिना वृत्ति के अर्थ-बोध माना जाय तो अतिप्रसङ्ग होने लगेगा। इसलिए वाक्यार्थरूप संसर्ग (सम्बन्ध) के लिए शब्द की **तात्पर्यावृत्ति** को मानना आवश्यक हो जाता है, और उस वृत्ति के द्वारा प्रतिपादित अर्थ **'तात्पर्यार्थ'** कहलाता है।

अन्विताभिधानवाद--

पहले बता चुके हैं कि वाक्यार्थबोध (शाब्दबोध) के संबंध में दूसरी धारा **'अन्विताभिधानवाद'** के नाम से प्रसिद्ध है। यह धारा **प्राभाकरमत** के अनुयायियों की है। इस धारा में यह बताया जा रहा है कि प्रथमतः ही 'अभिधाशक्ति' के द्वारा वाक्यगत पद, 'अन्वित पदार्थों' को ही बताते हैं। इसी कारण इसे **अन्विताभिधान** कहा गया है, क्योंकि **'अन्वित अर्थ'** का ही इसमें अभिधान (अभिधाशक्ति के द्वारा प्रतिपादन) होता है। इस सिद्धान्त में पदार्थों का अन्वय कराने के लिए 'तात्पर्या-शक्ति' मानने की आवश्यकता नहीं पड़ती, क्योंकि अर्थों का अन्वय तो पहले से ही सिद्ध है।

वाच्य एवेति। **प्राभाकर** के 'अन्विताभिधानवाद' को बताने वाली मूलपंक्ति का

अर्थ इस प्रकार है—'पदार्थों का परस्पर सम्बन्धरूप वाक्यार्थ'—**वाच्य ही** होता है। अर्थात् उसे बताने के लिए **तात्पर्याशक्ति** की आवश्यकता नहीं होती। यह **अन्विताभिधानवादियों** का मत है।

विशेष विवरण—भाट्टमत में 'तात्पर्याशक्ति' मानने की आवश्यकता इसलिए होती है कि **वाक्यगत प्रत्येक पद**, 'अभिधाशक्ति' के द्वारा अपने-अपने अर्थ को ही केवल बताते हैं। अर्थात् पहले केवल पदार्थ ही अभिहित (अभिधाशक्ति के द्वारा प्रतिपादित) होते हैं, और बाद में उन अभिहित पदार्थों का **आकांक्षा, योग्यता, सन्निधि** (आसत्ति) के बल पर परस्पर **अन्वय** (सम्बन्ध) किया जाता है। 'पदार्थों का परस्पर सम्बन्ध', पदों के द्वारा उपस्थित न होने पर भी **आकांक्षा** आदि के द्वारा **उस** (सम्बन्ध) **का** भासित होना ही **'तात्पर्यार्थ'** (वाक्यार्थ) है। यही दोनों मतों में अन्तर है। **प्राभाकरमत में** 'वाक्यार्थ और वाच्यार्थ' **एक ही** है, भिन्न-भिन्न नहीं है। 'अभिधा शक्ति' से जो अर्थ बताया जाता है उसे ही **'वाच्यार्थ'** (शक्यार्थ, मुख्यार्थ) कहते हैं, और **'अन्वित अर्थ'** को **वाक्यार्थ** कहते हैं। उस 'अन्वित अर्थ-रूप वाक्यार्थ' को ही जब **अभिधाशक्ति** के द्वारा बताया जाता है, तब उस **वाक्यार्थ को ही वाच्यार्थ कहना पड़ता है**। और **भाट्टमत में वाक्यार्थ** और **वाच्यार्थ** भिन्न-भिन्न हैं, **दोनों एक नहीं हैं**। क्योंकि 'पद' अपने-अपने शुद्ध (अनन्वित) अर्थ को ही **अभिधाशक्ति** के द्वारा बताते हैं, इसलिए वे 'शुद्ध अर्थ' ही **वाच्यार्थ** हैं। बाद में **उन अभिहित अर्थों** (वाच्यार्थों) का **वक्ता के तात्पर्य** (तात्पर्या-वृत्ति) के अनुसार **परस्पर आकांक्षा, योग्यता, सन्निधि** के अनुरोध से 'अन्वय' (सम्बन्ध) होता है। तब **अन्वितार्थ** प्रतीत होता है, जो 'किसी पदका' अपना **शुद्ध अर्थ** नहीं है, वही **'वाक्यार्थ'** कहलाता है। इसलिए इस मत में **वाच्यार्थ** और **वाक्यार्थ** भिन्न-भिन्न हैं।

प्राभाकर अपने **'अन्विताभिधानवाद'** को पुष्ट करने के लिए यह तर्क उपस्थित करते हैं कि पदों से पदार्थों का ज्ञान **संकेतग्रह** के पश्चात् ही होता है। और वह **संकेतग्रह** (संकेत का ग्रहण=ज्ञान) 'लोक-व्यवहार' से होता है। जैसे—**कोई छोटा बालक** या बोलने वालों की भाषा (बोली) न समझने वाला कोई **अन्य-भाषाभाषी व्यक्ति**, जिसे यह ज्ञान नहीं है कि 'किस शब्द' का क्या अर्थ है? वह देखता-सुनता रहता है कि किसी ने किसी से कहा कि 'पुस्तकम् आनय'। तब दूसरा व्यक्ति पुस्तक लाता है। किन्तु समीप बैठा हुआ बालक या अन्य-भाषा भाषी व्यक्ति न 'पुस्तक' का अर्थ और न 'आनय' का अर्थ जानता है। **तथापि** उसने एक के 'शब्दों' को सुना है और दूसरे के 'व्यापार' (कार्य) को देखा है। उससे उसके मन पर एक संस्कार पैदा होता है। तदनन्तर कहने वाला व्यक्ति पुनः किसी

(अर्थानां व्यञ्जकता)

(सू० ८) सर्वेषां प्रायशोऽर्थानां व्यञ्जकत्वमपीष्यते ॥

तत्र वाच्यस्य यथा—

(वाच्यार्थस्य व्यञ्जकता)

माए घरोवअरणं अज्ज हु णत्थित्ति साहिअं तुमए ।
ता भण किं करणिज्जं एमेअ ण बासरो ठाइ ॥ ६ ॥
(मातर्गृहोपकरणमद्य खलु नास्तीति साधितं त्वया ।
तद् भण किं करणीयमेवमेव न वासरः स्थायी) ॥ ६ ॥

से कहता है कि--'पुस्तकं नय, वस्त्रम् आनय' । तब सुनने वाला व्यक्ति पुस्तक ले जाता है और वस्त्र ले आता है । वहाँ बैठा हुआ बालक या अन्य-भाषाभाषी व्यक्ति 'बोलने वाले के शब्दों' को सुनता है । और 'दूसरे के द्वारा की जाती हुई क्रिया' को देखता है । उस कारण वह बालक या अन्य-भाषाभाषी व्यक्ति धीरे-धीरे 'पुस्तक ले जाओ, वस्त्र लाओ' उक्त शब्दों के भिन्न-भिन्न अर्थों को समझने लगता है । इस व्यवहार से उसे 'संकेतग्रह' होता है । यह संकेतग्रह केवल 'शुद्ध अर्थ' में न होकर उस 'अन्वित अर्थ' में ही होता है । अतः कहना होगा कि किसी भी 'पद' का 'अनन्वित अर्थ' में संकेतग्रह न होने से उस 'अनन्वित अर्थ' की उपस्थिति भी 'पद' से नहीं होती है । इसलिए 'अन्वित अर्थ' का ही बोधन 'अभिधा-शक्ति' के द्वारा किया जाता है । अतः अन्विताभिधानवाद का स्वीकार करना उचित ही है ।

पूर्वोक्त तीनों अर्थों का व्यञ्जकत्व—

अभी तक ग्रन्थकार ने तीन प्रकार के शब्द और उनके तीन प्रकार के अर्थों का विवेचन किया । साथ ही अभिहितान्वयवादियों के मत में तात्पर्यार्थ भी होता है, यह बताया ।

अब ग्रन्थकार यह कह रहे हैं कि उक्त तीनों प्रकार के अर्थों में व्यञ्जकत्व भी रहता है । अर्थात् वाच्यार्थ भी व्यञ्जक हो सकता है और लक्ष्यार्थ तथा व्यङ्ग्यार्थ भी व्यञ्जक हो सकता है ।

अर्थों की व्यञ्जकता—

[सू० ८] प्रायः सभी अर्थों में व्यञ्जकत्व भी माना जाता है ।

तत्रेति । उनमें से वाच्य अर्थ के व्यञ्जकत्व का (व्यञ्जक होने का) उदाहरण दे रहे हैं । जैसे—

माए इति । (मातरिति) । हे मातः ! आज घर में सामग्री (दाल, चावल, आटा, ईन्धन आदि) नहीं है, ऐसा तुमने कहा है, तो अब बताओ कि क्या करना है ?

अत्र स्वैरविहारार्थिनीति व्यज्यते ।

(लक्ष्यार्थस्य व्यञ्जकता)

लक्ष्यस्य यथा—

साहेन्तो सहि सुहअं खणे खणे दुम्मिआसि मज्झकए ।
सम्भावणेहकरणिज्जसरिसअं दाव विरइअं तुमए ॥ ७ ॥

क्योंकि दिन ऐसा ही तो नहीं बना रहेगा, अर्थात् थोड़ी ही देर में दिन ढल जायेगा, तब क्या होगा ॥ ६ ॥

अत्र स्वैरविहारेति । यहाँ व्यभिचारिणी रूप वक्त्री के सम्बन्ध से 'यह स्वैर-विहारार्थिनी है' यह बात 'व्यंजना' से सामाजिकों के समझ में आ जाती है ।

विशेष विवरण—यहाँ **कहने वाली के वैशिष्ट्य के कारण वाच्यार्थ, 'व्यञ्जक' बन गया है ।** उपनायक के साथ समागम की इच्छा रखने वाली 'कोई स्वैरिणी स्त्री' लकड़ी-ईंधन, दाल, चावल आदि लाने के बहाने बाहर जाने के लिए अपनी 'सास' से कह रही है ।

इस काव्य में **'किं करणीयम्'** अर्थात् करने के लिए कुछ नहीं है, यह सूचित किया गया है । 'किम्' शब्द क्षेपार्थक है । दूसरी बात यह है कि **'वासर'** (दिवस) **'एवमेव'** (इसी प्रकार से) **'स्थायी'** (स्थिर) नहीं रहेगा । और **'मातः'** कहने से उसकी आज्ञा उल्लंघनीय नहीं है, यह सूचित किया गया है । **'गृहे'** कहने से आवश्यकता सूचित की गयी है । **'उपकरणम्'** कहने से अन्य प्रकार से उसकी पूर्ति सम्भव नहीं है, यह सूचित किया गया है । इसी प्रकार **'अद्य'** कहने से आज ही जुटाना उचित है, **'साधितम्'** कहने से घर में कुछ होने की संभावना भी नहीं है, **'त्वया'** कहने से मेरी अपनी कल्पना नहीं है, **'तत्'** कहने से तुम्हें अवश्य बताना है, **'भण'** कहने से मैं तुम्हें पूछ रही हूँ, **'एवमेव'** कहने से दिन ढल जाने पर तुम कहोगी तो भी मुझ जैसी **'कुलाङ्गना'** का बाहर निकलना ठीक नहीं होगा अर्थात् मैं बाहर नहीं ही निकलूँगी—यह सूचित किया गया है ।

इस पद्य के द्वारा कहने वाली व्यभिचारिणी अर्थात् स्वैरविहारार्थिनी यह स्त्री है अर्थात् यह कहने वाली बहू स्वच्छन्द विहार करने के लिए उपपति के पास जाना चाहती है—इस व्यङ्ग्यार्थ को व्यञ्जना के द्वारा रसिक सामाजिक लोग समझ लेते हैं । **इस वक्तृवैशिष्ट्य के कारण यहाँ वाच्यार्थ ही 'व्यञ्जक' हुआ है ॥ ६ ॥**

लक्ष्यस्येति । बोद्धव्य के वैशिष्ट्य से लक्ष्यार्थ के व्यञ्जक होने का उदाहरण, जैसे—

साहेन्तीति । (साधयन्तीति) । हे सखि ! उस सुन्दर नायक के पास बार-बार

(साधयन्ती सखि ! सुभगं क्षणे क्षणे दूनासि मत्कृते ।
सद्भावस्नेहकरणीयसदृशकं तावद्विरचितं त्वया) ॥ ७ ॥

अत्र मत्प्रियं रमयन्त्या त्वया शत्रुत्वमाचरितमिति लक्ष्यं तेन च कामुकविषयं सापराधत्वप्रकाशनं व्यङ्ग्यम् ।

(व्यङ्ग्यार्थस्य व्यञ्जकता)

व्यङ्ग्यस्य यथा—

उअ णिच्चलणिप्पंदा भिसिणीपत्तम्मि रहेइ बलाआ ।
णिम्मलमरगअभाअणपरिट्ठिआ सङ्खसुत्ति व्व ॥ ८ ॥

जाकर मेरे लिए उसकी अनुनय विनय करते हुए तुमने बड़ा कष्ट उठाया है । मेरे प्रति अपनी सद्भावना और स्नेह के उचित जो तुम्हें करना चाहिए था वह तुमने कर लिया ॥ ७ ॥

अत्र मत्प्रियमिति । इस पद्य में **'मेरे प्रियतम'** के साथ **'रमण'** करके तूने मेरे साथ **'शत्रुता'** निबाही है—**'यह लक्ष्यार्थ'** है और उससे 'कामुक के अपराधी होने का प्रकाशन' व्यङ्ग्य है ।

विशेष विवरण—इस काव्य में सखी की ज़बान से अनुमित (कल्पित) 'स्वभिन्नोपभुक्तत्व' रूप अर्थ से 'मित्रत्व' रूप **मुख्यार्थ** का बाध होने के कारण **'सदृश'** पद से 'शत्रुत्वाचरण' रूप विसदृश अर्थ **लक्षित** होता है । **'मत्कृते'** कहने से **'स्वकृते'** और **'दूनासि'** कहने से **'हृष्टासि'** अर्थ **लक्षित** होता है । **इस लक्ष्य रूप वाक्यार्थ से 'कामुकी और कामुक दोनों सापराध हैं'—इस व्यङ्ग्यार्थ को सहृदय लोग व्यञ्जना के द्वारा समझ लेते हैं ।**

इस काव्य के द्वारा बताया हुआ **'वञ्चिता नायिका'** का कथन प्रथम उल्लास के ध्वनि काव्य के उदाहरण **'निःशेषच्युतचन्दनं'** के समान ही प्रतीत हो रहा है । उसमें भी **'विदग्ध उत्तम नायिका'** के द्वारा भेजी हुई दूती ने उसका सन्देश उसके नायक से कहने के बजाय स्वयं उसके साथ स्वैर विहार (रति-क्रीड़ा) करके उत्तम नायिका की जैसे प्रतारणा की है, ठीक वैसे ही यहाँ पर भी इस **'वञ्चिता नायिका'** की सखी ने स्वयं ही उसके प्रियतम के साथ रतिसुख का आनन्द लेकर उसकी प्रतारणा की है । यह बात वक्ता तथा बोद्धा (कहने वाले तथा समझने वाले) के वैशिष्ट्य से व्यञ्जित होती है । इस रीति से लक्ष्यार्थ के व्यञ्जक होने का उदाहरण दिखाया गया है ॥ ७ ॥

व्यङ्ग्यस्येति । अब **व्यङ्ग्यार्थ** के व्यञ्जक होने का उदाहरण दिखा रहे हैं । जैसे—

उअेति । (पश्येति) । देखो, कमलिनी के पत्र पर निश्चल और निष्पन्द (बिना हले-डुले) बैठी हुई यह बलाका (बगुली) निर्मल मरकत मणि के पात्र में रखी हुई शङ्खाकार सीप की तरह शोभा दे रही है ॥ ८ ॥

(पश्य निश्चलनिष्पन्दा बिसिनीपत्रे राजते बलाका ।
निर्मलमरकतभाजनपरिस्थिता शङ्खशुक्तिरिव) ॥ ८ ॥

अत्र निष्पन्दत्वेन आश्वस्तत्वं । तेन च जनरहितत्वम् , अतः सङ्केतस्थानमेतदिति कयाचित्कञ्चित्प्रत्युच्यते । अथवा मिथ्या वदसि, न त्वमत्रागतोऽभूरिति व्यज्यते ॥

(वाचकशब्दलक्षणम्)

वाचकादीनां क्रमेण स्वरूपमाह—

(सू० ९) साक्षात्सङ्केतितं योऽर्थमभिधत्ते स वाचकः ॥७॥

अत्र निष्पन्दत्वेनेति । यहाँ पर 'बलाका निष्पन्द, निश्चल बैठी है' यह **'वाच्यार्थ'** है इस वाच्यार्थ से 'बलाका की आश्वस्तता' अर्थात् निर्भयता **लक्षित** होती है । और 'उस आश्वस्तत्व' रूप लक्ष्यार्थ से **'यह स्थान जनरहित है, एकान्त स्थान है'**, यह **व्यंग्यार्थ** निष्पन्न होता है । **इस व्यंग्यार्थ से 'यह संकेत स्थान उत्तम है'** यह **दूसरा व्यङ्ग्यार्थ** मिलता है । इस प्रकार से कोई नायिका अपने किसी कामुक प्रिय को सूचित कर रही है ।

अथवा 'तुम मिथ्या बोल रहे हो । तुम यहाँ नहीं आये' ऐसा **व्यङ्ग्यार्थ** सूचित किया जा रहा है । क्योंकि 'यदि तुम आये होते तो यह बलाका ऐसी निश्चल–निष्पन्द कदापि नहीं रह सकती थी' अतः यह अर्थ, प्रथम-व्यंग्यार्थ से व्यंजना द्वारा सूचित होता है ॥ ८ ॥

विशेष विवरण—स्थानान्तर प्रापिका शरीर-क्रिया को **'चलन'** कहते हैं और स्थानान्तर में अप्रापिका अवयव क्रिया को **'स्पन्द'** कहते हैं । अतः 'निश्चल' 'निष्पन्द' कहने से **'पुनरुक्ति'** नहीं समझनी चाहिए । **संभोग** की अपेक्षा **विप्रलंभ** की मधुरता अधिक रहने से ग्रन्थकार ने **'अथवा'** कहकर जो व्यङ्ग्यार्थ बताया है कि संकेत स्थान पर बगुले की निष्पन्दता से स्पष्ट है कि वहाँ किसी के आने की आहट तक नहीं हो पायी है । इसलिए तुम झूठ कह रहे हो कि 'मैं आया था किन्तु तुम नहीं आयी ।' इस व्यंग्यार्थ को मिथ्यावादी के प्रति वह व्यक्त कर रही है ॥ ८ ॥

वाचक शब्द का स्वरूप (लक्षण)—

वाचकादीनामिति । **'तीन प्रकार के शब्दों तथा अर्थों'** को बताकर अब **वाचक आदि त्रिविध शब्दों के स्वरूप को क्रमशः बताते हैं—**

[सू० ९] साक्षात् संकेतित अर्थात् व्यवधान रहित 'संकेत–ग्रहण' जिसका किया गया हो, ऐसे अर्थ को जो शब्द, अभिधा शक्ति के द्वारा बताता है उसे **'वाचक'** शब्द कहते हैं ॥ ९ ॥

इहागृहीतसङ्केतस्य शब्दस्यार्थप्रतीतेरभावात्सङ्केतसहाय एव शब्दोऽर्थ-विशेषं प्रतिपादयतीति यस्य यत्राव्यवधानेन सङ्केतो गृह्यते स तस्य वाचकः ।

इहागृहीत० इति । लोक-व्यवहार में संकेत-ग्रहण किये विना शब्द के अर्थ की प्रतीति नहीं हुआ करती । इसलिए शब्द को अर्थ-विशेष का प्रतिपादन करने के लिए संकेत की सहायता लेनी पड़ती है । अतः जिस शब्द का जिस अर्थ में व्यवधान से रहित संकेत-ग्रहण किया जाता है, वह शब्द उस अर्थ का **'वाचक'** कहा जाता है ।

विशेष विवरण—शब्द के अर्थज्ञान से रहित लोगों को संकेत-ग्रह कैसे हुआ करता है ? उसे हम अभी बता चुके हैं । 'किसी वस्तु को यहाँ रखो, वहाँ से उठाओ' इस प्रकार के व्यवहार में एक शब्द को हटाकर दूसरे शब्द का, वैसे ही एक अर्थ की जगह दूसरे अर्थ का रखा जाना इत्यादि प्रक्रिया को **'आवाप-उद्वाप'** कहते हैं । **'निष्कर्ष'** यह है कि लोकव्यवहार में संकेत का ग्रहण आवाप-उद्वाप के द्वारा होता है । इसलिए संकेत ग्रहण का प्रधान साधन 'लोकव्यवहार' को ही समझा जाता है । लोक-व्यवहार के अतिरिक्त अन्यान्य उपाय भी निम्नलिखित कारिका में बताये गये हैं--

शक्तिग्रहं व्याकरणोपमानकोशाप्तवाक्याद्व्यवहारतश्च ।
वाक्यस्य शेषाद् विवृतेर्वदन्ति सान्निध्यतः सिद्धपदस्य वृद्धाः ॥

व्याकरण, उपमान, कोष, आप्तवाक्य, व्यवहार, वाक्यशेष; विवृति अर्थात् व्याख्या और सिद्ध (ज्ञात) पद के सान्निध्य से 'संकेत' का ग्रहण होना बताया गया है ।

इनमें 'पठ्' पढ़ना आदि धातुपाठ से अथवा 'आधारोऽधिकरणम्' आदि सूत्रों से 'पठ्' धातु तथा 'अधिकरणम्' आदि पदों का 'संकेत-ग्रहण' 'व्याकरण' से होता है । यथा--'गौः तथा गवयः' यह 'उपमान प्रमाण' का उदाहरण है । इसकी सहायता से 'गवय' शब्द का संकेत-ग्रहण हो जाता है । 'कोष' तथा 'आप्तवाक्य' से नवीन वस्तुओं के नाम का ज्ञान होना सर्वानुभव-सिद्ध ही है । 'विवृति' (व्याख्या) से भी संकेत-ग्रह होता है । उसी तरह 'वाक्य-शेष' और 'सिद्ध-पद' (ज्ञात शब्द) की 'सन्निधि' से नवीन शब्द के अर्थ का भी ज्ञान हो जाता है । ये सब संकेतग्रह के उपाय बताये गये हैं ॥ ९ ॥

संकेतयुक्त अर्थ के विषय में अनेक मत—

यह संकेतग्रह (शक्तिग्रह) किसमें होता है ? इस प्रश्न पर अनेक लोगों के अनेक विचार हैं–कुछ लोग **'जाति'** में, कुछ लोग **'व्यक्ति'** में और कुछ लोग **'जाति-विशिष्ट व्यक्ति'** में संकेत ग्रह (शक्तिग्रह) का होना मानते हैं । यद्यपि साधारणतया सम्पूर्ण लोकव्यवहार व्यक्ति से ही सम्बन्धित देखा जाता है तथापि प्रत्येक व्यक्ति में संकेत ग्रह मानने पर **'आनन्त्य'** और एक व्यक्ति में मानने पर **'व्यभिचार'** ये दो

(सङ्केतितार्थे विप्रतिपत्तिः)

(सू० १०) सङ्केतितश्चतुर्भेदो जात्यादिर्जातिरेव वा ।

यद्यप्यर्थक्रियाकारितया प्रवृत्तिनिवृत्तियोग्या व्यक्तिरेव, तथाऽप्यानन्त्याद्व्यभिचाराच्च तत्र संकेतः कर्तुं न युज्यत इति गौः शुक्लश्चलो डित्थ इत्यादीनां विषयविभागो न प्राप्नोतीति च तदुपाधावेव संकेतः ।

उपाधिश्च द्विविधः—वस्तुधर्मो वक्तृयदृच्छासन्निवेशितश्च । वस्तुधर्मोऽपि द्विविधः—सिद्धः साध्यश्च । सिद्धोऽपि द्विविधः—पदार्थस्य प्राणप्रदो विशेषा-

---

दोष होते हैं। इसलिए 'व्यक्ति' में संकेतग्रह को न मानकर महाभाष्यकार ने शब्द के—'जातिशब्द, गुणशब्द, क्रियाशब्द और यदृच्छाशब्द' ये चार विभाग किये हैं। यदि 'व्यक्ति' में ही संकेतग्रह मानें तो महाभाष्यकार के द्वारा प्रदर्शित यह चार प्रकार का शब्दविभाग नहीं बन पायेगा, क्योंकि 'गौः' 'शुक्लः' 'चलः' 'डित्थः' इन चारों शब्दों से 'व्यक्ति' का ही बोध होगा। इसलिए 'व्यक्ति' में शक्ति न मानकर उसके उपाधिभूत 'जाति' 'गुण' 'क्रिया' और 'यदृच्छारूप' धर्मों में ही शक्तिग्रह मानना समुचित प्रतीत होता है। इस उपर्युक्त विचार से ही ग्रन्थकार इस प्रकार लिखते हैं—

[सू० १०]—'संकेतित अर्थ' जाति आदि (जाति, गुण, क्रिया और यदृच्छा) भेदों से चार प्रकार का होता है। अथवा—'मीमांसकों' के मत से केवल 'जाति' को ही संकेतित अर्थ माना जाता है।

यद्यप्यर्थेति। यद्यपि लाना, ले जाना आदि अर्थ-क्रिया का (सफल क्रिया का) निर्वाहक होने से प्रवृत्ति-निवृत्ति रूप व्यवहार के योग्य 'व्यक्ति' ही होता है। इसलिए व्यवहार को देखकर होने वाला 'संकेतग्रह' (शक्तिग्रह) व्यक्ति में ही होना चाहिए। किन्तु आनन्त्य और व्यभिचार-दोष के उपस्थित होने के कारण उसमें (व्यक्ति में) संकेतग्रह स्वीकार करना ठीक नहीं है। और 'गौः' जातिवाचक, 'शुक्लः' गुणवाचक, 'चलः' क्रियावाचक, 'डित्थः' संज्ञावाचक (यदृच्छावाचक), इन सब शब्दों से केवल व्यक्ति की ही उपस्थिति मानने पर उपर्युक्त चारों पदों का विषय-विभाग नहीं बनता है। इस कारण भी 'व्यक्ति' में शक्तिग्रह न मानकर व्यक्ति की उपाधिभूत 'जाति', 'गुण', 'क्रिया' और 'यदृच्छा' रूप धर्म में ही शक्तिग्रह होता है।

उपाधि के भेद से शब्दों का चतुर्विध विभाग—

उपाधिश्चेति। यह उपाधि मुख्यतया दो प्रकार का होता है। (१)—वस्तु का यथार्थ धर्म और (२)—वक्ता के द्वारा अपनी इच्छा से उस अर्थ में आरोपित। वक्ता की यदृच्छा से सन्निवेशित उपाधि यदृच्छात्मकरूढि शब्दों में रहता

धानहेतुश्च। तत्राद्यो जातिः। उक्तं हि वाक्यपदीये 'न हि गौः स्वरूपेण गौर्नाप्यगौः गोत्वाभिसम्बन्धात्तु गौरिति'। द्वितीयो गुणः शुक्लादिना हि लब्धसत्ताकं वस्तु विशिष्यते। साध्यः पूर्वापरीभूतावयवः क्रियारूपः।

डित्थादिशब्दानामन्त्यबुद्धिनिर्ग्राह्यं संहृतक्रमं स्वरूपं वक्त्रा यदृच्छया डित्थादिष्वर्थेषूपाधित्वेन सन्निवेश्यते इति सोऽयं संज्ञारूपो यदृच्छात्मक

है। **वस्तु धर्म** भी दो प्रकार का होता है—(१)-सिद्धरूप (२)-साध्यरूप। **सिद्धरूप वस्तुधर्म** भी दो प्रकार का होता है—(१) पदार्थ का प्राणप्रद (जीवनाधायक), और (२) विशेषता का आधान कराने का कारण।

(१) **तत्राद्य इति**। इनमें से पहला अर्थात् वस्तु का प्राणप्रद सिद्धधर्म **'जाति'** कहलाता है। **भर्तृहरि ने वाक्यपदीय** ग्रन्थ में कहा है कि—'गौ' स्वरूपतः न 'गौ' होती है और न **'अगौ'** होती है। किन्तु **'गोत्व-जाति'** के सम्बन्ध से ही वह 'गौ' कहलाती है। इसलिए वस्तु के **प्राणप्रद** अर्थात् **जीवनाधायक** वस्तु-धर्म को ही **'जाति'** कहते हैं।

(२) **द्वितीय इति**। दूसरा अर्थात् वस्तु का **विशेषाधानहेतुभूत सिद्ध वस्तु-धर्म गुण'** कहलाता है। क्योंकि 'शुक्ल' आदि गुणों के कारण ही सत्ताप्राप्त वस्तु अपने सजातीय अन्य पदार्थों से भिन्नता को प्राप्त होती है। **'गौः'** के साथ गुणवाचक 'शुक्ल' विशेषण दूसरी गौओं की अपेक्षा उसकी विशेषता को (भिन्नता को) सूचित करता है।

(३) **साध्य इति**। इनमें से **साध्यरूप वस्तुधर्म 'क्रिया'** कहलाता है। यह **साध्यरूप वस्तुधर्म** पूर्वापरीभूत समस्त व्यापार क्रियारूप होता है, अर्थात् चावलादि के पकाने में चूल्हा जलाकर उस पर बर्तन रखने से लेकर उसके उतारने तक पहले-पीछे किये जाने वाले सम्पूर्ण व्यापार-कलाप को **'क्रिया'** शब्द से कहते हैं।

(४) **डित्थेति**। **'डित्थ'** आदि किसी व्यक्ति-विशेष के वाचक रूढि शब्दों का पूर्व-प्रदर्शित स्फोट की प्रक्रिया के अनुसार पूर्व-पूर्व वर्णानुभव-जनित संस्कार के सहित अन्तिम वर्ण के श्रवण से गृहीत होने वाला गकार, ओकार, विसर्जनीय आदि के क्रम-भेद से रहित बुद्धि में एक साथ उपस्थित होने वाले पदस्फोटात्मक स्वरूप को वक्ता की अपनी इच्छा के अनुसार **डित्थ** आदि पदार्थों में उपाधि रूप से (वाचक रूप से) सन्निविष्ट किया जाता है। अर्थात् किसी वस्तु (व्यक्ति-विशेष) का नामकरण करने वाला व्यक्ति, संज्ञारूप रूढ़ शब्द का उस वस्तु के साथ सम्बन्ध स्थापित कर देता है, अर्थात् यह व्यक्ति अमुक नाम से समझा जायेगा। इस प्रकार यह **रूढ़ संज्ञारूप यदृच्छात्मक शब्द** होता है।

इस रीति से **मम्मटभट्ट** ने यहां तक यह बताया कि संकेतग्रह **'व्यक्ति'** में नहीं

इति। गौः शुक्लश्चलो डित्थ इत्यादौ चतुष्टयी शब्दानां प्रवृत्तिरिति महा-

---

होता है किन्तु उसके **उपाधिभूतधर्म**—जाति, गुण, क्रिया और यदृच्छा आदि—में होता है। उसी के अनुसार शब्दों का चार प्रकार से विभाग किया जाता है। इस चतुर्विध विभाग की पुष्टि के लिए महाभाष्यकार **पतञ्जलि** की सम्मति भी उपस्थित कर रहे हैं—

गौः शुक्ल इति। 'सफेद रंग की', 'चलती हुई', 'डित्थ' नाम की, 'गाय' इत्यादि वाक्य में, **'जाति-शब्द'** के रूप में **'गौः'** पद का, **'गुण शब्द'** के रूप में **'शुक्ल'** पद का, **'क्रिया-शब्द'** के रूप में **'चल'** पद का, और **'यदृच्छा शब्द'** के रूप में **'डित्थ'** पद का प्रयोग करने के कारण शब्दों की प्रवृत्ति (**प्रवृत्ति-निमित्त**) चार प्रकार से होती है यह **महाभाष्यकार** ने कहा है।

'परम अणुपरिमाण' की गुणों में गणना करने का रहस्य—

विशेष विवरण—उपर्युक्त शब्दविभाजन के अनुसार वस्तु के **प्राणप्रदधर्म** का नाम **'जाति'** और उसके **विशेषाधान हेतुभूत धर्म को 'गुण'** कहना चाहिए। किन्तु **वैशेषिक-दर्शन** में 'शुक्ल आदि रूप' के समान **'परिमाण'** को भी **'गुण'** माना है। उस दर्शन में रूप-रसादि चौबीस गुणों में **'परिमाण'** की भी गिनती की गयी है। यह **'परिमाण'** मुख्यरूप से **'अणु'** तथा **'महत्'** दो प्रकार का होता है। किन्तु उन दोनों के साथ **'परम'** शब्द को जोड़कर उनका एक-एक भेद और भी हो जाता है। यानी **अणुपरिमाण के दो भेद होते हैं**—(१) 'अणु परिमाण' और (२) 'परम अणुपरिमाण'। उसी प्रकार **'महत् परिमाण' के भी दो भेद होते हैं**—(१) 'महत् परिमाण' (२) 'परम महत्परिमाण'। इनमें से **'परम अणुपरिमाण'** केवल परमाणु-संज्ञक पदार्थ अर्थात् पृथ्वी आदि द्रव्यों के सबसे सूक्ष्म और अविभाज्य अवयव में रहता है। इस परम अणुपरिमाण को **'पारिमाण्डल्यपरिमाण'** भी कहते हैं। यह **'परम अणुपरिमाण'** 'परमाणुरूप सूक्ष्मतम पदार्थ' का **प्राणप्रद धर्म है**, विशेषाधान का हेतु नहीं। इस कारण आपकी दी हुई 'जाति की परिभाषा' के अनुसार 'परमाणु परिमाण शब्द' को **'जाति'** शब्द से ही कहना चाहिए। किन्तु **वैशेषिक-दर्शन** में उसे गुणों के साथ पढ़ा गया है। अतः सन्देह होता है कि उसे 'जाति' शब्द से कहें या 'गुण' शब्द से कहें? इस सन्देह के निराकरणार्थ **मम्मटभट्ट** ने कहा कि—वस्तुतः यह **'परम-अणुपरिमाण'** शब्द **'जातिवाचक'** ही है। किन्तु जैसे **'लोक-व्यवहार में'** भिन्न-भिन्न अर्थों में प्रसिद्ध **'गुण'**, **'वृद्धि'**, **'नदी'** आदि शब्दों का **'व्याकरणशास्त्र में'** स्वकल्पित 'विशेष अर्थ' में प्रयोग किया है, उसी तरह **'वैशेषिक दर्शन'** में भी **'परमाणु-परिमाण'** की गणना **'गुणों'** में की गयी है। इसी अभि-

भाष्यकारः । परमाण्वादीनान्तु गुणमध्यपाठात् पारिभाषिकं गुणत्वम् ।

परमाण्वादीनामिति । **'परम अणुपरिमाण'** तथा 'आदि' शब्द से **'परम महत्-परिमाण'** में **'प्राणप्रद धर्म'** होने के कारण उन्हें **'जाति'** शब्द से ही कहना उचित है, तथापि **'वैशेषिक-दर्शन'** में उसका 'गुणों' के बीच पाठ कर देने से उस शास्त्र में, **'व्याकरण-शास्त्र'** के नदी, गुण, वृद्धि आदि सांकेतिक संज्ञाओं के समान **'पारिभाषिक गुणत्व'** समझना चाहिए । अर्थात् 'परमाणु-परिमाण' को गुण कहने में **'वैशेषिक दर्शन'** की अपनी एक परिभाषा है ।

विशेष विवरण–पूर्व कह चुके हैं कि **'व्यक्ति'** में शक्तिग्रह मानने पर **'आनन्त्य'** और **'व्यभिचार'** दोष होते हैं । इसलिए **'व्यक्ति'** में **'शक्तिग्रह'** नहीं माना जाता । किन्तु **'व्यक्ति'** के **'उपाधिभूत'** 'जाति, गुण आदि धर्मों' में ही शक्तिग्रह को स्वीकार करना चाहिए । **'जातिरूप धर्म'** में शक्तिग्रह स्वीकार करने पर **'लाभ'** यह होता है कि **'सभी गोव्यक्तियों'** में एक ही **'गोत्वजाति'** समान रूप से रहती है, जिससे समस्त गोव्यक्तियों का ज्ञान हो सकता है । उसी प्रकार **'शुक्लादि गुण'** भी सर्वत्र एक रूप से समान ही है । अतः एक बार शक्तिग्रह हो जाने पर समस्त शुक्ल वस्तुओं का ज्ञान हो जाता है । प्रत्येक वस्तु (व्यक्ति) में पृथक्-पृथक् शक्तिग्रह (संकेतग्रह) की आवश्यकता नहीं है ।

इस पर कोई कह सकता है कि शङ्ख, दूध, वस्त्र, सीप, मोती, चाँदी आदि भिन्न-भिन्न शुक्ल वस्तुओं में रहने वाला शुक्लरूप अलग-अलग प्रतीत होता है । किसी की शुक्लता अधिक तो किसी की शुक्लता कम प्रतीत होती है, सबकी एक-सी नहीं । इसी तरह **'चावल'** का पकाना, **'ईंटों'** का पकाना आदि **'क्रियाओं'** में **'पाकक्रिया'** भी अलग-अलग ही होती है । इसलिए किसी एक 'शुक्ल' में 'शुक्ल' पद का संकेत-ग्रह हो जाने से सबका ज्ञान नहीं हो पायेगा । जैसे—अनेक 'गोव्यक्तियों' में से किसी एक 'गोव्यक्ति' में शक्तिग्रह मानने पर 'आनन्त्य' और 'व्यभिचार'—दोष उपस्थित होते हैं । उसी प्रकार शङ्ख, दूध आदि वस्तुओं में आश्रित 'शुक्लादि गुणों' तथा 'पाक आदि क्रियाओं' में भी भेद होने से **'आनन्त्य'** एवं **'व्यभिचार'**–दोष उपस्थित होंगे । अतः एक जगह शक्तिग्रह मानने से काम नहीं चल सकता ।

उपर्युक्त शङ्का का समाधान **भट्ट मम्मट ने** यह दिया है कि—'शुक्ल' आदि गुण और 'पाक' आदि क्रियाओं का भिन्न-भिन्न पदार्थों में जो अलग-अलग रूप दिखलाई देता है, उसका कारण उन 'शुक्लादि गुणों' का वास्तविक भेद नहीं, बल्कि **'उपाधि'** का भेद है । जैसे—'मुख' एक ही है, किन्तु चमकते हुए सफेद तलवार में, त्र्यस्र-वर्तुलाकार भिन्न-भिन्न प्रकार के शीशे में, अथवा तेल, पानी आदि वस्तुओं में उसका प्रतिबिम्ब भिन्न-भिन्न प्रकार का दिखाई देता है । वस्तुतः 'मुख' में

गुणक्रियायदृच्छानां वस्तुत एकरूपाणामप्याश्रयभेदाद् भेद इव लक्ष्यते, यथैकस्य मुखस्य खड्गमुकुरतैलाद्यालम्बनभेदात् ।

कोई भेद नहीं है। प्रतिबिम्ब में दृष्टिगत होने वाला भेद केवल उपाधिकृत है। उसी प्रकार 'शुक्लादि गुण' और 'पाकादि क्रियाएँ' भिन्न-भिन्न वस्तुओं में भिन्न-भिन्न प्रकार की भले ही दिखाई पड़ें, किन्तु उनकी यह भिन्नता वास्तविक नहीं है, अपितु **'उपाधिकृत'** है। इसलिए गुण, क्रिया आदि में शक्तिग्रह मानने पर कोई दोष प्रतीत नहीं हो रहा है। इसी अभिप्राय से **ग्रन्थकार** स्वयं लिख रहे हैं—

गुणक्रियेति। नानाविध वस्तुओं में अलग-अलग प्रकार से प्रतीत होने वाले 'गुण', 'क्रिया' और 'यदृच्छा' यद्यपि एक रूप हैं, तथापि आश्रय के भेद से उनमें भेद सा दिखाई देता है, वस्तुतः कोई भेद नहीं है। जैसे—एक ही मुख का खड्ग (तलवार), दर्पण तथा तेल आदि आश्रयों की भिन्नता के कारण उनमें पड़ने वाले प्रतिबिम्ब भिन्न-से प्रतीत होते हैं, किन्तु वह भेद वास्तविक न होकर औपाधिक हैं। उसी प्रकार 'गुण आदि' में प्रतीयमान भेद भी केवल औपाधिक है। अतः 'गुण आदि' में शक्तिग्रह मान लेने पर 'आनन्त्य' 'व्यभिचार' आदि दोषों की उद्भावना नहीं की जा सकती।

केवल 'जाति' में शक्तिग्रह कहने वाले मीमांसकों का मत—

विशेष विवरण—'संकेतितश्चतुर्भेदो जात्यादिर्जातिरेव वा' 'मीमांसकों का कहना है कि **'अर्थ'** में 'शब्द' की प्रवृत्ति का निमित्त केवल **'जाति'** ही है। 'गुण' 'क्रिया' और 'संज्ञा-वाचक' शब्दों का भी अर्थ **'जाति'** ही है। क्योंकि परस्पर भिन्न शुक्ल (सफेद रंग की) 'वस्तु-व्यक्तियों' में सर्वत्र अनुगत (व्याप्त) 'शुक्लत्व' जाति (सामान्य) ही है। जिसके प्रभाव से सर्वत्र एक ही 'शुक्ल' शब्द का प्रयोग किया जाता है और एक 'शुक्ल-गुण' का अनुभव भी सर्वत्र होता है। इसीप्रकार क्रिया-वाचक पाक आदि शब्द का अर्थ भी 'पाकत्व' जाति ही है। क्योंकि परस्पर भिन्न तण्डुलपाक, पायसपाक, गुड़पाक, आम्रपाक आदि पाक रूप वस्तु-व्यक्तियों के लिए एक ही **'पाक'** शब्द का व्यवहार किया जाता है और उसी में सबकी प्रतीति भी होती है। इसी प्रकार 'डित्थ' आदि संज्ञा शब्दों का अर्थ भी **'डित्थत्व जाति'** ही है। उसी कारण बालक, वृद्ध, शुक, सारिका आदि के द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार की बोलियों में उनका भिन्न-भिन्न स्वरूप होने पर भी उसे **'डित्थ'** आदि एकविध शब्द के रूप में पहचान लेते हैं। क्योंकि 'डित्थ' आदि द्रव्यों में भी **'डित्थत्व'** जाति की प्रतीति होती है। यदि इसे न माना जाय तो जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त प्रतिक्षण परिवर्तनशील वस्तुओं में डित्थादि रूप से एकरूपता कैसे प्रतीत होती? अतः **'डित्थादि'** संज्ञा शब्दों में 'डित्थत्व' जाति का रहना निर्विवाद सिद्ध हो जाता है।

'संकेतितश्चतुर्भेदो जात्यादिर्जातिरेव वा'—इसमें संकेतित अर्थ के विषय में 'जात्यादिः' और 'जातिरेव वा' इन दो पक्षों को दिखाया गया है। उनमें 'जात्यादि' पक्ष 'वैयाकरणों' और उसके अनुगामी 'आलंकारिकों' का है तथा 'जातिरेव वा' यह दूसरा पक्ष 'मीमांसकों' का है। 'जात्यादिः' कहने से 'जाति' 'गुण' 'क्रिया' और 'यदृच्छारूप' वस्तु के उपाधि-भूत चार धर्मों में संकेतग्रह होता है, यह कथन 'चतुष्टयी शब्दानां प्रवृत्तिः' इस 'महाभाष्य' के आधार पर किया गया है। दूसरा पक्ष 'जातिरेव' वा मीमांसकों का है। अर्थात् मीमांसक शब्द का 'प्रवृत्ति-निमित्त' केवल 'जाति' को ही मानते हैं। उसी के समान 'गुण' 'क्रिया' और 'यदृच्छा' का भी 'जाति' में ही संकेतग्रह होना कहता है। 'अनुगत-प्रतीति' (एकाकार प्रतीति) के कारण को 'जाति' (सामान्य) कहते हैं। 'गुण', 'क्रिया' और 'यदृच्छा' शब्दों में भी 'जाति' का अनुसन्धान होता है, क्योंकि सभी शुक्ल पदार्थों में 'शुक्लः, शुक्लः' यह अनुगत प्रतीति (एकाकार प्रतीति) होती है। इस एकाकार प्रतीति के होने में कारण 'शुक्लत्व' जाति ही है। जाति (सामान्य) का लक्षण इस प्रकार है—'अनुवृत्तिप्रत्ययहेतुः सामान्यम्' अनुगत (एकाकार) प्रतीति के हेतु को सामान्य कहते हैं। जैसे—अनेक घट, पट आदि व्यक्तियों में 'घटः-घटः' या 'पटः-पटः' इस अनुवृत्तिप्रत्यय (एकाकार प्रतीति) का कारण 'घटत्व' या 'पटत्व' जाति ही है। उसी प्रकार भिन्न-भिन्न वस्तुओं में रहने वाले 'शुक्ल गुण' में अयं शुक्लः-'अयं शुक्लः'-इस प्रकार होने वाली अनुगत (एकाकार) प्रतीति का कारण 'शुक्लत्व' जाति ही है। उसी प्रकार गुड़, तण्डुल आदि अनेक वस्तुओं के 'पाक' में रहने वाली 'पाक-क्रिया' में 'पाकः-पाकः' इस प्रकार अनुगत प्रतीति होने का कारण 'पाकत्व' जाति ही है। इसी प्रकार भिन्न-भिन्न व्यक्तियों के द्वारा उच्चरित 'यदृच्छा शब्द' का प्रतिक्षण परिणाम होते रहने के कारण भिद्यमान अर्थों में भी 'जाति' का अनुसन्धान होता है। अतः 'जाति शब्दों' के समान ही अन्य तीनों का भी जाति में ही संकेतग्रह स्वीकार करना चाहिए अर्थात् चारों प्रकार के शब्दों का प्रवृत्ति-निमित्त 'जाति' ही है। 'जाति' (सामान्य) का एक दूसरा लक्षण भी है—'नित्यत्वे सति अनेकसमवेतत्वम्' इसके अनुसार भी 'शुक्लत्व' आदि को 'जाति' या 'सामान्य' कह सकते हैं। क्योंकि 'शुक्ल गुण' उन-उन पदार्थों का अपना-अपना है। 'मीमांसक' अनेक पदार्थों में शुक्लादि गुणों को 'एक रूप नहीं मानते। वे भिन्न-भिन्न पदार्थों में शुक्लादि गुणों को भिन्न-भिन्न मानते हैं। शुक्लादिगुणों को एक रूप मानना अनुभव के विरुद्ध बतलाते हैं।

यदृच्छा शब्दों में जाति का उपपादन—

जाति के लक्षण में 'अनेकसमवेतत्व' यह अंश भी है। 'यदृच्छा शब्द' तो एक

हिमपयः शङ्खाद्याश्रयेषु परमार्थतो भिन्नेषु शुक्लादिषु यद्वशेन शुक्लः शुक्ल इत्याद्यभिन्नाभिधानप्रत्ययोत्पत्तिस्तच्छुक्लत्वादि सामान्यं गुडतण्डुला-

---

व्यक्ति का वाचक **रूढ शब्द** (संज्ञा शब्द) होता है। वह 'अनेक व्यक्तियों' का वाचक नही है। इसलिए उसमें **'अनेकसमवेतत्व'** यह अंश न रहने के कारण उसका अर्थ 'जाति' कैसे कहा जाय ? क्योंकि **'जाति'** तो 'अनेक-समवेत' हुआ करती है। और **'यदृच्छा शब्दों'** में स्फोट रूप शब्द भी एक है, और उससे प्रतीत होने वाला अर्थ (वाच्यार्थ) 'व्यक्ति-विशेष' भी एक है। अतः उसे जातिवाचक कैसे कहा जाय ?।

इसका समाधान **मीमांसकों** ने यह दिया है कि **'डित्थ'** आदि संज्ञा शब्द का उच्चारण करने वाले व्यक्ति भिन्न-भिन्न हैं। इस कारण 'डित्थादि' संज्ञाशब्दों में प्रतिक्षण वृद्धि अथवा ह्रास रूप परिवर्तन होता रहता है। अतः 'डित्थादि' शब्दों में भेद (अनेकत्व) मानना चाहिए। भले ही वह शब्द, एक 'डित्थ' अथवा 'देवदत्त' आदि व्यक्ति रूप अर्थ का वाचक हो। किन्तु उस 'अर्थ-व्यक्ति' के वाचक 'शब्द-व्यक्ति' में अनेकत्व (भेद) माना जा सकता है। वाचक बने हुए उन अनेक शब्दों (शब्द व्यक्तियों) में अनुगत (एकाकार) प्रतीति कराने वाली **'डित्थत्व'** अथवा **'देवदत्तत्व' जाति** ही है। इसी प्रकार **'प्रतिक्षणपरिणामिनो हि सर्वे भावाः-ऋते चितिशक्तेः'** केवल (एकमात्र) चेतन (आत्मा) को छोड़कर संसार के समस्त पदार्थों में प्रतिक्षण परिणाम (परिवर्तन) होता रहता है, इस **सांख्य-सिद्धान्त** के अनुसार **'यदृच्छा (संज्ञा) शब्दों'** के वाच्यार्थ रूप 'व्यक्तियों' में भी परिवर्तन होने से भेद की कल्पना कर सकते हैं। और उनमें जो **अनुगत प्रतीति** (एकाकार प्रतीति) होती है, उसका कारण **'डित्थत्व, देवदत्तत्व'** आदि **'जाति'** ही है। इसलिए **यदृच्छा शब्दों** का **संकेतग्रह जाति में ही** कहना चाहिए। **तात्पर्य यह है** कि **वैयाकरण** 'जाति, गुण, क्रिया, यदृच्छा' इन चारों में संकेतसंग्रह मानते हैं किन्तु **मीमांसक** उक्त चारों के बजाय 'केवल जाति' में ही उसे (संकेत-सग्रह को) कहते हैं।

ग्रन्थकार **भट्ट मम्मट ने** काव्यप्रकाश की कारिका में **'जातिरेव वा'** लिख-कर **मीमांसकों** का मत बताया है। किन्तु **ग्रन्थकार** को यह मत **स्वीकार नहीं है**। केवल **मीमांसकों** के मत को प्रदर्शित करने के लिए ही उन्होंने लिखा है।

उपर्युक्त **अभिप्राय** को ही ग्रन्थकार लिखते हैं—

हिमपय इति। 'हिम' (बर्फ) 'दूध' और 'शङ्ख' आदि पदार्थों के 'शुक्ल गुणों' में जिसके कारण 'शुक्लः, शुक्लः' इस प्रकार अभिन्नताभिधान (एकाकार

दिपाकादिष्वेवमेव पाकत्वादि, बालवृद्धशुकादयुदीरितेषु डित्थादिशब्देषु च प्रतिक्षणं भिद्यमानेषु डित्थाद्यर्थेषु वा डित्थत्वाद्यस्तीति सर्वेषां शब्दानां जातिरेव प्रवृत्तिनिमित्तमित्यन्ये ।

तद्वान् अपोहो वाशब्दार्थः कैश्चिदुक्त इति ग्रन्थगौरवभयात्प्रकृतानुपयोगाच्च न दर्शितम् ।

कथन) और प्रत्ययोत्पत्ति (प्रतीति की उत्पत्ति) होती है, वह **'शुक्लत्वादि' सामान्य** (जाति) है। 'गुड़' और 'तण्डुल' आदि के **पाकों में** भी इसी प्रकार **पाकत्व** आदि **सामान्य** (जाति) है। उसी प्रकार बालक, वृद्ध और शुक (तोता) आदि के द्वारा बोले गये 'डित्थादिशब्दों' में और प्रतिक्षण परिवर्तनशील 'डित्थ' आदि 'पदार्थों' में **डित्थत्व आदि जाति** (सामान्य) रहती है। इसलिए **समस्त शब्दों** की अपने-अपने अर्थों में प्रवृत्ति का **निमित्त** केवल एकमात्र **जाति** ही है।

संकेतग्रह के सम्बन्ध में नैयायिक एवं बौद्धों का मत—

तद्वान् अपोह इति। कुछ लोगों ने **'तद्वान्'** (जातिविशिष्टव्यक्ति) और **'अपोह'** (अतद्व्यावृत्ति या तद्भिन्नभिन्नत्व) को ही शब्द का अर्थ कहा है। **'तद्वान्'** (जातिविशिष्ट व्यक्ति) पक्ष **नैयायिकों** का है और **'अपोह'** (तद्भिन्नभिन्नत्व) पक्ष **बौद्धों** का है। ग्रन्थ के बढ़ जाने के भय से और प्रकृत में उसका अनुपयोग रहने से उक्त दोनों मतों का अधिक विस्तार नहीं किया है।

विशेष विवरण—संकेतग्रह के सम्बन्ध में **वैयाकरण, आलंकारिक** तथा **मीमांसकों** के मत का निरूपण अभी तक किया गया। अब **नैयायिक** और **बौद्धों** के मतों को बताया जायेगा, जो पूर्वोक्त तीनों से भिन्न है।

नैयायिक 'केवल जाति' में संकेतग्रह का होना जैसे नहीं मानते, उसी तरह वे **'केवल व्यक्ति'** में भी संकेतग्रह का होना नहीं मानते। न मानने का कारण यह है कि 'केवल व्यक्ति' में संकेतग्रह मानने से आनन्त्य और व्यभिचार दोष होते हैं। तथा केवल जाति में शक्तिग्रह (संकेतग्रह) मानने पर 'शब्द' से केवल 'जाति' की उपस्थिति होती है, 'व्यक्ति का भान' शब्द से नहीं होता है। यदि यह कहें कि 'जाति' में **शक्ति** मानकर **'आक्षेप'** से 'व्यक्ति' का भान हो जायेगा, किन्तु यह कथन उचित नहीं है, क्योंकि उसका शाब्दबोध में अन्वय नहीं हो पायेगा। **'शाब्दी आकांक्षा शब्देनैव पूर्यते'** इस नियम के अनुसार **शब्दशक्ति** से प्राप्त हुए **अर्थ** का ही **शाब्द-बोध** में अन्वय होता है। **आक्षेप** से प्राप्त हुए **अर्थ** का **शाब्द-बोध** में अन्वय नहीं होता। अतः **नैयायिकों** का कहना है कि 'केवल जाति' या 'व्यक्ति' में शक्तिग्रह न मानकर **'जाति-विशिष्ट व्यक्ति'** में शक्तिग्रह को मानना चाहिये।

नैयायिकों के इस मत को ग्रन्थकार ने 'तद्वान् शब्दार्थः' कहकर बताया है। 'तद्वान्' का अर्थ 'जातिमान्' है। एवञ्च नैयायिकों के मत से जाति-विशिष्ट-व्यक्ति में संकेतग्रह का होना माना जाता है।

बौद्धों के मत में शब्द का अर्थ 'अपोह' माना जाता है। 'अपोह' का अर्थ 'अतद्व्यावृत्तिः' अथवा 'तद्भिन्नभिन्नत्व' है। किन्तु नैयायिकों के अनुसार अनेक पदार्थों में एकाकार प्रतीति जो होती है, उसका कारण उन पदार्थों पर रहने वाला 'सामान्य' ही है। यह 'सामान्य' नित्य पदार्थ है, और अनेक में समवेत भी है। 'नित्यत्वे सति अनेकसमवेतत्वं सामान्यम्' यह सामान्य का लक्षण किया जाता है। अतः 'सामान्यवादी' दार्शनिकों का 'सामान्य' (जाति) 'नित्य' है। किन्तु बौद्धों का सिद्धान्त 'सर्वं क्षणिकं, सर्वं क्षणिकं' इस प्रकार 'क्षणभङ्गवाद' का है। इस कारण बौद्ध 'सामान्यरूप नित्य पदार्थ' को नहीं मानते। सामान्य-वादियों के यहाँ अनेक पदार्थों में अनुगत प्रतीति कराने में 'सामान्य' जैसे कारण होता है, उसी प्रकार बौद्धों के यहाँ सामान्य के स्थान पर 'अनुगत प्रतीति' कराने में कारण 'अपोह' होता है। 'अपोह' का अर्थ 'अतद्व्यावृत्ति' अथवा 'तद्भिन्न-भिन्नत्व' है। 'अनेक घट-व्यक्तियों' में 'घटः, घटः' यह जो 'अनुगत प्रतीति' होती है, उसका कारण अघटव्यावृत्ति अथवा घटभिन्न-भिन्नत्व है। प्रत्येक घट 'अघट' से अर्थात् घटभिन्न जो सम्पूर्ण जगत्, उससे भिन्न है (व्यावृत्त है)। इस कारण 'उनमें' घटः-घटः यह एक-सी प्रतीति होती है। इसलिए बौद्धों के मत में 'शब्द' का अर्थ 'अपोह' ही माना गया है। उस 'अपोह' में 'संकेतग्रह' स्वीकार करना चाहिए। इस बौद्ध-सिद्धान्त को मम्मट ने 'अपोहो वा शब्दार्थः' कहकर बताया है।

मम्मटभट्ट का अपना मत—

संकेतग्रह के विषय में ग्रन्थकार ने चार मतों को प्रदर्शित किया है—पहला मत भाष्यकार का, दूसरे मत को 'इत्यन्ये', तीसरे और चौथे मत को 'कैश्चित्' शब्द से कहा है। व्याकरणशास्त्र का अनुगामी साहित्यशास्त्र है, इस बात को ग्रन्थकार ने 'बुधैर्वैयाकरणैः' कहकर सूचित किया है। इससे स्पष्ट होता है कि साहित्यशास्त्र भी वैयाकरणों के अनुसार 'जात्यादि चारों' में संकेतग्रह का होना मानता है। भट्टमम्मट ने अपने एक अन्य 'शब्द-व्यापार-विचार' नामक ग्रन्थ में स्पष्ट लिखा है कि 'तत्र-मुख्यश्चतुर्भेदो ज्ञेयो जात्यादिभेदतः'—अभिधाशक्ति से प्रतिपादित मुख्य अर्थ, 'जाति' आदि के भेद से चार प्रकार का समझना चाहिए।

अभी तक 'वाच्य', 'लक्ष्य' और 'व्यङ्ग्य' ये तीन भेद 'अर्थ' के बताये गये हैं,

(अभिधालक्षणम्)

(सू०११) समुख्योऽर्थस्तत्र मुख्यो व्यापारोऽस्याभिधोच्यते॥८॥

स इति साक्षात्सङ्केतितः। अस्येति शब्दस्य।

को 'मुख्य' कहने का कारण यह है कि 'मुखमिव मुख्यः'—शरीर के समस्त अवयवों में सबसे प्रधान 'मुख' होता है और वही सबसे पहले दृष्टिगोचर होता है। उसी तरह 'वाच्य', 'लक्ष्य', 'व्यङ्ग्य' इन तीनों अर्थों में से प्रधान और सबसे पहले उपस्थित होने वाला अर्थ 'वाच्यार्थ' ही है, वह 'मुख' के तुल्य होने से उसे मुख्यार्थ कहा जाता है। उस (वाच्यार्थ या मुख्यार्थ) को बताने वाला जो शब्द का व्यापार है उसे अभिधाव्यापार कहते हैं।

ग्रंथकार ने 'मुख्यार्थबाधे तद्योगे' तथा 'मुख्यशब्दाभिधानाल्लक्षणायाः को भेदः' इत्यादि अनेक स्थलों पर 'वाच्य-अर्थ' तथा 'वाचक-शब्द' के लिए 'मुख्यार्थ' तथा 'मुख्य-शब्द' का प्रयोग किया है। अतः यहाँ 'वाच्यार्थ' को ही 'मुख्यार्थ' कहा गया है। इसी अभिप्राय को ग्रन्थकार मम्मटभट्ट कह रहे हैं।

(सू० ११) वह साक्षात् संकेतित अर्थ, 'मुख्यार्थ' कहलाता है और उसका बोधन कराने में 'शब्द' का जो व्यापार होता है, उसे 'अभिधाव्यापार' कहते हैं। इस संकेतितार्थ के बोधजनक व्यापार को 'शक्ति' भी कहते हैं॥ ८॥

स इतीति। सूत्र में प्रयुक्त 'सः' पद से 'साक्षात्संकेतित' अर्थ का ग्रहण किया गया है। और 'अस्य' पद से 'शब्दस्य' यानी 'शब्द' का ग्रहण किया है। अतः 'अस्य' पद से मुख्यार्थ के परामर्श का भ्रम नहीं करना चाहिये।

विशेष विवरण—सूत्रकार को 'स मुख्योऽर्थः' कहने की आवश्यकता इसलिए प्रतीत हुई कि किसी को यह भ्रम न रहे कि उक्त त्रिविध अर्थ के अतिरिक्त मुख्यत्वेन ('मुख्य' नाम से) प्रसिद्ध 'मुख्यार्थ' को क्यों नहीं बताया? उस भ्रम को दूर करने के लिए अवधारणगर्भित 'सः' पद का प्रयोग किया है। उससे निश्चित हो जाता है कि 'सः' वह यानी साक्षात् संकेतित अर्थ ही मुख्यत्वेन प्रसिद्ध है, उसके अतिरिक्त कोई अन्य अर्थ नहीं है। 'साक्षात्संकेतित अर्थ' ही प्रथमतः प्रतीयमान होता है, उसका प्रथमतः प्रतीयमान होना ही उसकी 'मुख्यता' है। निष्कर्ष यह हुआ कि शब्दव्यापार से जो अर्थ अव्यवधानेन (बिना किसी व्यवधान के) ज्ञात होता है, वही 'मुख्य अर्थ' माना जाता है। जैसे शरीर के हस्तादि समस्त अवयवों से पूर्व 'मुख' दिखाई देता है, वैसे ही 'लक्ष्य, व्यङ्ग्य, तात्पर्यादि' समस्त अर्थों के प्रतीयमान होने से पूर्व इस 'साक्षात्संकेतित अर्थ' को प्रतीति होती है। इस कारण 'मुख्यत्व' [illegible]

(लक्षणालक्षणम्)

(सू० १२) मुख्यार्थबाधे तद्योगे रूढितोऽथ प्रयोजनात् ।

निरुक्ति के बलपर उसे 'मुख्य' कहा जाता है। 'मुख्यः' मे 'शाखादिभ्यो यः'—(पा. सू. ५।३।१०३) सूत्र से 'य' प्रत्यय किया गया है।

उसी प्रकार 'मुख्यार्थ' को विषय करनेवाले 'शब्द' को भी 'मुख्य' बताया गया है। अत एव आगे चलकर ग्रंथकार ने अपनी वृत्ति में 'मुख्यशब्दाभिधानाल्लक्षणायाः को भेदः' कहते हुए 'शब्द' को भी 'मुख्यशब्द' से कहा है।

किसी व्याख्याकार ने सू० ११ वें की अवतरणिका देते हुए जो कहा है कि 'मुख्यार्थबाधे तद्योगे' इस अग्रिम सूत्र के उपयुक्त होने से 'वाच्य' का नामान्तर 'स मुख्योऽर्थः' सूत्र से किया जा रहा है। किन्तु उस व्याख्याकार का यह कथन उचित नहीं है। क्योंकि अग्रिम सूत्र 'मुख्यार्थबाधे' के बजाय 'वाच्यार्थबाधे' भी कहा जा सकता था। इस प्रकार कहने से भी अभीष्ट सूत्रार्थ की उपपत्ति हो जाती है। अतः उसके 'संज्ञान्तर' (नामान्तर) करने में गौरव होगा, इसलिए इस प्रकार कहना अनुचित है।

'स मुख्योऽर्थः' से साक्षात्संकेतित जो अर्थ यानी वाच्यार्थ, उसी को 'मुख्यार्थ' कहकर साक्षात्संकेतितार्थ-विषयक यानी साक्षात्संकेतितार्थ-बोधक जो 'शब्द' उसी को ग्यारहवें सूत्र में 'अस्य' पद से बताया गया है। तब अर्थ यह हुआ कि साक्षात्संकेतितार्थ-बोधजनक व्यापार (वृत्ति) को 'अभिधा' कहते हैं। उस अभिधा का ही पर्यायशब्द 'शक्ति' है। और शक्तिग्राहकसमय को 'संकेत' कहते हैं। उस समय (संकेत) का आकार 'अस्मात् अयमर्थो बोद्धव्यः' बताया जाता है। 'शक्ति' और 'संकेत' दोनों में यही अन्तर है। अत एव 'नाभिधा समयाभावात्' इस चौबीसवें सूत्र में दोनों (अभिधा और समय) का निर्देश किया गया है ॥ ८ ॥

लक्षणानिरूपण—

मुख्यार्थ (वाच्यार्थ) की प्रतीति 'अभिधा' शक्ति से होती है। वही वाच्यार्थ (मुख्यार्थ) को सबसे पहले बताती है। उसी की सहायता से 'शब्द' अपने 'वाच्य-अर्थ' को बता पाता है। इसीलिए उसे (शब्द को) 'वाचक' कहा गया है।

अब उद्देशक्रम के अनुसार 'वाचकशब्द' निरूपण करने के पश्चात् 'लाक्षणिक' शब्द का निरूपण करना उचित है। किन्तु 'लाक्षणिकशब्द' का निरूपण, लक्षणानिरूपण के अधीन होने से ग्रंथकार 'लक्षणा' का निरूपण पहले कर रहे हैं—

(सू० १२) (१) मुख्यार्थ का बाध (अन्वय की अनुपपत्ति अथवा तात्पर्य की अनुपपत्ति) होने पर, (२) उसके (मुख्यार्थ के) साथ (लक्ष्यार्थ—अन्य अर्थ

अन्योऽर्थो लक्ष्यते यत् सा लक्षणारोपिता क्रिया ॥९॥

जिस शब्दशक्ति के द्वारा अन्य अर्थ लक्षित होता है, वह (मुख्यरूप से 'अर्थ' में रहने के कारण) शब्द का आरोपित व्यापार 'लक्षणा' कहलाता है ॥ ९ ॥

विशेष विवरण—निर्दिष्ट किये गये बारहवें सूत्र में 'लक्ष्यते यत् सा' में प्रयुक्त 'यत्' शब्द की व्याख्या दो प्रकार से की जाती है। एक व्याख्या अनुके सार- 'यदिति' 'यया' इत्यर्थे लुप्तकरणं तृतीयान्तमव्ययम्' अर्थात् 'यत्' पद 'यया' के अर्थ में करणविभक्ति का लोप करके निष्पन्न हुआ तृतीयांत अव्ययपद है। अतः तदनुसार 'यया शब्दशक्त्या अन्योऽर्थो लक्ष्यते सा लक्षणा'—जिस शब्द-शक्ति से अन्य अर्थ लक्षित होता है वह 'लक्षणा' कही जाती है।

दूसरी व्याख्या के अनुसार 'यत्' यह क्रियाविशेषण है, 'यत् लक्ष्यते' अर्थात् 'यत् प्रतिपाद्यते'—जो प्रतिपादित होता है, वह 'लक्षणा' है। इन दोनों व्याख्याओं में, विशेषतः दूसरी व्याख्या में 'लक्ष्यते' में 'णिच्' प्रत्यय लगाकर आख्यातान्त रूप बनाया गया है। 'णिच्' प्रत्यय का अर्थ प्रयोजक हेतु का व्यापार है। 'अन्योऽर्थो यत् लक्ष्यते' का अर्थ यह हुआ कि 'अन्यार्थप्रतिपत्तिहेतुः शब्दव्यापारो लक्षणा'। किन्तु इस दूसरी व्याख्या के क्लिष्ट हो जाने से 'यत्' पद को 'यया' के अर्थ में लुप्तकरण तृतीयान्त अव्यय समझना ही उपयुक्त प्रतीत होता है।

कुछ व्याख्याकारों ने 'यत् प्रतिपाद्यते सा प्रतिपत्तिरेव लक्षणा' ऐसी भी व्याख्या की है। किन्तु यह व्याख्या अत्यन्त असंगत है। क्योंकि 'प्रतिपत्ति' अर्थात् ज्ञान 'लक्षणा' नहीं है, अपितु शब्द की शक्ति 'लक्षणा' है।

महामीमांसक श्रीकुमारिलभट्टपाद ने अपने तंत्रवार्तिक में 'अभिधेयाविनाभूते अवृत्तिर्लक्षणेष्यते' (तं० वा० १।४।२३) कहा है। किन्तु मूल कारिका के 'प्रतीति' पाठ के आधार पर कतिपय व्याख्याकारों ने यहाँ भी 'यत् लक्ष्यते सा प्रतिपत्तिरेव लक्षणा' ऐसी व्याख्या कर डाली है। पर जिस ग्रन्थ की ऐसी व्याख्या की है, उस ग्रन्थकार मम्मट का यह सिद्धान्त नहीं है। अतः लक्षणा के सम्बन्ध में काव्यप्रकाश की व्याख्या करने चले व्याख्याकारों को मूल ग्रन्थकार के सिद्धान्त को बिना जाने व्याख्या करना उचित नहीं है। काव्यप्रकाशकार तो 'शब्दव्यापार' को 'लक्षणा' मानते हैं। अतः 'यया' के अर्थ में ही 'यत्' अव्यय का प्रयोग है। किन्तु वहाँ भी 'प्रतीति' का अर्थ ज्ञान नहीं लिया गया है, अपितु 'प्रतीति का करणभूत व्यापार' अर्थ किया गया है। 'करण' अर्थ में 'क्तिन्' प्रत्यय करके 'प्रतीयते अर्थः अनया इति प्रतीतिः' यह विग्रह किया जाता है।

मुख्यार्थबाध के दो रूप—

(१) बारहवें सूत्र में 'लक्षणा' का मुख्य कारण (हेतु) 'मुख्यार्थबाध' बताया है। उसकी भी व्याख्या दो प्रकार से की गई है। अधिकतर व्याख्याकार 'मुख्यार्थबाध' का अर्थ 'अन्वयानुपपत्ति' करते हैं। जैसे—'गंगायां घोषः' उदाहरण में 'गंगा' का अर्थ 'जलप्रवाह' है, और 'घोष' का अर्थ 'आभीरपल्ली' यानी ग्वालों की बस्ती है। तब गंगा के जल-प्रवाह पर ग्वालों की बस्ती रह नहीं सकती। अतः अन्वय के अनुपपन्न होने से 'गंगा' पद लक्षणा से 'तट' रूप अर्थ को बताता है।

(२) किन्तु नागेशभट्ट ने 'परमलघुमञ्जूषा' में 'अन्वयानुपपत्ति' के बजाय 'तात्पर्यानुपपत्ति' को लक्षणा का बीज बताया है। उसमें हेतु यह प्रदर्शित किया है कि यदि 'अन्वयानुपपत्ति' को लक्षणा का बीज स्वीकार करेंगे तो 'काकेभ्यो दधि रक्ष्यताम्' इस प्रयोग में लक्षणा नहीं हो सकेगी। क्योंकि 'काकेभ्यो दधि रक्ष्यताम्' कहने वाले का तात्पर्य केवल कौवे (काक) से ही दही को बचाने में न होकर कुत्ते, बिल्ली आदि जितने भी दध्युपघातक प्राणी हों, उन सबसे दही की रक्षा करने में है। इस तात्पर्य की पूर्ति 'काक' पद की दध्युपघातक अर्थ में लक्षणा करने से ही हो सकती है, अन्यथा नहीं। यदि 'तात्पर्यानुपपत्ति' को लक्षणा का बीज न मानें तो 'काकेभ्यो दधि रक्ष्यताम्' इस वाक्य-प्रयोग में 'अन्वयानुपपत्ति' तो नहीं है, क्योंकि सभी पदों का अन्वय उपपन्न हो जाता है। अतः यदि 'अन्वयानुपपत्ति' को ही लक्षणा का बीज कहें तो यहाँ लक्षणा होगी ही नहीं। इसी कारण नागेशभट्ट ने 'अन्वयानुपपत्ति' के बजाय 'तात्पर्यानुपपत्ति' को लक्षणा का बीज बताया है। तब अन्वय में किसी बाधा के न रहने पर भी 'काक' पद का 'मुख्यार्थ' मात्र लेने से वक्ता के तात्पर्य की उपपत्ति नहीं हो पाती। इसलिए 'लक्षणा' करना अनिवार्य हो जाता है। अतः 'तात्पर्यानुपपत्ति' को ही लक्षणा का बीज मानना चाहिये—यह नागेशभट्ट का कथन है।

एवं च 'अन्योऽर्थो लक्ष्यते यत्सा लक्षणा' अर्थात् 'अन्यार्थप्रतिपत्तिहेतुः शब्दव्यापारो लक्षणा'—यह 'लक्षणा' का लक्षण है। नवम कारिका में निर्दिष्ट लक्षण के साथ पढ़े गये 'आरोपिता' और 'क्रिया' दोनों पद लक्षण-घटक नहीं हैं। वे लक्षणा के स्वरूप का प्रतिपादन करने के लिए पढ़े गये हैं। वह व्यापारस्वरूप लक्षणा, मुख्यार्थ से व्यवहित लक्ष्यार्थ को विषय करने के कारण 'शब्द' में कल्पित है, यानी आरोपित है। साक्षात्संबन्ध से तो वह 'मुख्यार्थ'-निष्ठ है, और परम्परासम्बन्ध से 'शब्द'-निष्ठ है। अभिप्राय यह है कि शब्द अपने 'मुख्यार्थ' के द्वारा 'अमुख्यार्थ' का प्रतिपादन करता है। 'वह प्रतिपादन' शब्द के आरोपित (काल्पनिक) व्यापार से सम्बन्धित है। इस व्यापार को शब्द का आरोपित व्यापार इस-

कर्मणि कुशल इत्यादौ दर्भग्रहणाद्ययोगाद् गङ्गायां घोष इत्यादौ च गङ्गादीनां घोषाद्याधारत्वासम्भवाद् मुख्यार्थस्य बाधे विवेचकत्वादौ सामीप्ये च सम्बन्धे रूढितः प्रसिद्धेः तथा गङ्गातटे घोषः इत्यादेः प्रयोगाद् येषां न तथा प्रतिपत्तिः तेषां पावनत्वादीनां धर्माणां तथा प्रतिपादनात्मनः प्रयोजनाच्च मुख्येनामुख्यो लक्ष्यते यत् स आरोपितः शब्दव्यापारः सान्तरार्थनिष्ठो लक्षणा।

लिए कहना पड़ता है कि वस्तुतः वह 'मुख्यार्थ' का व्यापार है। लेकिन 'मुख्यार्थ' अपने आपमें अनुपपन्न (अविवक्षित) होने से अपने से सम्बन्धित 'अमुख्य अर्थ' (लक्ष्य अर्थ) का बोधन करता है। इस प्रकार शब्द के अमुख्यार्थबोधक इस व्यापार को अपने और शब्द के मध्य में 'मुख्यार्थ' का व्यवधान सहना पड़ता है। 'अभिधा व्यापार' तो शब्द का अव्यवहित (साक्षात्-निरन्तरार्थनिष्ठ) अर्थविषयक व्यापार है, और 'लक्षणाव्यापार' व्यवहित (परम्परया-सान्तरार्थनिष्ठ) अर्थ विषयक व्यापार है। 'सान्तरार्थनिष्ठ' यह व्यापार का विशेषण है। 'अन्तरं व्यवधानं तेन सह वर्तते इति सान्तरः' (मुख्यार्थबाधाद्युपस्थित्या) 'व्यवहितो योऽर्थः, लक्ष्यरूपः, तन्निष्ठः तद्विषयकः तद्बोधक इति यावत्।'

इस प्रकार लक्षणा का लक्षण और स्वरूप बताकर ग्रन्थकार उसे उदाहरण के द्वारा समझा रहे हैं।

लक्षणा के दो उदाहरण—

कर्मणीति। 'कर्मणि कुशलः' (चित्रकर्म आदि किसी विशेष) काम में कुशल है—इस स्थल में 'कुशान् लाति आदत्ते इति कुशलः' इस व्युत्पत्ति के अनुसार कुशों (दर्भों) के ग्रहण करने का कोई सम्बन्ध न रहने से 'मुख्यार्थ का बाध' होता है। और 'गंगायां घोषः' इस स्थल में 'गंगा' (पद के भगीरथ-रथ-खातावच्छिन्न-जलप्रवाह रूप मुख्यार्थ) में 'घोष' (ग्वालों की बस्ती) आदि का आधारत्व (अधिकरणत्व) सम्भव न हो पाने से मुख्यार्थ का बाध होता है। तब (पहले उदाहरण में) विवेचकत्वादि और (दूसरे उदाहरण में) सामीप्य सम्बन्ध रहने पर, (पहले उदाहरण में 'कुशल' पद के 'दक्ष=चतुर' अर्थ में रूढ=प्रसिद्ध होने के कारण) रूढ़िसे=प्रसिद्धि से, और (दूसरे उदाहरण में) 'गंगातटे घोषः' इत्यादि (मुख्य शब्द) के प्रयोग से जिन (शैत्य-पावनत्वादि धर्मों) की उस रूप में प्रतीति नहीं है, उन शैत्य पावनत्वादि धर्मों के प्रतिपादन स्वरूप प्रयोजन के लिए मुख्य अर्थ से जो अमुख्य अर्थ लक्षित होता है; वह शब्द का व्यवहितार्थ-विषयक आरोपित शब्द-व्यापार 'लक्षणा' कहा जाता है।

विशेष विवरण—'गंगायां घोषः' यह उदाहरण 'प्रयोजनवती लक्षणा' का है। जिस प्रकार 'ध्वनि' शब्द को तथा 'चतुष्टयीशब्दानां प्रवृत्तिः' के सिद्धान्त को साहित्यशास्त्रियों ने व्याकरणशास्त्र से लिया है, उसी तरह 'गंगायां घोषः' उदाहरण को भी व्याकरणशास्त्र से ही लिया गया है। महाभाष्यकार ने 'पुंयोगादाख्यायाम्' (४-१-४७) सूत्र के महाभाष्य में 'गंगायां घोषः' 'कूपे गर्गकुलम्' ये दो उदाहरण लक्षणा के दिये हैं। उसी उदाहरण को यहाँ दिखाया गया है, इससे भी साहित्यशास्त्र के व्याकरणशास्त्रानुगामी होने का प्रमाण उपलब्ध हो जाता है।

शुद्धा लक्षणा के दो भेद—

(१) श्रीमम्मटभट्ट ने 'उपादान-लक्षणा' और 'लक्षण-लक्षणा' नाम से 'लक्षणा' के दो भेद किये हैं। जहाँ शब्द अपने अन्वय की सिद्धि के लिए अन्य अर्थ का आक्षेप कर लेता है, और स्वयं भी बना रहता है, उसे उपादान लक्षणा कहते हैं। क्योंकि उसमें मुख्यार्थ का भी उपादान (ग्रहण) रहता है। अतः 'उपादानलक्षणा' यह सार्थक संज्ञा है।

जैसे उदाहरण के रूप में 'कुंताः प्रविशन्ति' 'यष्टयः प्रविशन्ति' दिये जा सकते हैं। 'कुन्त' और 'यष्टि' शब्द का अर्थ क्रमशः भाला और लाठी, अचेतन (जड़) पदार्थ हैं। इन जड़ पदार्थों का प्रवेशक्रिया में अन्वय नहीं बन पा रहा है। इसलिए यहाँ मुख्यार्थ का बाध हो जाता है। तब 'कुन्त' और 'यष्टि' शब्द अपने अन्वय सिद्धि के लिए 'पुरुष' पद का या 'पदार्थ' का आक्षेप कर लेते हैं। और 'कुन्त' तथा 'यष्टि' शब्द 'कुन्तधारी' और 'यष्टिधारी' पुरुष के बोधक हो जाते हैं, जिससे उन शब्दों की प्रवेशक्रियान्वयानुपपत्ति दूर हो जाती है, तब 'कुन्ताः प्रविशन्ति' का अर्थ 'कुन्तधारी पुरुष प्रवेश कर रहे हैं'—यह सम्पन्न हो जाता है। यहाँ कुन्तधारी पुरुषों की बहुलता का सूचन करना ही लक्षणा का प्रयोजन है। अतः यह प्रयोजनवती उपादान लक्षणा का उदाहरण कहा जाता है।

(२) इसके ठीक विपरीत जहाँ वाक्यगत कोई शब्द, अपने साथ प्रयुक्त हुए दूसरे शब्द के अन्वय की सिद्धि के लिए अपने मुख्यार्थ का परित्याग कर दूसरे अमुख्यार्थ का बोधक होता है, वहाँ लक्षण-लक्षणा होती है। जैसे—'गङ्गायां घोषः' उदाहरण में प्रयुक्त किये गये 'घोष' पद का आधेयत्वरूप से अन्वय कराने के लिए 'गङ्गा' शब्द अपने 'जल-प्रवाह' रूप मुख्यार्थ का त्याग कर 'सामीप्य सम्बन्ध' से 'तट' रूप अन्य अर्थ को बोधित करता है, जिससे 'शीतलत्व-पावनत्व' रूप प्रयोजन की प्रतीति होती है। इसलिए यह प्रयोजनवती लक्षण-लक्षणा का उदाहरण है।

(उपादानलक्षणा-लक्षणलक्षणा च)

(सू० १३) स्वसिद्धये पराक्षेपः परार्थं स्वसमर्पणम् ।
उपादानं लक्षणं चेत्युक्ता शुद्धैव सा द्विधा ॥१०॥

कुन्ताः प्रविशन्ति इत्यादौ कुन्तादिभिः प्रवेशसिद्ध्यर्थं स्वसंयोगिनः पुरुषा आक्षिप्यन्ते, तत उपादानेनेयं लक्षणा ।

शुद्धा लक्षणा के इन्हीं दो भेदों को ग्रन्थकार बता रहे हैं—

(सू० १३) वाक्य में प्रयुक्त हुए किसी शब्द के द्वारा अपने-अन्वय की सिद्धि के लिए अन्य अर्थ का आक्षेप करना 'उपादान' और दूसरे की अन्वयसिद्धि के लिए अपने मुख्यार्थ का परित्याग (समर्पण) करना 'लक्षण' कहलाता है। इस प्रकार 'शुद्धालक्षणा के ही ये दो प्रकार' बताये गये हैं। (ये भेद गौणी के नहीं हैं) ॥१०॥

उपादान लक्षणा के दो उदाहरण —

कुन्ता इति। 'कुन्ताः प्रविशन्ति' भाले प्रवेश कर रहे हैं, और 'यष्टयः प्रविशन्ति' लाठियाँ प्रवेश कर रही हैं—ये दो उदाहरण 'उपादान लक्षणा' के हैं। इन वाक्यों में 'कुन्त' आदि शब्दों के द्वारा अपने अचेतन रूप से प्रवेश क्रिया में अन्वयसिध्यर्थ 'स्व-संयुक्त पुरुषों' का (कुन्तधारी पुरुषों का) आक्षेप कराया जाता है। एवं च 'स्वार्थ' को बिना त्यागे 'अन्य अर्थ' का ग्रहण करने से यह उपादान लक्षणा कहलाती है।

मुकुलभट्ट की उपादान लक्षणा के दो उदाहरण—

विशेष विवरण—उपादान लक्षणा के उदाहरण बताने के बाद लक्षणलक्षणा का उदाहरण बताना चाहिये, परन्तु उसे न बताकर मम्मटभट्ट ने 'मुकुलभट्ट' तथा 'मण्डन मिश्रादि' मीमांसकों के द्वारा प्रदर्शित किये गये उपादान लक्षणा के दो उदाहरणों का खण्डन किया है।

मुकुलभट्ट ने अपनी 'अभिधावृत्तिमातृका' ग्रंथ में 'अभिधा, लक्षणा तथा व्यञ्जना' इन तीनों शक्तियों के स्थान पर केवल अभिधाशक्ति को ही माना है। 'जात्यादि चार प्रकार के अर्थों' की बोधक 'चार प्रकार की अभिधाशक्ति' तथा 'लक्षणा' के छह भेदों का भी 'अभिधा में ही अन्तर्भाव करके दस प्रकार की अभिधाशक्ति उन्होंने बताई है। व्यञ्जना के सब भेदों का अन्तर्भाव लक्षणा के छह भेदों में ही उन्होंने कर लिया है। और अपना सिद्धान्त घोषित कर दिया है कि दस प्रकार की अभिधाशक्ति के अतिरिक्त अन्य किसी शक्ति को मानने की आवश्यकता नहीं है। सन्दर्भ का उपसंहार करते हुए वे लिखते हैं—

'इत्येतदभिधावृत्तं दशधाऽत्र विवेचितम्'

अपने इस ग्रन्थ में 'गौरनुबन्ध्यः' तथा 'पीनो देवदत्तो दिवा न भुङ्क्ते' ये दो उदाहरण उन्होंने उपादान लक्षणा के बताये हैं, जैसे—आलंकारिक आचार्य 'वैयाकरणों' के अनुयायी हैं, इसीलिए वे अन्य विषयों के साथ लक्षणा के उदाहरणों को भी 'व्याकरण शास्त्र' से लेते हैं। 'गंगायां घोषः, कुन्ताः प्रविशन्ति, यष्टयः प्रविशन्ति' इत्यादि सब उदाहरणों को काव्यप्रकाशकार ने 'महाभाष्य' से ही लिया है। उसी तरह मुकुलभट्ट 'मीमांसकों' के अनुयायी हैं, इन्होंने भी 'मीमांसा-शास्त्र' से उदाहरणों का संग्रह किया है। 'गौरनुबन्ध्यः' और 'पीनो देवदत्तो दिवा न भुङ्क्ते' इन दोनों उदाहरणों का संग्रह 'मुकुलभट्ट' ने मीमांसाग्रन्थों से ही किया है।

मुकुलभट्ट के द्वारा उपादानलक्षणा का निरूपण—

'गौरनुबन्ध्यः' यह वैदिक विधिवाक्य है। इसमें प्रयुक्त 'गो' शब्द का अर्थ क्या है? इस विचार के समय समस्या यह उपस्थित हुई कि 'गो' शब्द का मुख्यार्थ तो 'गोत्व' जाति है, क्योंकि मीमांसकों का सिद्धांत 'जातिवाद' का है। तब 'जाति' में अनुबन्धन=आलंभन क्रिया कैसे संभव हो सकेगी? अतः 'मुख्यार्थ का बाध' हो जाता है, और 'गो' शब्द 'अनुबन्धन'=आलम्भन क्रिया के साथ अपने मुख्यार्थ (गोत्वजाति) की अन्वयसिद्धि के लिए आक्षेप (लक्षणा) से 'गोव्यक्ति' का बोध करा देता है। अतः यहां पद में 'उपादानलक्षणा' हुई है।

मीमांसक विद्वान् 'अर्थवादवाक्यों' को 'प्राशस्त्य' का लक्षक मानकर वाक्य में भी लक्षणा मानते हैं। इसलिए 'पीनो देवदत्तो दिवा न भुङ्क्ते' देवदत्त मोटा हो रहा है, परन्तु दिन में नहीं खाता है—इस लौकिक वाक्य-प्रयोग में वाक्य-लक्षणा का उदाहरण मीमांसकों ने दिया है। इस उदाहरण में दिन में न खाने वाला देवदत्त मोटा हो यह बात साधारणतः संभव नहीं है। अतः 'मुख्यार्थ' का बाध हो जाता है, तब यह वाक्य अपने 'अन्वय' की सिद्धि के लिए 'रात्रिभोजन का बोध' आक्षेप से (लक्षणा से) करा देता है। अतः यह भी उपादानलक्षणा का उदाहरण है।

मुकुलभट्ट ने 'उपादान-लक्षणा का लक्षण' और 'उसका समन्वय' करते हुए लिखा है—

'स्वसिध्यर्थतयाक्षेपो यत्र वस्त्वन्तरस्य तत्।
उपादानं लक्षणन्तु तद्विपर्यासतो मतम्॥

यत्र स्वसिध्यर्थतया वस्त्वन्तरस्याक्षेपो भवति तत्रोपादानम्। यथा

गौरनुबन्ध्य इत्यादौ श्रुतिचोदितमनुबन्धनं कथं मे स्यादिति जात्या व्यक्तिराक्षिप्यते न तु शब्देनोच्यते ।

'विशेष्यं नाभिधा गच्छेत्क्षीणशक्तिर्विशेषणे ।'

इति न्यायादित्युपादानलक्षणा तु नोदाहर्त्तव्या, न ह्यत्र प्रयोजनमस्ति न वा रूढिरियम् । व्यक्त्यविनाभावित्वात्तु जात्या व्यक्तिराक्षिप्यते, यथा क्रियता-

---

'गौरनुबन्ध्यः' इति। अत्र हि गोत्वस्य यागं प्रति साधनत्वं शाब्दं व्यक्त्याक्षेपमन्तरेण नोपपद्यत इति तत्सिध्यर्थतया व्यक्तेराक्षेपः ।

यथा च 'पीनो देवदत्तो दिवा न भुङ्क्ते' इति। अत्र हि पीनत्वं दिनाधिकरणभोजनाभावविशिष्टतयावगम्यमानमेव कार्यत्वात् स्वसिध्यर्थत्वेन कारणभूतं रात्रिभोजनमाक्षेपादभ्यन्तरीकरोति ।

अत्र 'रात्रौ भुङ्क्ते' इत्येतच्छब्दाक्षेपपूर्वकतया प्रमाणस्यापरिपूर्णस्य परिपूरणात् श्रुतार्थापत्तित्वं भवत्वथवा कारणस्यैव रात्रिभोजनस्याक्षेप इति। सर्वथा स्वसिध्यर्थत्वेनार्थान्तरस्याक्षेपपूर्वकतयान्तर्भावनादुपादानत्वमुपपद्यते ।

इस प्रकार मुकुलभट्ट ने उपादान लक्षणा के जो दो उदाहरण दिये हैं उनका क्रम से निरसन करने के लिए प्रथमतः मीमांसकमत का अनुवाद कर देते हैं ।

मुकुलभट्ट के प्रथम उदाहरण का अनुवाद—

गौरिति । 'गौरनुबन्ध्यः' इस वैदिक वाक्य के द्वारा बताया गया 'अनुबन्धन' मेरा ('गो' शब्द के मुख्यार्थ 'गोत्व' जाति का) कैसे सम्भव हो सकेगा ? उसके उपपादनार्थ 'गो' शब्द (पद) अपने मुख्यार्थरूप गोत्व 'जाति' से अमुख्यार्थभूत गो 'व्यक्ति' का आक्षेप करता है । क्योंकि 'विशेष्यं नाभिधा गच्छेत् क्षीणशक्तिविशेषणे' 'गोत्व' रूपी विशेषण का बोध कराने में क्षीण हुई 'अभिधाशक्ति' किसी भी प्रकार से 'गो' व्यक्तिरूपी विशेष्य का बोध नहीं करा सकती । अतः इस विशेष्यभूत 'गो' व्यक्ति का बोध 'उपादान-लक्षणा' से ही हो सकता है ।

इस प्रकार मुकुलभट्ट के मन्तव्य का अनुवाद करके अब ग्रन्थकार उसका खण्डन कर रहे हैं—'इत्युपादानलक्षणे'ति ।

मुकुलभट्ट के प्रथम उदाहरण 'गौरनुबन्ध्यः' का खण्डन—

इत्युपादानलक्षणा त्विति । मुकुलभट्ट को 'गौरनुबन्ध्यः' यह वाक्य 'उपादान-लक्षणा' के उदाहरण में नहीं रखना चाहिये । क्योंकि यहाँ 'लक्षणा' के प्रयोजक दो मुख्य हेतुओं (रूढि तथा प्रयोजन) में से कोई भी नहीं है । न विशेष 'प्रयोजन ही है और न रूढि' ही है । किन्तु जाति के बिना कभी भी व्यक्ति रह नहीं

मित्यत्र कर्त्ता, कुर्वित्यत्र कर्म, प्रविश पिण्डोमित्यादौ गृहं भक्षयेत्यादि च। पीनो देवदत्तो दिवा न भुङ्क्ते इत्यत्र च रात्रिभोजनं न लक्ष्यते। श्रुतार्थापत्ते-रर्थापत्तेर्वा तस्य विषयत्वात्।

सकता, अर्थात् 'अविनाभाव' के कारण 'जाति' से 'व्यक्ति' का आक्षेप (अनुमान) कर लिया जाता है। अतः यहाँ 'लक्षणा' है ही नहीं। तब लक्षणा का उदाहरण इसे कैसे कह सकते हैं ?

जैसे कोई कहे 'क्रियताम्' करो, तब समझना होगा कि कोई भी 'क्रिया' कर्ता के बिना नहीं होती है, इसलिए ऐसी जगह 'कृतिः (यत्नः) साश्रया गुणत्वात्' इस अनुमान से 'कर्ता' (त्वया) को उपलब्धि कर ली जाती है। तथा 'कुरु' करो—यहाँ पर 'कृतिः सविषया कृतित्वात्' इस अनुमान से ही 'पाकम्' आदि 'कर्म' का लाभ हो जाता है। तथा 'प्रविश' प्रवेश करो, और 'पिण्डीम्' गुड़ की भेली, इन दो शब्दों का प्रयोग करने पर 'अविनाभाव' से क्रमशः प्रविश=प्रवेश करो 'घर में' और पिण्डीं=गुड़ की भेली को 'खाओ' इत्यादि की प्रतीति होती है। इनमें से किसी भी स्थल में लक्षणा नहीं की जाती। इसी प्रकार 'गौरनुबन्ध्यः' में भी लक्षणा नहीं है। इसलिए 'उपादान-लक्षणा' के उदाहरण में 'गौरनुबन्ध्यः' को नहीं रखना चाहिये।

विशेष विवरण—'क्रियताम्' 'कुरु' 'प्रविश' 'पिण्डीम्' ये सब अपूर्ण वाक्यों के प्रयोग हैं। इनकी पूर्ति करने के लिए अपेक्षित 'अन्य अंशों' को 'अध्याहार' या 'आक्षेप' से लिया जाता है। 'अश्रुतपदानामनुसन्धानमध्याहारः' अश्रुत पदों के अनुसन्धान को अध्याहार कहते हैं। अतः ये दोनों 'शब्दाध्याहार' के उदाहरण हैं। मम्मटभट्ट ने इन उदाहरणों को इसलिए यहाँ पर प्रदर्शित किया है कि जैसे 'कर्त्ता' या 'कर्म' के बिना 'क्रिया' का अन्वय सम्भव नहीं है, किन्तु 'अविनाभाव' के द्वारा उन 'शब्दों' का या 'अर्थों' का अध्याहार या आक्षेप कर लिया जाता है, उसी तरह 'गौरनुबन्ध्यः' आदि उदाहरणों में भी 'व्यक्ति' के बिना 'जाति' नहीं रह सकती, इसलिए 'अविनाभाव' के द्वारा 'जाति' से 'व्यक्ति' का 'अध्याहार' या 'आक्षेप' किया जाता है। 'व्यक्ति' का बोध 'लक्षणा' से नहीं किया जायेगा। अतः 'उपादानलक्षणा' के उदाहरण में इसे प्रदर्शित करना उचित नहीं है।

मुकुलभट्ट का दूसरा उदाहरण और उसका खण्डन—

पीन इति। मुकुलभट्ट ने उसी प्रकार 'उपादानलक्षणा' का दूसरा उदाहरण 'पीनो देवदत्तो दिवा न भुङ्क्ते' दिया है। प्रथम दिये गये 'उदाहरण' से इस उदाहरण में अन्तर यह है कि यह 'पदलक्षणा' के बजाय 'वाक्यलक्षणा' का

उदाहरण है। मीमांसक विद्वान् 'अर्थवादवाक्यो' की 'प्राशस्त्य' में लक्षणा मानकर 'वाक्य' में भी लक्षणा मानते हैं। 'गौरनुबन्ध्यः' के 'गोपद' में लक्षणा थी किन्तु यहाँ 'सम्पूर्ण वाक्य' में लक्षणा है। यह दिखाने के लिए ही यह दूसरा उदाहरण दिया गया है।

इस उदाहरण में 'लक्षणा' का खण्डन करते हुए मम्मटभट्ट ने 'रात्रिभोजन' को 'श्रुतार्थापत्ति अथवा अर्थार्थापत्ति' का विषय बताया है। अभिप्राय यह है कि यहाँ 'रात्रिभोजन' का 'बोध' लक्षणा से न होकर 'अर्थापत्ति' प्रमाण से होता है। इसलिए यह भी उपादानलक्षणा का उदाहरण नहीं है।

'अर्थापत्ति' लक्षणारूप नहीं है--

विशेष विवरण—मीमांसक विद्वान् 'प्रत्यक्ष, अनुमान' आदि प्रमाणों के समान 'अर्थापत्ति' को भी स्वतन्त्र प्रमाण मानते हैं। उन्होंने 'अर्थापत्ति' का लक्षण 'अनुपपद्यमानार्थदर्शनात् तदुपपादकीभूतार्थान्तरकल्पनम् अर्थापत्तिः' किया है। किसी अनुपपद्यमान अर्थ को देखकर उसके उपपादक अर्थ की कल्पना जिस प्रमाण के द्वारा की जाती है, उसे 'अर्थापत्ति' कहते हैं। जैसे 'पीनो देवदत्तो दिवा न भुङ्क्ते' यहाँ पर 'देवदत्त मोटा है'—यह 'अनुपपद्यमान अर्थ' है, और 'रात्रि भोजन' उसका 'उपपादक अर्थ' है। क्योंकि देवदत्त यदि 'दिन' में न खाय और 'रात' में भी न खाय तो वह मोटा नहीं हो सकता। दिन में न खाने वाला व्यक्ति 'रात्रि भोजन' के बिना मोटा (पीन) हो ही नहीं सकता। इसलिए यहाँ पर अनुपपद्यमान अर्थ (दिवा अभुञ्जान व्यक्ति का पीनत्व) को देखकर उसके उपपादक अर्थ 'रात्रि भोजन' की कल्पना अर्थापत्ति प्रमाण के द्वारा कर ली जाती है।

'अर्थापत्ति' की द्विविधता--

यह 'अर्थापत्ति' दो प्रकार की होती है—एक 'दृष्टार्थापत्ति' और दूसरी 'श्रुतार्थापत्ति'। जहाँ 'अनुपपद्यमान अर्थ' को स्वयं अपने नेत्रों से देखकर उसके 'उपपादक अर्थ' की कल्पना की जाती है, उसे 'दृष्टार्थापत्ति' कहते हैं और जहाँ किसी के मुख से 'अनुपपद्यमान अर्थ' को सुनकर उसके 'उपपादक' अर्थ की कल्पना की जाती है, उसे 'श्रुतार्थापत्ति' कहते हैं। 'पीनो देवदत्तो दिवा न भुङ्क्ते' यह उदाहरण दोनों 'अर्थापत्तियों' का हो सकता है।

मम्मटभट्ट ने 'दृष्टार्थापत्ति' शब्द का प्रयोग न कर 'अर्थार्थापत्ति' शब्द का प्रयोग किया है। यह प्रयोग 'अर्थाध्याहार' की दृष्टि से किया गया है। 'श्रुतार्थापत्ति' पक्ष में रात्रिभोजन का ज्ञान 'रात्रौ भुङ्क्ते' इस शब्द के अध्याहार से होता है;

गङ्गायां घोष इत्यत्र तटस्य घोषाधिकरणत्वसिद्धये गङ्गाशब्दः स्वार्थमर्पयति इत्येवमादौ लक्षणेनैषा लक्षणा ।

ओर 'अर्थार्थापत्ति' पक्ष में 'शब्द' का 'अध्याहार' न करके साक्षात् 'रात्रिभोजन' रूप अर्थ का आक्षेप से ज्ञान होता है। इस प्रकार भट्ट और गुरु दोनों मीमांसकों के सिद्धान्त की दृष्टि से ही मम्मटभट्ट ने 'श्रुतार्थापत्तेरर्थार्थापत्तेर्वा' इस प्रकार 'श्रुतार्थापत्ति' तथा 'अर्थार्थापत्ति' शब्दों का प्रयोग किया है।

'देवदत्त मोटा हो रहा है, परन्तु वह दिन में नहीं खाता है' यहाँ पर 'रात्रिभोजन' की उपस्थिति लक्षणा से नहीं हो रही है, क्योंकि उसकी उपस्थिति तो श्रुतार्थापत्ति या अर्थार्थापत्ति से ही हो जाती है।

लक्षण लक्षणा का उदाहरण--

मुकुलभट्ट के द्वारा उपस्थित किये गये उपादानलक्षणा के दोनों उदाहरणों का खण्डन हो चुका। ग्रन्थकार ने अपने मत के अनुसार उपादानलक्षणा के 'कुन्ताः प्रविशन्ति' आदि उदाहरण बता दिये। अब क्रमप्राप्त 'लक्षण-लक्षणा' का उदाहरण 'गङ्गायां घोषः' दे रहे हैं। मुकुलभट्ट ने भी लक्षण-लक्षणा का यही उदाहरण अपने ग्रन्थ में दिया है।

गंगायामिति। 'गङ्गायां घोषः' वाक्य में प्रयुक्त 'घोष' के अधिकरणत्व की सिद्धि के लिए 'गङ्गा' शब्द अपने 'जलप्रवाह' रूप स्वार्थ (मुख्यार्थ) का परित्याग कर देता है। इसलिए इस प्रकार के उदाहरणों में 'लक्षणेन स्वार्थसमर्पणेन उपलक्षिता' लक्षणरूप स्वार्थसमर्पण से उपलक्षित होने से यह 'लक्षणा' 'लक्षण-लक्षणा' कहलाती है।

'गङ्गायां घोषः' के उदाहरण पर विचारात्मक विश्लेषण—

विशेष विवरण—इस 'लक्षण-लक्षणा' को ही वेदान्ती लोग 'जहत्स्वार्था लक्षणा' कहते हैं। उक्त दोनों ही नामों से यह स्पष्ट हो जाता है कि इस लक्षणा में 'लक्षक पद' दूसरे पदों के अन्वय सिद्धि के लिए अपने मुख्यार्थ का त्याग कर देता है। इस 'जहत्स्वार्था' या 'लक्षणलक्षणा' के अनेक उदाहरणों में 'गङ्गायां घोषः' यह उदाहरण अत्यन्त प्रसिद्ध है।

मुकुलभट्टने भी इसी उदाहरण को दिखाया है। और उसमें 'लक्षणलक्षणा' के लक्षण का समन्वय कर दिखाया है। वे कहते हैं कि 'गंगा' शब्द से जो 'तट' अर्थ की उपस्थिति होती है, वह केवल 'तटत्वेन' तटरूप से होती है। गंगा से सम्बद्ध तट के रूप में नहीं। गंगा शब्द के प्रयोग से केवल तटत्व

उभयरूपा चेयं शुद्धा उपचारेणामिश्रितत्वात् ।

जाती है कि यमुना नदी का तट उपस्थित नहीं होता है । मुकुलभट्ट का यह सिद्धांत 'ताटस्थ्य' सिद्धांत कहलाता है । काव्यप्रकाशकार इस सिद्धांत का खण्डन आगे करेंगे ।

न्यायशास्त्र में 'लक्षण-लक्षणा' का उदाहरण—

परम्परा सम्बन्ध से की जाने वाली 'लक्षणा' का 'लक्षण-लक्षणा' कहते हैं। उसका उदाहरण 'द्विरेफः' दिया गया है । 'द्विरेफ' शब्द का वाच्यार्थ तो दोरेफ से युक्त 'भ्रमर' शब्द होता है । उससे पुनः लक्षणा द्वारा 'भौंरा' अर्थ ज्ञात होता है । अतः परम्परया 'द्विरेफ' शब्द 'भ्रमर' अर्थ को लक्षित करता है । इसलिए यह 'लक्षण-लक्षणा' का उदाहरण है ।

लक्षण-लक्षणा का अधिक स्पष्ट उदाहरण—

ग्रन्थकार ने 'गंगात्वेन' अर्थात् गंगा के साथ अभेद संबंध से ही 'तट' की उपस्थिति बताई है । तब 'गंगा' शब्द ने अपने वाच्यार्थ को सर्वथा त्याग दिया, यह कैसे कहा जायगा ? क्योंकि 'गंगा' का ही वह तट है, यमुना का नहीं । इस प्रतीति में गंगारूप 'लक्षक' पद की तटरूप 'लक्ष्यार्थ' के साथ सम्बन्ध की प्रतीति तो हो ही रही है । ऐसी परिस्थिति में इसे जहत्स्वार्था (लक्षण-लक्षणा) का उदाहरण कैसे कहा गया है ?

अतः स्पष्ट बोधार्थ चतुर्थ उल्लास के सू० २९ में लक्षणामूलध्वनि के अत्यन्ततिरस्कृतवाच्य नामक भेद के उदाहरण 'उपकृतं बहु तत्र किमुच्यते' को 'लक्षण-लक्षणा' या 'जहत्स्वार्था लक्षणा' का स्पष्ट उदाहरण कह सकते हैं ।

यहाँ पर 'शब्द' अपने 'वाच्यार्थ' (मुख्यार्थ) को सर्वथा त्याग कर केवल 'लक्ष्यार्थ' को ही बता रहा है । यहाँ पर 'उपकृतम्' का मुख्यार्थ बाधित हो रहा है, इसलिए 'अपकृतम्' अर्थ को लक्षण-लक्षणा (जहत्स्वार्था लक्षणा) से वह बता रहा है । उसीप्रकार 'सुजनता' 'सखे' 'सुखितमास्स्व' आदि शब्द भी अपने वाच्यार्थ का सर्वथा त्यागकर अपने से विपरीत 'दुर्जनता' 'शत्रो' 'दुःखित मास्स्व' आदि अर्थों को लक्षणा से बता रहे हैं । उससे 'अपकारातिशय' को व्यञ्जित किया गया है ।

उभयरूपेति । यह दोनों प्रकार की लक्षणा 'उपचार' से मिश्रित न रहने के कारण 'शुद्धा' कहलाती है ।

विशेष विवरण--दोनों लक्षणाओं में 'उपचार' का (सादृश्य सम्बन्ध से दो भिन्न वस्तुओं में अभेद ज्ञान के अभिप्राय का) मिश्रण नहीं रहता है । 'उपादान' और

'लक्षणलक्षणा' दोनों प्रकार की शुद्धा लक्षणाओं के सम्बन्ध में यह जो सिद्धान्त किया गया है कि **वाच्यार्थ, 'लक्ष्यार्थ'** से **सर्वथा तटस्थ** (उदासीन) रहता है क्योंकि—'लक्ष्यार्थ' की प्रतीति होने में 'वाच्यार्थ' की प्रतीति का कोई सम्बन्ध नहीं रहता। किन्तु यह उचित प्रतीत नहीं हो रहा है। क्योंकि इस 'शुद्धा-लक्षणा' के द्विविध प्रकारों में भी 'वाच्यार्थ' से 'लक्ष्यार्थ' की अभिन्नता (उपरक्तता) की प्रतीति होती है। तभी उसका प्रयोग करने वाले के अभीष्ट प्रयोग का प्रकाशन सम्भव हो पाता है। जैसे—'गङ्गायां घोषः' इस प्रयोग में 'लक्षण-लक्षणा' की गई है। यहाँ पर 'गङ्गा' शब्द से 'तटरूप' लक्ष्यार्थ का बोधन किया जाता है। अतः यह समझ में आता है कि जबतक 'गङ्गा' शब्द के 'प्रवाहरूप' वाच्यार्थ से 'तटरूप' लक्ष्यार्थ को सम्बद्ध न माना जाय तब तक 'शैत्य-पावनत्वादि' प्रयोजन, जो वक्ता को अभीष्ट हैं, उसकी कभी भी प्रतीति नहीं हो सकती, क्योंकि 'गङ्गा' शब्द के वाच्यार्थ (प्रवाह) और लक्ष्यार्थ (तट) दोनों में जो **अभेद प्रतीति** होती है, उसी के बल पर 'प्रयोजन' की प्रतीति हो पाती है। अर्थात् **'वाच्यार्थ रूप प्रवाह' में रहने वाली पवित्रता और शीतलता, लक्ष्यार्थ 'तट' से भी सम्बद्ध प्रतीत हो जाती है।** यदि यहाँ पर 'तटरूप' लक्ष्यार्थ का 'प्रवाहरूप' वाच्यार्थ से केवल सामीप्य सम्बन्ध ही प्रतीत होता तो 'गङ्गायां घोषः' इस लक्षणा के बदले 'गङ्गातटे घोषः' इस वाचक शब्द का ही प्रयोग कर लिया जाता, किन्तु 'गङ्गायां घोषः' कहने पर जिस प्रयोजन की प्रतीति होती है वह 'गङ्गातटे घोषः' कहने पर नहीं होती। लाक्षणिक प्रयोग में 'शैत्य-पावनत्वादि' प्रयोजन-विशेष की 'अभिव्यक्ति' प्रयोक्ता को अपेक्षित है। वह (अपेक्षा) वाचक प्रयोग में पूर्ण नहीं हो पाती। निष्कर्ष यह है कि—**'शुद्धा'** और **'गौणी'** दोनों लक्षणाओं में 'वाच्यार्थ' और 'लक्ष्यार्थ' के **अभेद के कारण** परस्पर समानता है। किन्तु 'शुद्धा' में **उपचार का 'अमिश्रण'** और 'गौणी' में **उपचार का 'मिश्रण'** रहता है। इसी से 'शुद्धा' 'गौणी' को एक दूसरे से भिन्न माना जाता है।

शुद्धा तथा गौणी लक्षणा के सम्बन्ध में मम्मटभट्ट का मत—

इस प्रकार 'शुद्धालक्षणा' के **उपादान** तथा **लक्षण** दो नाम से दो प्रकार बताये गये। दोनों प्रकार की 'शुद्धा-लक्षणा' से भिन्न 'गौणी-लक्षणा' भी हुआ करती है। यहाँ प्रश्न यह होता है कि 'शुद्धा' तथा 'गौणी' लक्षणाओं का परस्पर **'भेदकधर्म'** क्या होता है ? इस विषय में **मुकुलभट्ट** तथा **मम्मटभट्ट** का मतभेद है। **मम्मटभट्ट** 'शुद्धा' और 'गौणी' का भेदक धर्म 'उपचार' कहते हैं। अर्थात् **मम्मटभट्ट** के अनुसार 'उपचार' से रहित लक्षणा 'शुद्धा' है और 'उपचार' से युक्त लक्षणा 'गौणी' है। 'उपचार' का लक्षण यह है—**'उपचारो हि नाम अत्यन्तं विशकलितयोः**

पदार्थयोः सादृश्यातिशयमहिम्ना भेदप्रतीतिस्थगनमात्रम्'—अत्यन्त भिन्न दो पदार्थों में अतिशय सादृश्य के कारण उनमें भेद की प्रतीति का न होना ही **'उपचार'** है। जैसे किसी बालक में वीरता, क्रूरता आदि के अत्यन्त सादृश्य के कारण 'सिंहो माणवकः' आदि प्रयोग, उपचार-मूलक ही किये जाते हैं। इसीलिए उन्हें 'गौण-प्रयोग' कहते हैं। अर्थात् 'औपचारिक प्रयोग' (गौण-प्रयोग) यहाँ पर किया गया है। ऐसे **'औपचारिक प्रयोगों' में गौणीलक्षणा** की जाती है। एवञ्च **उपचार** (सादृश्य सम्बन्ध) **के अतिरिक्त 'सामीप्य' आदि किसी अन्य सम्बन्ध से जो लक्षणा होती है उसे 'शुद्धा लक्षणा'** कहते हैं। **अभिप्राय** यह है कि **मम्मटभट्ट** ने **'उपचार' के 'अमिश्रण को 'शुद्धा'** और **'उपचार' के मिश्रण को 'गौणी'** कहा है। ये **मिश्रण** और **अमिश्रण** ही उन 'दो लक्षणाओं' के **भेदक धर्म हैं।**

शुद्धा तथा गौणी लक्षणा के सम्बन्ध में मुकुलभट्ट का मत—

किन्तु मुकुलभट्ट ने **'उपचार'** को **शुद्धालक्षणा** और **गौणीलक्षणा** का भेदक धर्म नहीं माना है। वे **शुद्धा** और **गौणी** दोनों में **'उपचार के मिश्रण'** को ही मानते हैं। अतएव **मुकुलभट्ट ने** 'उपचारमिश्रा लक्षणा' के **शुद्धोपचार** और **गौणोपचार** दो भेद किये हैं। तदनन्तर उनके **सारोपा** और **साध्यवसाना** दो भेद किये। इस रीति से 'उपचारमिश्र-लक्षणा' के **चार भेद** तथा 'शुद्धालक्षणा' के **'उपादानलक्षणा'** और **'लक्षण लक्षणा' दो भेद** किये हैं—इस प्रकार कुल मिलाकर उन्होंने **लक्षणा के छह भेद किये हैं।** उनके मत में **'उपचार'** का अर्थ है—**'अन्य के लिए अन्य शब्द का प्रयोग'**। जहाँ **'सादृश्य' के कारण** अन्य के लिए **अन्य के वाचक शब्द का प्रयोग** हो वहाँ **'गौणोपचार'** कहा जाता है। और जहाँ **'अन्य के लिए अन्य शब्द का प्रयोग' सादृश्य के कारण न होकर** किसी अन्य **कार्य-कारण, जन्य-जनक आदि सम्बन्ध के कारण** होता है, उसे **'शुद्धोपचार'** कहते हैं। **'आयुर्घृतम्'** यह **शुद्धोपचार** का उदाहरण है। यहाँ पर 'आयु के' कारणभूत 'घृत' के लिए 'आयु' शब्द का प्रयोग किया गया है तथा **'गौर्वाहीकः'** इस उदाहरण में 'वाहीक' के लिए 'गौ' पद का प्रयोग गुणों के सादृश्य को देखकर किया गया है। इसलिए यह **गौणोपचार** का उदाहरण है। वाहीक देश (पंजाब देश) में रहने वाले मनुष्य में 'गौ' के सदृश जाड्य, मान्द्य आदि गुणों (धर्मों) का योग (सम्बन्ध) है। **तात्पर्य** यह है कि उपचार का भी शुद्ध और गौण रूप हैं। इस कारण 'शुद्धा' और 'गौणी' का भेदक धर्म 'उपचार' नहीं हो सकता। **मुकुलभट्ट** 'शुद्धा' और 'गौणी' का भेद दिखाने के लिए **'ताटस्थ्य'** को उनका **भेदक धर्म** मानते हैं। वे **'उपचार'** को उनका **भेदकधर्म नहीं** मानते। **'ताटस्थ्य'** का अर्थ है—**'लक्ष्यार्थ तथा लक्षकार्थ का भेद'**। **मुकुलभट्ट** के मत में 'सादृश्य' की अत्यधिकता से 'लक्ष्य और लक्षक' का

SANSKRIT LIBRARY
BOOK NO: A28
UNIVERSITY

अनयोर्लक्ष्यस्य लक्षकस्य च न भेदरूपं ताटस्थ्यं तटादीनां गङ्गादिशब्दैः प्रतिपादने तत्त्वप्रतिपत्तौ हि प्रतिपिपादयिषितप्रयोजनसम्प्रत्ययः गङ्गासम्बन्धमात्रप्रतीतौ तु गङ्गातटे घोषः इति मुख्यशब्दाभिधानाल्लक्षणायाः को भेदः ।

(सारोपा लक्षणा)

(सू०१४) सारोपाऽन्या तु यत्रोक्तौ विषयी विषयस्तथा ।

अभेद, **गौणीलक्षणा** में प्रतीत होता है। जैसे गौर्वाहीकः' में 'गौ' और 'वाहीक पुरुष' दोनों अर्थों का **अभेद** प्रतीत होता है। और उसी कारण उन दोनों पदों में **सामानाधिकरण्य** का प्रयोग किया गया है। किन्तु **'शुद्धालक्षणा'** (उपादान-लक्षणा और लक्षण-लक्षणा) में लक्ष्य और लक्षक का अभेद नहीं है। वहाँ **भेद** (ताटस्थ्य) रहता है। 'उपादान-लक्षणा' के **'कुन्ताः प्रविशन्ति'** उदाहरण में और 'लक्षण-लक्षणा' के **'गङ्गायां घोषः'** उदाहरण में 'लक्ष्य और लक्षक' अर्थों का **अभेद नहीं है, बल्कि भेद** (ताटस्थ्य) है। अर्थात् 'शुद्धालक्षणा' में **ताटस्थ्य** (लक्ष्य और लक्षक अर्थों का भेद) प्रतीत होता है। और **'गौणीलक्षणा' में सादृश्य** (लक्ष्य तथा लक्षक अर्थों का अभेद) प्रतीत होता है। यही **शुद्धा और गौणी में भेद** है। यह **मुकुल भट्ट का सिद्धान्त है।**

मुकुलभट्ट के 'ताटस्थ्य' सिद्धान्त का खण्डन—

मम्मटभट्ट इस 'ताटस्थ्य-सिद्धान्त' के समर्थक नहीं हैं। वे 'अनयोर्लक्ष्यस्य लक्षकस्य च' ग्रन्थ से 'ताटस्थ्य' सिद्धान्त का खण्डन कर रहे हैं—

अनयोरिति। 'शुद्धालक्षणा' के दोनों भेदों (उपादान-लक्षणा और लक्षण-लक्षणा) में 'लक्ष्य' अर्थ और 'लक्षक' अर्थ का यानी गङ्गा के **'जलप्रवाहरूप'** लक्षक अर्थ का, तथा **'तटरूप'** लक्ष्य अर्थ का **भेदप्रतीतिरूप 'ताटस्थ्य' नहीं** कह सकते, क्योंकि लक्ष्यार्थरूप **'तट'** आदि अर्थों को **'गङ्गा'** आदि शब्दों से बताने पर ही **'तत्त्वप्रतिपत्ति'** अर्थात् गंगात्व को (लक्ष्य तथा लक्षक यानी तट तथा जलप्रवाह के) **अभेद** की प्रतीति होने **पर ही शैत्य-पावनत्वादि धर्मों के 'अतिशयरूप अभिलषित प्रयोजनों'** की **प्रतीति** हो सकती है। यदि **'तट'** में **'तत्त्व'** अर्थात् गङ्गात्व (गंगा शब्द के मुख्यार्थ जलप्रवाह) के साथ **अभेद** की प्रतीति न होकर केवल **'गंगा का सम्बन्धमात्र'** प्रतीत होता हो तो **'गंगायां घोषः'** इस लाक्षणिक शब्द के स्थान पर **'गङ्गातटे घोषः'** गंगा के तट पर घोष है—इस मुख्य शब्द के द्वारा बताने में और लक्षणा के द्वारा बताने में क्या भेद रहेगा ?

सारोपा लक्षणा

(सू० १४) जिस पदार्थ का आरोप किया जाता है, वह **विषयी** और जिस

आरोप्यमाणः आरोपविषयश्च यत्रानपह्नुतभेदौ सामानाधिकरण्येन निर्दिश्येते, सा लक्षणा सारोपा ।

(साध्यवसानिका लक्षणा)

(सू०१५) विषय्यन्तःकृतेऽन्यस्मिन् सा स्यात्साध्यवसानिका ॥

विषयिणाऽऽरोप्यमाणेनान्तःकृते निगीर्णे अन्यस्मिन्नारोपविषये सति साध्यवसाना स्यात् ।

(सारोपासाध्यवसानिकयोः प्रत्येकं द्वैविध्यम्)

(सू०१६) भेदाविमौ च सादृश्यात्सम्बन्धान्तरतस्तथा ।
गौणौ शुद्धौ च विज्ञेयौ—

(तयोः सादृश्यमूलौ भेदौ)

पदार्थ पर आरोप किया जाता है, वह विषय, इन दोनों का (सामानाधिकरण्य से) जिसमें निर्देश किया रहता है, उसे **'सारोपा'** लक्षणा कहते हैं ।

आरोप्येति । **'विषयी'** और **'विषय'** (आश्रय) की पृथक्ता जहाँ स्पष्ट रहती है, यानी जहाँ पर दोनों को समान विभक्तिवाले पदों से दिखाया जाता है, उसे **'सारोपा'** लक्षणा कहते हैं ।

साध्यवसानिका-लक्षणा

(सू० १५) जब दूसरे को (आरोप के 'विषय' आश्रय को) यानी **'उपमेय'** को **'आरोप्यमाण'** (आरोपित किया जाने वाला **'विषयी'**) अर्थात् उपमान के द्वारा अपने में समाविष्ट यानी निगल लिया जाता है (अपने भीतर अन्तर्भूत कर लिया जाता है) तब उसे **साध्यवसाना-लक्षणा** कहते हैं ॥ ११ ॥

विषयिणेति । 'उपमान' (आरोप्यमाण विषयी) के द्वारा जब **'उपमेय'** (आरोप के विषय) को निगीर्ण कर लिया जाता है, तब **साध्यवसाना-लक्षणा** होती है । अर्थात् विषयिवाचक पद से ही विषय का प्रतिपादन (अध्यवसान) किये जाने पर साध्यवसाना-लक्षणा होती है ।

सारोपा और साध्यवसाना-दोनों के दो भेद—

(सू० १६) **सारोपा** और **साध्यवसाना** में से प्रत्येक के (मुख्यार्थ और लक्ष्यार्थ के) दोनों भेद जब सादृश्य पर आधारित हों तब उन्हें **'गौण'**, और जब अन्य किसी सम्बन्ध पर आधारित हों तब उन्हें **'शुद्ध'** समझना चाहिये ।

गौणी सारोपा और गौणी साध्यवसाना के सादृश्यमूलक दो भेदों के उदाहरण—

इमावारोपाध्यवसानरूपौ सादृश्यहेतू भेदौ गौर्वाहीक इत्यत्र गौरयमित्यत्र च। अत्र हि स्वार्थसहचारिणो गुणाः जाड्यमान्द्यादयो लक्ष्यमाणाः अपि गोशब्दस्य परार्थाभिधाने प्रवृत्तिनिमित्तत्वमुपयान्ति इति केचित्। स्वार्थसहचारिगुणाऽभेदेन परार्थगता गुणा एव लक्ष्यन्ते, न तु परार्थोऽभिधीयत इत्यन्ये। साधारणगुणाश्रयत्वेन परार्थ एव लक्ष्यत इत्यपरे।

सादृश्य सम्बन्ध पर आधारित **'सारोपा'** और **'साध्यवसाना'** (साध्यवसानिका) लक्षणा के ये दो भेद, क्रमशः **'गौर्वाहीकः'** वाहीक देश का निवासी पुरुष 'गौ' (बैल) है, और **'गौरयम्'** यह 'गौ' (बैल) है, इन दो उदाहरणों से स्पष्ट किये गये हैं। अर्थात् **'गौर्वाहीकः'** यह उदाहरण **'सारोपा लक्षणा'** का है, और **'गौरयम्'** यह उदाहरण **'साध्यवसाना लक्षणा'** का है।

गौणी साध्यवसाना-विषयक तीन मत—

'गौरयम्' आदि **गौणी साध्यवसाना** के उदाहरणों में लक्षणावृत्ति से बोध्य लक्ष्य अर्थ क्या है ? इस विषय में **काव्यप्रकाशकार मम्मटभट्ट** ने **'तीन पक्षों' का** उल्लेख किया है।

(१) **अत्र हीति**। **कुछ विचारकों का कहना** है कि यहाँ पर अर्थात् **'गौरयम्'** आदि **'गौणी लक्षणा'** के उदाहरणों में अपने अर्थ के **सहचारी 'जाड्य, मान्द्य'** (मूर्खता, आलस्य) आदि **गुण, लक्षणा** के द्वारा बोधित होकर भी, वे **'गो'** शब्द के द्वारा **'वाहिक'** रूप **'अन्य अर्थ'** को **अभिधा से** बोधित करने मे **प्रवृत्तिनिमित्त** बन जाते हैं। अर्थात् **मुख्यार्थ 'गो'** के साथ एक अधिकरण (समानाधिकरण) में रहने वाले 'मन्दता, मूर्खता' आदि गुण यद्यपि **लक्षणा के द्वारा** व्यक्त होते हैं, तथापि **'गो'** (बैल) शब्द से **'वाहीक'** रूप अन्य वस्तु का **अभिधा से बोध** करा देने मे कारणीभूत होते हैं।

(२) **स्वार्थेति**। **'गो'** शब्द के **'स्वार्थ-सहचारी'** (अपने अर्थ के सहचारी) 'जाड्य, मान्द्य' आदि गुणों से **अभिन्न रूप में 'वाहीक' गत गुण** ही **'लक्षित'** होते हैं, किन्तु वे **अभिधा के द्वारा** 'वाहीक' अर्थ के बोधन मे **प्रवृत्तिनिमित्त नहीं** होते हैं। अर्थात् मुख्यार्थ के समानाधिकरण रहने वाले गुणों के साथ जो उनकी **एकरूपता** (अभिन्नता) है, उससे अन्य वस्तु (वाहीक) के **'गुणों'** का ही **लक्षणा से बोध** होता है, उस अन्य वस्तु (वाहीक) का **अभिधा से बोध नहीं** होता है, ऐसा कुछ विद्वानों का कहना है।

(३) **साधारणेति**। **'गौ'** तथा **'वाहीक'** दोनों के समान गुणों के आश्रयरूप से **'वाहीक'** अर्थ ही **'लक्षणा'** से उपस्थित होता है, ऐसा **मुकुलभट्ट** और **मीमांसक**

उक्तञ्चान्यत्र—

'अभिधेयाविनाभूतप्रतीतिर्लक्षणोच्यते ।
लक्ष्यमाणगुणैर्योगाद् वृत्तेरिष्टा तु गौणता ॥' इति ।

अविनाभावोऽत्र सम्बन्धमात्रम् , न तु नान्तरीयकत्वम् । तत्त्वे हि मञ्चाः क्रोशन्तीत्यादौ न लक्षणा स्याद् । अविनाभावे चाक्षेपेणैव सिद्धेर्लक्षणाया नोपयोग इत्युक्तम् ।

आदि अन्य लोग मानते हैं । इस अन्तिम पक्ष के साथ 'इत्यपरे' पद का प्रयोग ग्रन्थकार ने किया है । व्याख्याकारों ने इस 'अपरे' पद का 'न परे' इति 'अपरे' ऐसा नञ् समास करके उसका अर्थ 'स्वीयाः' किया है ॥

उक्तञ्चेति । अन्यत्र कुमारिलभट्टपाद के श्लोकवार्तिक में कहा भी है—

विशेष विवरण—इस विषय में तीसरे पक्ष (मुकुलभट्ट के मत) को उपयुक्त समझकर उसके समर्थनार्थ कुमारिलभट्टपाद के 'श्लोकवार्तिक' ग्रन्थ से 'अभिधेयाविनाभूत' कारिका को उद्धृत किया गया है । इस कारिका का 'पूर्व अंश' जो ग्रंथकार ने दिया नहीं है, वह इस प्रकार है—'मानान्तरविरुद्धे हि मुख्यार्थस्य परिग्रहे ।' सबको मिलाकर अर्थ इस प्रकार होगा—

अभिधेयेति । मुख्यार्थ का अन्य प्रमाणों से बाध होने पर अभिधेयार्थ (मुख्यार्थ) से सम्बद्ध (अविनाभूत) अर्थ की प्रतीति (बोध) कराने वाली शक्ति, 'लक्षणा' कही जाती है, और लक्ष्यमाण जाड्य-मान्द्यादि गुणों के योग (संबंध) से अर्थात् वाहीक में रहने से इस लक्षणावृत्ति की गौणता हो जाती है, अर्थात् इसे 'गुणेभ्यः आगतत्वात्' गौणी लक्षणा कहा जाता है ।

अविनाभाव इति । उक्त कारिका में प्रयुक्त 'अविनाभाव' शब्द से 'सम्बन्धमात्र' (सामान्य) ही समझना चाहिये, 'नान्तरीयकत्व' (व्याप्ति) नहीं । क्योंकि 'नान्तरीयकत्व' (व्याप्ति) अर्थ मानने पर 'मञ्चाः क्रोशन्ति' मंच पुकारते हैं— इत्यादि स्थलों में 'मञ्च' पद की 'मञ्चस्थित पुरुषों' के अर्थ में लक्षणा नहीं हो सकेगी । तथा अविनाभाव (व्याप्ति) अर्थ करने पर तो आक्षेप (अनुमान) से ही लक्ष्यमाण अर्थ की सिद्धि हो जायगी, उसके लिए लक्षणा की कोई आवश्यकता ही नहीं रहेगी । ग्रन्थकार ने इस तीसरे मत में अपनी रुचि प्रदर्शित की है, अन्यथा वे उसका खण्डन अवश्य करते ॥

शुद्धा सारोपा और शुद्धा साध्यवसाना लक्षणा के उदाहरण—

ऊपर गौणी सारोपा तथा गौणी साध्यवसाना लक्षणा के उदाहरणों को

(तयोः सम्बन्धान्तरमूलौ भेदौ)

आयुर्घृतम् आयुरेवेदमित्यादौ च सादृश्यादन्यत्कार्यकारणभावादि सम्बन्धान्तरम् । एवमादौ च कार्यकारणभावादिलक्षणपूर्वे आरोपाध्यवसाने ।

अत्र गौणभेदयोर्भेदेऽपि तादृप्यप्रतीतिः सर्वथैवाऽभेदावगमश्च प्रयोजनम् । शुद्धभेदयोस्त्वन्यवैलक्षण्येनाव्यभिचारेण च कार्यकारित्वादि ।

बताने के पश्चात् अब **'शुद्धा सारोपा'** तथा **'शुद्धा साध्यवसाना'** लक्षणा के उदाहरण दे रहे हैं—

आयुर्घृतमिति । **'आयुर्घृतम्'** घी आयु है और **'आयुरेवेदम्'** यह (घी) आयु ही है—इत्यादि उदाहरणों में ('आयुः' के लक्ष्यार्थ और वाच्यार्थ में) **सादृश्य-सम्बन्ध के अतिरिक्त** (सादृश्य से भिन्न) **'कार्य-कारणभाव' आदि अन्य सम्बन्ध 'लक्षणा' के प्रयोजक हैं** । अर्थात् इस प्रकार के उदाहरणों में **'सारोपा'** और **'साध्यवसानिका' लक्षणा, 'कार्यकारणभावादि'** जैसे सम्बन्धों पर आधारित रहती हैं । अर्थात् **'आयुर्घृतम्'** में 'आरोप्यमाण पदार्थ' **'आयु'** है, तथा 'आरोपविषयपदार्थ' **'घृत'** है । दोनों के अनपह्नुत-स्वरूप उपात्त होने से (शब्दतः दोनों को बताने से) यह **'शुद्धा सारोपा'** लक्षणा का उदाहरण है । तथा **'आयुरेवेदम्'** में आरोप विषय **'घृत'** को शब्दतः उपात्त नहीं किया है अर्थात् आरोप विषय का स्वरूप अपह्नुत होने से यह **'शुद्धा साध्यवसाना'** लक्षणा का उदाहरण है ।

किसी विद्वान् का कहना है कि **'आयुरेवेदम्'** में **'इदं'** सर्वनाम से आरोप विषय का संकेत हो ही जाता है, अतः वह **'साध्यवसाना'** का ठीक उदाहरण नहीं बनता है । **'आयुः पिबामि'** यह अधिक अच्छा उदाहरण है ।

अत्रेति । यहाँ इन चारों उदाहरणों में से गौणी के (**गौणी सारोपा और गौणी साध्यवसानिका के**) दोनों भेदों (**'गौर्वाहीकः'** तथा **'गौरयम्'**) में आरोप्यमाण **'गौ'** तथा आरोपविषय **'वाहीक'** का भेदज्ञान होने पर भी उन दोनों के **'तादात्म्य'** की प्रतीति **लक्षणा** से होती है । उन **दोनों के 'सर्वथा अभेद' का बोध करना ही इस गौणी लक्षणा का प्रयोजन है** । किन्तु 'शुद्धा सारोपा' और 'शुद्धा साध्यवसानिका' इन शुद्धा के दो भेदों में अन्य वस्तु की अपेक्षया विलक्षण रीति से एवं निश्चित रूप से विशिष्ट परिणाम पैदा करा देने का बोध कराना ही उसका फल है ।

विशेष विवरण—सादृश्य सम्बन्ध के अतरिक्त (भिन्न) सम्बन्ध रहने पर शुद्धा लक्षणा होती है, यह पहले बता चुके हैं । उसे **'शुद्धालक्षणा'** के दो उदाहरण **'आयुर्घृतम्' और 'आयुरेवेदम्'** भी प्रदर्शित किये थे, उसी प्रकार के कुछ अन्य

कचित् तादर्थ्यादुपचारः, यथा—इन्द्रार्था स्थूणा इन्द्रः। कचित् स्वस्वामिभावाद्, यथा—राजकीयः पुरुषो राजा। कचिदवयवावयविभावाद्, यथा—अग्रहस्त इत्यत्राग्रमात्रेऽवयवे हस्तः। कचित् तात्कर्म्याद्, यथा—अतक्षा तक्षा।

(लक्षणाया भेदसंकलनम्)

(सू० १७) लक्षणा तेन षड्विधा ॥ १२ ॥

आद्यभेदाभ्यां सह।

उदाहरण भी दिखा रहे हैं, जिनमें 'सादृश्यसम्बन्ध' से भिन्न 'अन्यान्य सम्बन्ध' भी लक्षणा के प्रयोजक हो रहे हैं, अतः ये सब **शुद्धा लक्षणा** के उदाहरण हैं।

कचिदिति। कहीं पर **तादर्थ्य** से 'उपचार' होता है, अर्थात् 'उसके लिए' होने से अन्य के लिए अन्य के वाचक शब्द का प्रयोग किया जाता है। जैसे 'यज्ञ में इन्द्र' की पूजा करने के लिए बनाई गई **स्थूणा** (स्तम्भ) भी **'तादर्थ्यसंबंध'** से **'इन्द्र'** कही जाती है। अर्थात् 'इन्द्रार्था स्थूणा इन्द्रः' में **'इन्द्र' और 'स्थूणा' में 'उपकार्योपकारकभावसम्बन्ध' है।**

कहीं पर **'स्व-स्वामिभावसम्बन्ध'** से अन्य शब्द का अन्यत्र भी प्रयोग किया जाता है। जैसे **'राजकीयः पुरुषो राजा'** राजा का विशेष कृपा-पात्र **'पुरुष'** भी **'राजा'** कहलाता है।

कहीं पर **'अवयवावयविभावसम्बन्ध'** से औपचारिक प्रयोग (अन्य शब्द का अन्यत्र प्रयोग) किया जाता है। जैसे **'अग्रहस्तः'** यहाँ पर हाथ के केवल आगे के भाग (अंगुलि) के लिए **'हस्त'** शब्द का प्रयोग किया जाता है।

कहीं पर उस कर्म के करने के कारण अर्थात् **'तात्कर्म्यसम्बन्ध'** से औपचारिक शब्द का प्रयोग किया जाता है। जैसे **अतक्षा 'तक्षा'** = बढ़ई का काम करने वाला **'अतक्षा'** अर्थात् बढ़ई के अतिरिक्त (भिन्न) ब्राह्मण आदि किसी व्यक्ति के लिए भी **'तक्षा'** बढ़ई शब्द का प्रयोग **'तात्कर्म्यसम्बन्ध'** से किया जाता है।

(सू० १७) इसलिए **'लक्षणा'** छः प्रकार की हुई ॥ १२ ॥

आद्यभेदाभ्यामिति। आद्य दोनों भेदों (शुद्धा उपादान-लक्षणा तथा शुद्धा लक्षण-लक्षणा) के साथ **'शुद्धा'** तथा **'गौणी'** दोनों में से प्रत्येक के **सारोपा** तथा **साध्यवसाना** के दो-दो भेद, कुल **चारों भेदों को मिलाकर 'लक्षणा' के छह भेद होते हैं।**

लक्षणा	उदाहरण
१ उपादान सारोपा	कुन्ताः पुरुषाः प्रविशंति।
२ उपादान साध्यवसाना	कुन्ताः प्रविशंति।
३ लक्षणलक्षणा सारोपा	आयुर्घृतम्।
४ लक्षणलक्षणा साध्यवसाना	आयुरेवेदम्। गंगायां घोषः।
५ गौणी सारोपा	गौर्वाहीकः।
६ गौणी साध्यवसाना	गौरयम्।

लक्षणा षड्विधा



कुछ विद्वानों का कहना है कि शुद्धात्वादि छह उपाधियों के द्वारा **लक्षणा के छह भेद बताना ठीक नहीं** है, क्योंकि **(१) निरूढात्व और (२) प्रयोजनवत्त्व** इन दो भेदों को भी मिलाना चाहिये, जिससे **लक्षणा के आठ भेद** (अष्टविधत्व) बताने चाहिये। इसका **समाधान** यह है कि प्रथमतः लक्षणा के निरूढा और प्रयोजनवती दो विभाग होंगे। तदनन्तर प्रयोजनवती के शुद्धात्वादि उपाधियों से छह विभाग करने होंगे। अतः इसे विभक्त-विभाग ही कहना होगा। इसलिए षड्विधत्व कहने में कोई अनुपपत्ति नहीं है। **वास्तविकता** तो यह है कि **'व्यङ्ग्येन रहिता रूढौ'** (सू० १८) इस अग्रिम ग्रन्थ को देखने से स्पष्ट प्रतीति होता है कि **'रूढि और प्रयोजन'** की दृष्टि से भेद को यहाँ कहा भी नहीं है, इसलिए **रूढि-प्रयोजन-कृत अधिक भेदों की कल्पना करना उचित नहीं** है। यद्यपि **'रूढितोऽथ प्रयोजनात्'** (सू० १२) से रूढि और प्रयोजन बताये गये हैं, तथापि उन्हें **विभाजक के रूप में नहीं** बताया गया है, अपितु **हेतु के रूप में** बताया गया है। अन्यथा पुनरुक्ति होगी।

अन्य आलङ्कारिक विद्वान् लक्षणा के **षड्विध विभाग को अनुपपन्न** बताते हैं, क्योंकि गौणी के भी उपादान और लक्षणलक्षणारूप दो भेद हो सकते हैं। जैसे–**गोर्वाहीकसाधारण्येन 'गावः एते समानीयन्ताम्'** और **'गावः समानीयन्ताम्'** इसप्रकार उपादान सारोपा एवं साध्यवसाना के दो उदाहरण संभव हैं। इसलिए **'षड्विधा'** का अर्थ वे इस प्रकार करते हैं—**'षड्भिरूपाधिभिः कल्पिता विधाः प्रकाराः यस्यां सा षड्विधा'**। अर्थात् छह उपाधियों से उसके अनेक प्रकार कल्पित किये जाते हैं।

किन्तु ऐसा समझना **केवल भ्रममात्र** है, क्योंकि तेरहवें सूत्र में **'शुद्धैव'** में **'एव'** शब्द का प्रयोग और **'सारोपान्या तु'** (सू० १४) में **'तु'** शब्द का प्रयोग

(उक्तभेदाया लक्षणायाः पुनः प्रकारत्रयम्)

सा च—

(सू०१८) व्यङ्ग्येन रहिता रूढौ सहिता तु प्रयोजने ।

प्रयोजनं हि व्यञ्जनव्यापारगम्यमेव ॥

(सू०१९) तच्च गूढमगूढं वा—

किया गया है। ग्रन्थकार के 'एव' और 'तु' शब्द की ओर ध्यान न पहुँच पाने से यह भ्रम होना संभव है। किंच 'स्वसादृश्य' कभी स्ववृत्ति नहीं होता है अतः उपादानादि का संभव ही नहीं है, और संबंधांतर से मानने पर उसमें गौणत्व नहीं कह सकते।

साहित्यदर्पणकार विश्वनाथ ने लक्षणा के सोलह भेद बताये हैं। लक्षणा के विभाग करते समय दर्पण में 'षोडश-भेदिता लक्षणा' बताया गया है। इस प्रकार रूढि-लक्षणा और प्रयोजनवती-लक्षणा के दो भेद पहले किये। दोनों के उपादान और लक्षण भेद से दो-दो भेद कर चार भेद बताये। बाद चारों के सारोपा–साध्यवसाना भेद से आठ भेद किये। फिर आठों के शुद्धा तथा गौणी भेद से दो-दो भेद किये। सब को मिलाने से कुल १६ भेद लक्षणा के प्रदर्शित किये।

किन्तु ग्रन्थकार मम्मटभट्ट और मुकुलभट्ट दोनों ने 'उपादन और लक्षण-लक्षणा' ये दो भेद केवल 'शुद्धा' के ही माने हैं, 'गौणी' के नहीं, इसलिए इन के छः ही भेद होते हैं। विश्वनाथ ने गौणी के भी ये दोनों भेद माने हैं। मम्मट के छह भेदों में जोड़ देने से आठ (८) भेद हो जाते हैं। पुनः उसके रूढि–प्रयोजन से दो भेद कर दिये हैं। इसलिए विश्वनाथ के मत में लक्षणा के १६ भेद हो जाते हैं।

प्रस्तुत भेदों से युक्त लक्षणा के पुनः तीन प्रकार—

सा चेति। और वह—

(सू० १८) 'रूढि' पर जब आधारित हो तब उसमें व्यङ्ग्यार्थ नहीं रहता है किन्तु जब वह 'प्रयोजन' पर आधारित रहती है, तब उसमें व्यङ्ग्यार्थ रहता है। अर्थात् 'रूढि' के कारण होने वाले भेदों में व्यङ्ग्य से रहित तथा 'प्रयोजन' के कारण होने वाले भेदों में व्यङ्ग्य के सहित वह होती है॥

प्रयोजनं होति। क्योंकि 'व्यञ्जना' का व्यापार होने पर ही प्रयोजन को जाना जा सकता है। अर्थात् प्रयोजनवती लक्षणा में व्यङ्ग्य प्रयोजन अवश्य रहता है, इसलिए वह व्यङ्ग्यसहित ही हुआ करती है।

(सू० १९) और वह 'व्यङ्ग्य प्रयोजन' कहीं पर 'गूढ' अर्थात् दुर्बोध,

तच्चेति व्यङ्ग्यम् । गूढं यथा—

मुखं विकसितस्मितं वशितवक्रिमप्रेक्षितं
समुच्छलितविभ्रमा गतिरपास्तसंस्था मतिः ।
उरो मुकुलितस्तनं जघनमंसबन्धोद्धुरं
बतेन्दुवदनातनौ तरुणिमोद्गमो मोदते ॥ १ ॥

(सहृदयैकमात्रगम्य) और कहीं पर 'अगूढ' अर्थात् स्पष्ट (सर्वजनसंवेद्य) होता है ।

तच्चेति । और 'वह' अर्थात् **व्यङ्ग्य** । 'तच्च' में 'तत्' सर्वनाम पूर्वप्रयुक्त व्यङ्ग्य का परामर्शक है ।

गूढमिति । **गूढ व्यङ्ग्य** का उदाहरण । जैसे—

मुखं विकसितेति । किसी युवती को देखकर किसी युवक की यह उक्ति है—बड़ी प्रसन्नता की बात है कि इस चन्द्रमुखी के अङ्गों में यौवन का उदय मुदित हो रहा है । इसके मुख पर 'स्मित' (मुसकान) विकसित है । 'वक्रिमा' (वंकता) को वश करनेवाला 'कटाक्षपात' है । 'गति' में 'विलासों' (विभ्रमों) की छटा है । 'बुद्धि' में 'परिमित विषयता' का त्याग है । 'कुच' अधखिली कली हैं । 'जघनस्थल' अवयवों के पुष्ट होने से उभर रहा है अर्थात् जघन प्रदेश रतिक्रीडा के योग्य हुआ है ॥ १ ॥

विशेष विवरण—कवि ने ऊपर के उदाहरण में यौवन से ओत-प्रोत हुई युवती के स्मित (मुसकान) से, उसकी दृष्टि से, उसकी हाव-भाव भरी गति से, उसके अंग-प्रत्यंग से, यौवन के प्रस्फुटित होने का सहृदयगम्य हृद्य चित्र खींच दिया है । किन्तु यह 'व्यङ्ग्यार्थ' गूढ है, इसे सहृदय काव्यमर्मज्ञ ही जान सकते हैं । यहाँ **लक्षणा-मूला व्यञ्जना** है । **काव्यप्रकाशकार** ध्वनिवादी आचार्यों के अनुयायी होने से इन्होंने भी **प्रयोजनवती लक्षणा में 'प्रयोजन' को व्यञ्जनागम्य** ही माना है ।

उक्त उदाहरण में आये हुए शब्द, मुख्यार्थ का बाध हो जाने से लक्षणा के विषय निम्नांकित प्रकार से हो रहे हैं—

'यौवन' (तरुणिमोद्गम) कोई चेतन वस्तु नहीं है । वह मुदित (हर्षित) नहीं हो सकता है । इस कारण यहाँ **मुख्यार्थ का बाध** हो रहा है । इसका **लक्ष्यार्थ** है—**यौवन अवस्था-जनित उत्कर्ष**, अर्थात् अत्यन्त सौन्दर्य । तथा **व्यङ्ग्यार्थ** है—**'नायिका में अभिलाषा का होना'** ।

'विकसित' का अर्थ है 'प्रफुल्लित होना', किन्तु 'प्रफुल्लित होना' (खिलना) तो पुष्पों का धर्म है, न कि मुख की मुसकान (स्मित) का । इस कारण मुख को विकसित करने में **मुख्यार्थ का बाध** हो रहा है । अतः 'विकसित' का **लक्ष्यार्थ** है—

उत्कर्ष। मुख्यार्थ 'विकसित' के साथ लक्ष्यार्थ 'उत्कर्ष' का 'असङ्कोचरूप' सादृश्य सम्बन्ध है, क्योंकि विकास और आधिक्य दोनों में 'असङ्कोच' रहता है। और 'विकसित' का व्यङ्ग्यार्थ है—'मुख को पुष्पों के समान सुगन्धित सूचित करना।'

इसमें सादृश्य सम्बन्ध होने से 'गौणी', 'मुख' एवं 'विकसित' दोनों का कथन होने से 'सारोपा' और 'विकसित' ने अपना मुख्यार्थ त्याग दिया है, इस कारण 'लक्षण-लक्षणा' है।

'वशीकृत' का मुख्य अर्थ है—'किसी को अपने वश में कर लेना', किन्तु यह चेतन का धर्म है। 'कटाक्षों' द्वारा 'वक्रिमा' (बाँकेपन) को वश में करना असम्भव है। अतः मुख्यार्थ का बाध हो रहा है। 'वशीकृत' का लक्ष्यार्थ 'स्वाधीन करना' यहाँ पर स्वीकार किया गया है। अपने अभिलषित विषय में 'प्रवृत्तिरूप सम्बन्ध' है। और 'अपने प्रेमी में अनुराग सूचित करना' ही उसका प्रयोजन व्यंग्य है।

'विभ्रम' अर्थात् युवतियों के हाव-भाव, यह कोई उछलनेवाली वस्तु नहीं है। 'उछलना' धर्म तो जल आदि का है। अतः मुख्यार्थ का बाध है। यहाँ पर 'विभ्रम' (उछलने) का लक्ष्यार्थ 'अधिकता' स्वीकार किया गया है। 'प्रेर्य-प्रेरकभावसम्बन्ध' है। 'मनोहरता' व्यङ्ग्य है।

'मति' में मर्यादा का लोप कहने में मुख्यार्थ का बाध है। क्योंकि 'मर्यादा' का त्याग करना 'चेतन' का धर्म है। यहाँ पर लक्ष्यार्थ 'अधीरता' है। 'कार्य-कारणभावसम्बन्ध' है। 'अनुराग का आधिक्य' व्यङ्ग्य है।

'मुकुलित' का मुख्यार्थ अधखिला रहना है। कुचों (स्तनों) को अधखिला कहने में मुख्यार्थ का बाध है। क्योंकि 'आधा खिलना' पुष्पों का होता है, न कि मनुष्य के अंगों का। अतः इसका लक्ष्यार्थ 'काठिन्य' (उभार) है। अवयवों की 'सघनतारूप सादृश्य सम्बन्ध' है। 'मनोहरता' या आलिंगन योग्यत्व को सूचित करना व्यङ्ग्य है।

'उद्धुरत्व' का मुख्य अर्थ 'उत्कृष्टधुरात्व' (धुरा को उठाया हुआ) है। जघनस्थल को 'उद्धुर' कहने में मुख्यार्थ का बाध होता है। 'उद्धुरत्व' का लक्ष्यार्थ 'रमणीयत्व' है। 'भार' को सहन कर पाना रूप 'सादृश्य सम्बन्ध' है। 'विलक्षणरति-योग्यता' को सूचित करना व्यङ्ग्य है।

इनमें जहाँ-जहाँ 'सादृश्य सम्बन्ध' है, वहाँ गौणी लक्षणा है, और जहाँ अन्य सम्बन्ध है, वहाँ शुद्धा लक्षणा है। इस प्रकार इस पद्य (काव्य) में जो व्यङ्ग्य

अगूढं यथा—

श्रीपरिचयाज्जडा अपि भवन्त्यभिज्ञा विदग्धचरितानाम् ।
उपदिशति कामिनीनां यौवनमद एव ललितानि ॥ १० ॥

अर्थ है, वह गूढ़ है अर्थात् वह सर्वजन-संवेद्य नहीं है। साधारण व्यक्ति इस व्यंग्यार्थ को सहज में नहीं समझ सकता है। इस व्यंग्यार्थ को 'काव्यमर्मज्ञ सहृदय' ही समझ सकता है। इसलिए 'इस पद्य' को गूढ व्यङ्ग्य के उदाहरणरूप में प्रदर्शित किया गया है। अतः यहाँ गूढव्यंग्या लक्षणा है।

काव्यप्रकाश की संस्कृत टीका 'प्रदीप' के लेखक ने गूढव्यंग्या लक्षणा के उदाहरण-रूप में स्वरचित पद्य प्रस्तुत किया है—

'चकोरीपाण्डित्यं मलिनयति दृग्भङ्गिमहिमा
हिमांशोरद्वैतं कवलयति वक्त्रं मृगदृशः ।
तमोवैदग्ध्यानि स्थगयति कचः, किंच वचनं
कुहूकण्ठीकण्ठध्वनिमधुरिमाणं तिरयति' ॥

इस मृगनयनी (हरिणाक्षी) के नेत्र-कटाक्षों का प्रभाव चकोरी की चतुराई को तिरस्कृत (फीका) कर देता है, इसका वदन (मुख) चन्द्रमा की अनुपमता (अद्वितीयता—बेजोड़पन) को ग्रस लेता है, इसका केशकलाप अन्धकार की सघनता को मात (तिरस्कृत) करता है, और इसकी ध्वनि (आवाज) कोयल के कण्ठ से निकलने-वाली ध्वनि के माधुर्य को फीका बना देती है।

इस पद में चार क्रियापद 'मलिनयति, कवलयति, स्थगयति, और तिरयति' हैं, ये सब लाक्षणिक हैं। ये चारों क्रियापद 'लक्षणलक्षणा' के उदाहरण रूप हैं ॥

गूढ-व्यङ्ग्या लक्षणा—

जहाँ ऐसा व्यङ्ग्यार्थ हो, जो सहज ही में समझा जा सकता हो, वहाँ अगूढ व्यङ्ग्या लक्षणा होती है।

अगूढमिति। 'अगूढ' व्यङ्ग्य का उदाहरण। जैसे—

श्रीपरिचयादिति। लक्ष्मी की प्राप्ति हो जाने पर (श्री से परिचय हो जाने पर) मूर्ख (जड) अर्थात् मन्दबुद्धि के मनुष्य भी चतुरों के व्यवहारों के (विदग्धों के चरित्रों के) यानी रीति-रिवाजों के जानकार (अभिज्ञ) हो जाते हैं। (उपर्युक्त कथन का समर्थन अर्थान्तरन्यास अलंकार के द्वारा कर रहे हैं) यौवन का मद ही कामिनी को विलास का पाठ पढ़ा देता है ॥ १० ॥

अत्रोपदिशतीति ।

(व्यङ्ग्यगर्भिताया लक्षणायास्त्रैविध्यप्रतिपादनम्)

(सू०२०) तदेषा कथिता त्रिधा ॥ १३ ॥

अत्रेति । इस पद्य में 'उपदिशति' पद का **मुख्यार्थ** है—'अज्ञात अर्थ को शब्द द्वारा बताना' अर्थात् 'उपदिशति' का अर्थ सिखाना यानी **शिक्षा देना** है । किन्तु इस प्रकार उपदेश करना तो **चेतन का धर्म** है (कार्य है) । 'यौवन' तो जड है, उसके द्वारा उपदेश दिया जाना असंभव है । अतः **मुख्यार्थ का बाध** हो जाता है । इसलिए 'उपदिशति' का **लक्ष्यार्थ**—**'आविष्करोति'** (प्रकट करता है) है ।

विशेष विवरण—'प्रकट करना' यह सामान्य वाक्य है, और 'उपदेश देना' (सिखाना) यह **विशेष वाक्य** है । अतः यहाँ **'सामान्य-विशेषभावसम्बन्ध'** है, इस कारण यहाँ **शुद्धा लक्षणा** है । अनायास 'लालित्य का ज्ञान होना' यह **व्यंग्य अर्थ** है **'अनाचार्योपदिष्टं स्याल्ललितं रतिचेष्टितम्'**—बिना शिक्षा प्राप्त किये ही रतिचेष्टाओं के ज्ञान को **'ललित'** कहते हैं । यह व्यंग्यार्थ **'गूढ'** नहीं है, सहज ही में ज्ञात हो सकता है । अतः **अगूढ व्यंग्य** का यह उदाहरण है । **'उपदिशति'** पद ने अपने **'मुख्यार्थ'** को त्याग दिया है । अतः यहाँ **लक्षण-लक्षणा** है । **'अगूढ गुणीभूतव्यंग्य मध्यम काव्य'** में **यही लक्षणा** होती है । 'गूढ' के समान 'अगूढ व्यंग्य' भी सभी लक्षणाओं के भेदों में हो सकता है । **'विदग्ध'** (वि + दह् + क्त) का मुख्य अर्थ, विशेषरूप से पका हुआ । जैसे मिट्टी का घड़ा खूब अच्छी तरह से पका हुआ टन-टन आवाज करने वाला, टिकाऊ, व्यवहार योग्य होता है, उसी प्रकार काव्यशास्त्र में परिपक्व हुआ सहृदय व्यक्ति, व्यवहार-कुशल होता है । अतएव **'विदग्ध'** शब्द से उसका निर्देश किया जाता है । इस **'विदग्ध'** प्रयोग को **'सादृश्य-मूलकरूढसाध्यवसाना लक्षणा'** का उदाहरण कह सकते हैं । **'प्रयोजन'** की दृष्टि से **लक्षणा** के जो **तीन प्रकार** कहे गए हैं, उनमें से **'गूढव्यंग्य'** संज्ञक प्रथम प्रकार **'उत्तम काव्य'** अर्थात् ध्वनिकाव्य में समझा जाता है, और जब व्यंग्यार्थ **'अगूढ'** या **'अतिगूढ'** (क्लिष्ट) हो, तब वह काव्य **गुणीभूतव्यंग्य** अर्थात् मध्यम काव्य के रूप में कहलाता है । अत एव किसी कवि ने कहा है—

नान्ध्रीपयोधर इवातितरां प्रकाशो नो गुर्जरीस्तन इवातितरां निगूढः ।
अर्थो गिरामपिहितः पिहितश्च कश्चित् सौभाग्यमेति मरहट्टवधूकुचाभः ॥

यहाँ पर कवि ने काव्य के 'व्यंग्यार्थ' का स्वरूप विशद करने में स्त्रियों की वेषभूषा से संबंधित उनके उत्तरीय वस्त्रपरिधान के वैशिष्ट्य का चतुराई से निरूपण किया है ।

(सू० २०) इस प्रकार यह **'लक्षणा'** व्यंग्य की दृष्टि से **तीन** प्रकार की बताई गई ॥ १३ ॥

अव्यङ्ग्या गूढव्यङ्ग्या अगूढव्यङ्ग्या च ।

(लाक्षणिक-शब्दलक्षणम्)

(सू०२१) तद्भूर्लाक्षणिकः--

शब्द इति सम्बध्यते, तद्भूस्तदाश्रयः ।

(लक्षणामूला व्यञ्जना)

(सू०२२) तत्र व्यापारो व्यञ्जनात्मकः ।

अव्यङ्ग्येति । (१) 'अव्यङ्ग्या' व्यंग्यार्थ से रहित, (२) 'गूढव्यङ्ग्या' गूढव्यंग्यार्थ के सहित, (३) 'अगूढव्यङ्ग्या' प्रकट व्यंग्यार्थ वाली--यह कहकर उक्त तीन प्रकारों को स्पष्ट किया है ।

द्वितीय उल्लास के आरंभ में दी गई 'स्याद् वाचको लाक्षणिकः शब्दोऽत्र व्यञ्जकस्त्रिधा' (सू० ५) कारिका में 'वाचक' 'लाक्षणिक' और 'व्यञ्जक' तीन प्रकार के शब्दों का उल्लेख किया गया था । उनमें से 'वाचक' शब्द को 'साक्षात् संकेतितं योऽर्थमभिधत्ते स वाचकः' (सू० ९) से बता दिया गया है । लक्षणा का विवेचन करने के बाद, उसके आश्रयभूत लाक्षणिक शब्द का लक्षण अब कर रहे हैं—

(सू० २१) लक्षणा के 'आश्रयभूत शब्द' को 'लाक्षणिक' शब्द कहते हैं ।

शब्द इतीति । द्वितीय उल्लास की प्रथमकारिका अर्थात् सूत्र ५ से 'शब्द' पद का सम्बन्ध 'मण्डूकप्लुतिन्याय' से यहाँ पर किया गया है । 'तद्भूः' का अर्थ है—उस लक्षणा का आश्रय ।

लक्षणामूलक व्यञ्जना

(सू० २२) उस व्यङ्ग्यार्थरूप प्रयोजन की प्रतीति कराने में 'लाक्षणिक' शब्द का लक्षणा व्यापार से भिन्न (पृथक्) व्यञ्जनारूप व्यापार होता है ।

प्रयोजन की प्रतीति में व्यञ्जनाव्यापार की अनिवार्यता—

विशेष विवरण--मुकुलभट्ट ने 'रूढि' तथा 'प्रयोजन' को 'लक्षणा' का प्रयोजक हेतु कहा है । 'रूढेः प्रयोजकाद्वापि व्यवहारे विलोक्यते ।' कारिका भाग की व्याख्या में उन्होंने 'लक्षणा' का प्रयोजन, 'पुण्यत्व, मनोहारित्वादि का प्रतिपादन' माना है । क्योंकि उक्त प्रयोजन की प्रतीति, 'स्व' शब्द से अभिधा के द्वारा नहीं हो पाती । किन्तु ध्वनिवादी आचार्य तो प्रयोजन की प्रतीति 'व्यंजना-व्यापार' से ही मानते हैं । लेकिन मुकुलभट्ट को 'व्यञ्जनाव्यापार' मान्य नहीं है । इनके मत में प्रयोजन की प्रतीति 'लक्षणावृत्ति' से ही होती है ।

कुत इत्याह—

(व्यञ्जनाया आवश्यकता)

(सू० २३) यस्य प्रतीतिमाधातुं लक्षणा समुपास्यते ॥ १४ ॥
फले शब्दैकगम्येऽत्र व्यञ्जनाऽपरा क्रिया ।

इस पर ध्वनिवादी का प्रश्न है कि यदि 'लक्षणावृत्ति' से ही 'प्रयोजन' की प्रतीति कहें तो वह दो प्रकार से कही जा सकती है—एक प्रकार यह होगा कि उस 'प्रयोजन' को ही लक्ष्यार्थ कहा जाय। और दूसरा प्रकार यह होगा कि 'प्रयोजन' को यदि 'लक्ष्यार्थ' से भिन्न कहें तो 'प्रयोजन-विशिष्ट तट' की उपस्थिति 'लक्षणा' से कही जायगी।

मुकुलभट्ट के ग्रन्थ—"अत्र हि गंगा-शब्दाभिधेयस्य स्रोतोविशेषस्य घोषाधिकरणत्वानुपपत्त्या मुख्यशब्दार्थबाधे सति योऽसौ समीप-समीपि-भावात्मकः सम्बन्धस्तदाश्रयेण 'तटं' लक्षयति।" से प्रतीत होता है कि संभवतः वे 'तट' को लक्ष्यार्थ मानते होंगे, अतः 'प्रयोजन' को लक्ष्यार्थ मानने की संभावना नहीं कर सकते। तब 'पुण्यत्व, मनोहारित्व' आदि 'प्रयोजन' की प्रतीति, 'गंगा' शब्द से तभी हो सकती है कि जब 'प्रयोजन-विशिष्ट तट' की उपस्थिति 'लक्षणा' के द्वारा मानी जाय। परन्तु मुकुलभट्ट ने इसको स्पष्ट नहीं किया है। किन्तु काव्यप्रकाशकार मम्मटभट्ट ने उक्त दोनों पक्षों की आलोचना करते हुए १६ वीं तथा १७ वीं कारिका के पूर्वार्ध में 'प्रयोजन' को लक्ष्यार्थ मानने की संभावना का और १७ वीं कारिका के उत्तरार्ध तथा १८ वीं कारिका में 'प्रयोजन-विशिष्ट तट' में लक्षणा मानने का निरसन किया है। उनके निरसन करने का अभिप्राय यह है कि यदि 'प्रयोजन' को 'लक्षणा' का प्रयोजक मानते हैं, तो उस 'प्रयोजन की प्रतीति' 'अभिधा' अथवा 'लक्षणा' से तो हो नहीं सकती। अतः उसकी (प्रयोजन की) प्रतीति के लिए व्यंजना को अवश्य ही मानना होगा। इसी अभिप्राय को ग्रन्थकार मम्मटभट्ट 'कुत इत्याह' ग्रन्थ से बता रहे हैं।

प्रयोजन की वाच्यता का निराकरण—

कुत इत्याहेति। व्यञ्जनाव्यापार ही क्यों होता है? इस प्रश्न का उत्तर दे रहे हैं—

(सू० २३) जिस किसी 'प्रयोजन' की प्रतीति कराने के लिए लक्षणा (लाक्षणिक शब्द) का सहारा स्वीकार किया जाता है ॥ १४ ॥ केवल शब्द से गम्य (अनुमान आदि से नहीं) उस प्रयोजन (फल) की प्रतीति के लिए 'व्यञ्जना' के अतिरिक्त शब्द का और कोई व्यापार नहीं हो सकता है ॥

प्रयोजनप्रतिपिपादयिषया यत्रलक्षणया शब्दप्रयोगस्तत्र नान्यतस्तत्प्रतीतिः, अपि तु तस्मादेव शब्दात्। न चात्र व्यञ्जनादृतेऽन्यो व्यापारः।

तथा हि—

(प्रयोजनप्रत्यायने अभिधाया अनुपयोगः)

(सू० २४) नाभिधा समयाभावात्—

गङ्गायां घोष इत्यादौ ये पावनत्वादयो धर्मास्तटादौ प्रतीयन्ते न तत्र गङ्गादिशब्दाः सङ्केतिताः।

(नापि लक्षणाविषयः)

(सू० २५) हेत्वभावान्न लक्षणा ॥ १५ ॥

मुख्यार्थबाधादित्रयं हेतुः।

प्रयोजनप्रतिपिपादयिषयेति। 'प्रयोजन विशेष' के प्रतिपादन करने की इच्छा से जहाँ लक्षणा से (लाक्षणिक) शब्द का प्रयोग किया जाता है, वहाँ अनुमानादि अन्य किसी उपाय (साधन) से उस प्रयोजन की प्रतीति नहीं हुआ करती, अपितु 'उसी शब्द' से होती है। उसके बोधन में 'शब्द' का व्यञ्जना के अतिरिक्त अन्य कोइ व्यापार नहीं होता है। इसी बात को और अधिक स्पष्ट किया जा रहा है।

तथा हीति। क्योंकि—

(सू० २४) संकेतग्रह के न होने से 'अभिधावृत्ति' प्रयोजन का बोधन नहीं करा सकती।

गंगायामिति। 'गङ्गायां घोषः' इत्यादि स्थलों में 'पावनत्व, शीतलत्व' आदि जो धर्म 'तट' में प्रतीत होते हैं, उनमें 'गङ्गा' आदि शब्दों का संकेतग्रह (शक्तिग्रह) नहीं है। अतः उन धर्मों का ज्ञान 'अभिधा' से नहीं हो सकता है।

प्रयोजन की लक्ष्यता का खण्डन—

(सू० २५) लक्षणा के प्रयोजक 'मुख्यार्थबाध आदि' हेतुओं के न होने से 'लक्षणा' भी प्रयोजन को नहीं बता सकती ॥ १५ ॥

मुख्यार्थबाधादिति। 'मुख्यार्थ का बाध' और उसके साथ-साथ 'मुख्यार्थ से सम्बन्ध' तथा 'रूढि' अथवा 'प्रयोजन' में से कोई एक—ये 'तीन कारण' 'लक्षणा' करने में कारण हुआ करते हैं। वे तीनों कारण यहाँ नहीं हैं। अतः प्रयोजक सामग्री के न होने से 'प्रयोजन' का ज्ञान 'लक्षणा' से भी नहीं हो सकता है।

विशेष विवरण—२५ वें सूत्र में बताया है कि लक्षणा के प्रयोजक तीन हेतुओं (मुख्यार्थ बाध, मुख्यार्थ से सम्बन्ध, रूढ़ि या प्रयोजन में से कोई एक) में से कोई भी हेतु न होने से लक्षणा के द्वारा प्रयोजन का बोध नहीं कराया जा सकता। अग्रिम कारिका में इन्हीं हेतुओं के अभाव का उपपादन किया जायगा।

(१) अभिप्राय यह है कि 'गङ्गा' पद से 'तट' रूप अर्थ की प्रतीति होने के बाद जो 'शैत्य-पावनत्वादि धर्मों' की प्रतीति होती है, 'उसे' यदि लक्ष्यार्थ मान लें तो उससे पूर्व उपस्थित होने वाले 'तट' रूप अर्थ को मुख्यार्थ कहना होगा, किन्तु वह तो लक्ष्यार्थ है, अतः उसे मुख्यार्थ नहीं कह सकते, कथञ्चित् यदि उसे मुख्यार्थ मान भी लें तो 'लक्षणा' होने के पूर्व उसका बाध होना चाहिये, लेकिन उसका 'बाध' भी नहीं हो रहा है, क्योंकि 'तट' पर 'घोष' होता ही है। इसलिए भी 'लक्षणा' नहीं होगी। इस रीति से अगली कारिका (सूत्र २६) के 'लक्ष्यं न मुख्यं' 'नाऽप्यस्य बाधः' इस प्रथम चरण से 'मुख्यार्थबाध' रूप लक्षणा के प्रथम कारण का अभाव बताया गया है।

(२) 'लक्षणा' होने में दूसरा कारण 'लक्ष्यार्थ का मुख्यार्थ के साथ सम्बन्ध' है। यदि 'शैत्य-पावनत्व' आदि धर्मों (प्रयोजन) को लक्ष्यार्थ कहा जाय तो 'तट' को मुख्यार्थ कहना होगा तब मुख्यार्थ रूप 'तट' के साथ लक्ष्यार्थ रूप 'शैत्य-पावनत्व' आदि का (प्रयोजन का) सम्बन्ध बताना होगा, किन्तु 'शैत्य-पावनत्व' का सम्बन्ध तो 'गंगा' शब्द के मुख्यार्थ रूप 'जलप्रवाह' के साथ है, 'तट' के साथ नहीं है। इसलिए 'मुख्यार्थ के साथ सम्बन्ध' रूप दूसरा हेतु भी नहीं है। इस बात को अगली कारिका के 'योगः फलेन नो' इस द्वितीय चरण के अंश से बताया गया है। तात्पर्य यह है कि 'लक्ष्यार्थ रूप' में कल्पित किये गये 'शैत्यपावनत्व आदि' फल (प्रयोजन) के साथ कल्पित मुख्यार्थ रूप 'तट' का सम्बन्ध भी न होने से 'लक्षणा' के दूसरे हेतु (कारण) का भी अभाव बताया गया है।

(३) अब 'लक्षणा' में तीसरा हेतु (कारण) 'रूढि या प्रयोजन में से किसी एक की स्थिति' है। किन्तु इन दोनों में से कोई एक भी यहाँ नहीं है। क्योंकि 'गङ्गा' शब्द 'शैत्य-पावनत्वादिधर्मों' में रूढ़ नहीं है। यदि 'शैत्य-पावनत्वादि प्रयोजन' को लक्ष्यार्थ कहें तो पुनः उसका कोई 'अन्य प्रयोजन' कहना होगा। किन्तु 'शैत्य पावनत्वादि प्रयोजन' का कोई 'अन्य प्रयोजन' नहीं माना जा सकता। यदि 'अन्य प्रयोजन' मानने का आग्रह ही किया जाय तो उस 'प्रयोजन' का भी 'प्रयोजन', पुनः उसका भी 'प्रयोजन' कहना होगा, तब तो 'अनवस्था' दोष उपस्थित हो जायगा। अतः 'प्रयोजन' का पुनः प्रयोजन मानना उचित नहीं है। इसलिए 'रूढि और प्रयोजन' में से किसी एक (अन्यतर) की उपस्थितिरूप तीसरे कारण का भी अभाव है। इस कारण 'प्रयोजन की प्रतीति' 'लक्षणा' से नहीं करायी जा सकती। इस बात को कारिका के उत्तरार्ध के 'न प्रयोजनमेतस्मिन्' इस अंश से कहा गया है। यह अभिप्राय २६ वीं कारिका के तीन चरणों का है।

'प्रयोजन' को यदि 'लक्ष्यार्थ' कहें तो उसके विषय में 'शब्द' का 'रखलद्-

(प्रयोजनप्रतिपादने लक्षणाया असामर्थ्यम्)

तथा च—

(सू० २६) लक्ष्यं न मुख्यं नाप्यत्र बाधो योगः फलेन नो ।
न प्रयोजनमेतस्मिन् न च शब्दः स्वलद्गतिः ॥ १६ ॥

यथा गङ्गाशब्दः स्रोतसि सबाध इति तटं लक्षयति, तद्वत् यदि तटेऽपि सबाधः स्यात् तत् प्रयोजनं लक्षयेत् , न च तटं मुख्योऽर्थः, नाप्यत्र बाधः, न

गति' होना जरूरी है। अन्यथा मुख्यार्थ बाध, मुख्यार्थ संबंध आदि के पश्चात् ही उस अर्थ का बोध होना चाहिये। 'लक्षणा' के प्रयोजक 'मुख्यार्थ बाधादि हेतुओं' के बिना यदि उस शब्द से 'अर्थ प्रतीति' न हो सके, तब उस 'अर्थ' को 'लक्ष्यार्थ' कहा जाता है। जैसे—'गङ्गा' शब्द का 'लक्ष्यार्थ' 'तट' है, क्योंकि मुख्यार्थ बाधादि हेतुओं के उपस्थित हुए बिना 'गङ्गा' शब्द 'तट' रूप अर्थ को बताने में समर्थ नहीं है। अर्थात् वह 'गङ्गा' शब्द 'तट' रूप अर्थ का बोध कराने में 'स्खलद्गति' है। इसलिए उस 'तट' रूप अर्थ को वह 'गंगा' शब्द 'लक्षणा' के द्वारा बता देता है। किन्तु 'शैत्य-पावनत्व' आदि प्रयोजन को बताने में 'गङ्गा' आदि लाक्षणिक शब्द 'स्खलद्गति' (असमर्थ) नहीं है। तात्पर्य यह है कि शैत्य-पावनत्वादि धर्मों को (प्रयोजन को) 'मुख्यार्थबाध' के बिना भी वह शब्द बता देने में समर्थ है, क्योंकि 'गंगा' शब्द के 'जल-प्रवाहरूप अर्थ' के साथ वे धर्म स्वयं ही उपस्थित होते हैं। इसलिए प्रयोजन रूप अर्थ के प्रतिपादन करने में वह 'शब्द' स्खलद्गति नहीं है। अतः 'शैत्य-पावनत्वादि प्रयोजन' का बोध कराने के लिए 'लक्षणा' की आवश्यकता नहीं है। उस अर्थ को बताने के लिए तो 'व्यञ्जनाव्यापार' को ही मानना होगा।

तथा चेति। इसी अभिप्राय को मम्मटभट्ट २६वीं कारिका के द्वारा बता रहे हैं।

(सू० २६) लक्ष्यार्थ (तट) 'मुख्यार्थ' नहीं है, और न उसका यहाँ बाध होता है, तथा न उसका 'फल' (शैत्य-पावनत्व) के साथ 'सम्बन्ध' है, और उस 'प्रयोजन को लक्ष्यार्थ' मानने में कोई 'प्रयोजन' (फल) भी नहीं है, और न 'प्रयोजन' के विषय में 'लाक्षणिक शब्द' स्खलद्गति ही है। अर्थात् मुख्यार्थबाधादि हेतुओं के बिना 'प्रयोजन' का बोध कराने में वह असमर्थ भी नहीं है। 'मुख्यार्थबाधादि' के बिना भी वह 'गंगा शब्द' शैत्यपावनत्वादि प्रयोजन को अभिव्यक्त कर सकता है। 'मुख्यार्थ बाध' होने पर तो वह गंगा शब्द 'तट' को ही बताता है, 'शैत्य-पावनत्वादि प्रयोजन' को नहीं ॥ १६ ॥

यथेति। जैसे—'गंगायां घोषः' इस उदाहरण में 'घोष' का आधार बनने के लिए 'गङ्गा' अपने 'जलप्रवाहरूप' मुख्यार्थ (वाच्यार्थ) में बाधित होता है।

च गंगाशब्दार्थस्य तटस्य पावनत्वाद्यैर्लक्षणीयैः सम्बन्धः, नापि प्रयोजने लक्ष्ये किञ्चित् प्रयोजनम्, नापि गंगाशब्दस्तटमिव प्रयोजनं प्रतिपादयितुम-समर्थः ।

इसलिए वह (गङ्गाशब्द) 'लक्षणाव्यापार' की सहायता से 'तट' रूप लक्ष्यार्थ को बताता है, उसी प्रकार यदि 'तट' में भी वह (गङ्गाशब्द) बाधित हो, तब वह (गङ्गाशब्द) 'शैत्य-पावनत्वादि प्रयोजन' को लक्षणा व्यापार से बता सकता है। अर्थात् पहले तो 'तट' को 'गङ्गा' शब्द का मुख्यार्थ माना जाय, और उसमें (तट में) 'घोष' का आधार बनने की योग्यता का न होना समझा जाय, तब कहीं मुख्यार्थ का बाध कहा जायेगा और तब 'लक्षणा' से प्रयोजन का बोध कहा जा सकेगा। किन्तु न तो 'तट' रूप अर्थ 'गङ्गा' शब्द का मुख्यार्थ है, और न उसका बाध होता है। एवं च मुख्यार्थबाध रूप प्रथम हेतु नहीं है। और यदि 'तट' रूप अर्थ को 'गङ्गा' शब्द का मुख्यार्थ, हठात् मान भी लें, तब भी 'गङ्गा' शब्द के 'तट' रूप 'कल्पित मुख्यार्थ' का उस लक्ष्यार्थ (जिसे आप लक्षणा से बताना चाह रहे हैं) 'शैत्य-पावनत्वादि' के साथ संबंध भी नहीं है। क्योंकि 'शैत्य-पावनत्वादि' का संबंध तो जलप्रवाह से है, 'तट' से नहीं। इसलिए 'मुख्यार्थ' के साथ 'लक्ष्यार्थ' का सम्बन्धरूप द्वितीय हेतु भी नहीं है। अब लक्षणा का तीसरा हेतु 'रूढ़ि' अथवा 'प्रयोजन' में से किसी एक की उपस्थिति होना आवश्यक है। किन्तु यहाँ उसका भी अभाव है। क्योंकि 'प्रयोजन' को लक्ष्यार्थ मानने में कोई 'अन्य प्रयोजन' भी नहीं दिखाई देता, और उस प्रयोजन को बताने में 'गङ्गाशब्द' असमर्थ (स्खलद्गति) भी नहीं है, क्योंकि वह (गङ्गाशब्द) 'तट' रूप अर्थ को बताने में जैसा समर्थ है, वैसे ही वह 'प्रयोजन' को भी बताने में समर्थ है। इसलिए 'प्रयोजन का बोध' लक्षणा से नहीं हो सकता। इस रीति से 'प्रयोजन' को लक्ष्यार्थ समझना संभव नहीं है ॥ १६ ॥

फिर भी व्यञ्जना-विरोधी 'प्रयोजन' को लक्ष्यार्थ ही मानना चाहें और उसके लिए 'प्रयोजन' में भी कोई 'अन्य प्रयोजन' बताने का प्रयत्न भी करें, तो भी वह निरर्थक होगा, क्योंकि उस दशा में वह 'अन्य प्रयोजन' भी 'लक्ष्य' ही होगा, तब उस प्रयोजन के लिए 'किसी तीसरे प्रयोजन' की आवश्यकता रहेगी, पुनः उस तीसरे प्रयोजन के लिए 'चौथे प्रयोजन' की, इसी प्रकार उत्तरोत्तर प्रयोजन की आवश्यकता होने से 'अनवस्था' उत्पन्न होगी। इस प्रकार का अनवस्था दोष 'मूल' का ही विनाशक हो जाता है। इसलिए मूल-विनाशक अनवस्था दोष के भय से भी 'प्रयोजन' को लक्ष्यार्थ नहीं कह सकते। इसी अभिप्राय को ग्रन्थकार २७ वें सूत्र से अब बता रहे हैं—

(लक्षणाप्रयोजनस्य लक्षणाविषयत्वे दोषः)

(सू०२७) एवमप्यनवस्था स्याद् या मूलक्षयकारिणी ।

एवमपि प्रयोजनं चेल्लक्ष्यते तत् प्रयोजनान्तरेण तदपि प्रयोजनान्तरेणेति प्रकृताऽप्रतीतिकृद् अनवस्था भवेत् ।

(प्रयोजनविशिष्टे लक्षणाया अनुपपत्तिः)

ननु पावनत्वादिधर्मयुक्तमेव तटं लक्ष्यते, गङ्गायास्तटे घोष इत्यतोऽधिकस्यार्थस्य प्रतीतिश्च प्रयोजनमिति विशिष्टे लक्षणा । तत्किं व्यञ्जनयेत्याह—

(सू० २७) इस प्रकार भी अनवस्था दोष होगा, जो मूल का ही नाशक हो जाता है ।

एवमिति । इस प्रकार यदि 'प्रयोजन लक्षित' होता है—यह कहें, तो वह 'अन्य प्रयोजन' से, और वह भी 'अन्य प्रयोजन' से लक्षित मानना होगा । इस प्रकार 'प्रयोजन' की अविश्रान्त परम्परा की कल्पना करते रहने के कारण मूलभूत प्रथम प्रयोजनरूप प्रस्तुत अर्थ की प्रतीति में भी बाधा पहुँचाने वाली मूलक्षयकारिणी अनवस्था होगी ।

प्रयोजनविशिष्ट में लक्षणा का खण्डन—

विशेष विवरण—यहाँ तक मम्मटभट्ट ने यह बताया कि 'प्रयोजन' का ज्ञान लक्षणा से नहीं हो सकता । 'प्रयोजन' का ज्ञान प्राप्त करने के लिए 'व्यञ्जना' को स्वीकार करना ही होगा । किन्तु 'विशिष्ट' में लक्षणा माननेवाला एक पक्ष अभी शेष है । 'विशिष्ट-लक्षणा' कहने का तात्पर्य यह है कि 'तट' रूप लक्ष्यार्थबोध के साथ ही साथ 'शैत्य-पावनत्व' आदि प्रयोजन का भी बोध हो जाता है । अभिप्राय यह है कि 'लक्षणा' से केवल 'तट' का ही नहीं, अपितु 'शैत्य-पावनत्व' आदि प्रयोजन-विशिष्ट तट का बोध होता है । इसलिए उसके बोध के लिए 'लक्षणामूला व्यञ्जना' को स्वीकार करने की आवश्यकता नहीं है । इस विशिष्ट लक्षणावादी का खण्डन मम्मटभट्ट ने १७ वीं कारिका के उत्तरार्ध तथा १८ वीं कारिका से किया है । इस अवसर पर विशिष्टलक्षणावादी के खण्डनार्थ ग्रन्थकार के द्वारा दी गई युक्ति का अभिप्राय यह है कि 'ज्ञान का विषय' तथा 'ज्ञान का फल'—ये दोनों भिन्न-भिन्न हैं । उनको एक साथ मिलाया नहीं जा सकता । 'लक्षणाजन्य ज्ञान' का विषय 'तट' है, और उसका 'फल' (प्रयोजन) शैत्य-पावनत्व आदि का बोध होना है । अतः इन दोनों को एक साथ न मिलाकर अलग-अलग ही उनकी प्रतीति कहनी होगी, क्योंकि 'विषय' और 'फल' में कार्य-कारणभाव हुआ करता है । 'ज्ञान का विषय' ज्ञान को पैदा करता है अर्थात् 'ज्ञान' का कारण होता है ।

और 'ज्ञान का फल' (प्रयोजन) 'ज्ञान' का 'कार्य' होता है। इसलिए उन दोनों (कार्य-कारण) की उत्पत्ति एक-काल (समकाल) में नहीं हो सकती। निष्कर्ष यह है कि 'ज्ञान का विषय' और 'ज्ञान का फल' दोनों अलग-अलग हैं। यह बात न्यायमीमांसादर्शन की प्रक्रिया से समझी जा सकती है। 'घट-पट' आदि विषयों का जो ज्ञान होता है, उसका विषय 'घट-पट' आदि होते हैं, और वे 'ज्ञानोत्पत्ति' के 'कारण' कहलाते हैं, इसलिए उनकी सत्ता ज्ञानोत्पत्ति के पूर्व रहती है, इसमें किसी भी दार्शनिक का मतभेद नहीं है। किन्तु 'ज्ञान' के 'फल' के विषय में न्याय और मीमांसा दर्शन के सिद्धान्त अलग-अलग हैं।

न्याय का अनुव्यवसाय सिद्धान्त—

'घट' या 'नील' आदि 'विषयों' (वस्तुओं) का ज्ञान, 'प्रत्यक्षादि प्रमाणों' से हो जाता है। अर्थात् 'विषय' (वस्तु) को देखते ही पहले उसका 'ज्ञान' उत्पन्न होता है। किन्तु 'ज्ञान' का ज्ञान कैसे होता है ? इस प्रश्न के समाधानार्थ नैयायिकों ने 'अनुव्यवसाय' की कल्पना की है। 'अनुव्यवसाय' का अर्थ है 'ज्ञान का ज्ञान'। प्रथमतः 'घट' को देखने पर 'अयं घटः' यह ज्ञान होता है। तदनन्तर 'घटज्ञानवान् अहम्' अथवा 'घटमहं जानामि' यह ज्ञान होता है। इन दो ज्ञानों में से 'अयं घटः' यह घट है—इस प्रकार का पहला ज्ञान 'व्यवसायात्मक' (व्यवसाय) ज्ञान है। और तदनन्तर होनेवाला 'घटमहं जानामि' या 'घटज्ञानवान् अहम्' मैं घट को जानता हूँ या मुझे घट का ज्ञान है—यह दूसरा ज्ञान 'अनुव्यवसाय' है। 'अयं घटः' इस 'प्रथम ज्ञान' का विषय 'घट' है। और 'घटमहं जानामि' या 'घटज्ञानवान् अहम्' इस 'दूसरे ज्ञान' का विषय 'घटज्ञान' है। जैसे पहला 'व्यवसायात्मकज्ञान' अपने 'विषय घट' से पैदा होता है, उसी प्रकार 'दूसरा ज्ञान' अपने विषय 'व्यसायात्मक घटज्ञान' से उत्पन्न होता है। अत एव उसे 'अनुव्यवसाय' कहते हैं। यह 'अनुव्यवसाय', 'व्यवसायात्मक घटज्ञान' का फल है। अर्थात् घटज्ञान के विषयरूप 'घट' से उस 'घटज्ञान' का फलरूप 'अनुव्यवसाय' भिन्न है। इसलिए 'विषय' तथा 'ज्ञान के फल' को अलग-अलग मानना होगा। अतः 'विषय' और 'फल' दोनों की समकालीन (एक ही काल में) उत्पत्ति नहीं मान सकते। यह न्यायदर्शन का सिद्धान्त है।

मीमांसकों का ज्ञातता-सिद्धान्त—

मीमांसकों का सिद्धान्त उपर्युक्त 'न्यायसिद्धान्त' से कुछ भिन्न है। क्योंकि नैयायिकों ने 'अयं घटः' इस प्रकार ज्ञान होने के बाद उससे 'घटमहं जानामि' या 'घटज्ञानवान् अहम्' इस प्रकार 'अनुव्यवसायज्ञान' की उत्पत्ति मानी है।

किन्तु मीमांसक 'अनुव्यवसाय' के स्थान पर 'ज्ञातता' नामक 'धर्म' की उत्पत्ति

मानते हैं। मीमांसकों का कहना है कि 'अयं घटः' इस प्रकार का ज्ञान होने के बाद 'ज्ञातो मया घटः' इस प्रकार की प्रतीति होती है। इस प्रतीति में 'घट' में रहनेवाला 'ज्ञातता' नामक धर्म भासित होता है। यह 'ज्ञातता' धर्म, 'अयं घटः' इत्याकारक ज्ञान होने के पूर्व 'घट' में नहीं था। 'अयं घटः' इस ज्ञान के बाद ही वह 'ज्ञातता' धर्म उसमें आया है। इसलिए वह ज्ञान से उत्पन्न हुआ है—यह मानना होगा। 'पूर्वज्ञान' ही उक्त 'धर्म' की उत्पत्ति में कारण है। 'कारण' के बिना कोई भी 'कार्य' उत्पन्न नहीं होता है। अतः 'ज्ञान' के बिना 'ज्ञातता' धर्म भी 'घट' में उत्पन्न नहीं हो सकता। किन्तु 'ज्ञातता' धर्म 'घट' में उत्पन्न तो हुआ है और 'ज्ञातो मया घटः' इस प्रतीति में वह भास भी रहा है। अतः उसका कारण 'पूर्व ज्ञान' है—यह अवश्य ही मानना होगा। इस रीति से 'ज्ञातता' की अन्यथा अनुपपत्ति होने के कारण (अर्थापत्तिप्रमाण से) 'ज्ञातता' से ही ज्ञान का ग्रहण (ज्ञान) होता है—यह मीमांसादर्शन का सिद्धान्त है।

अनुव्यवसाय और ज्ञातता में अन्तर—

नैयायिकों के सिद्धान्त में 'ज्ञान' का ग्रहण (ज्ञान) 'अनुव्यवसाय' से होता है, और मीमांसकों के सिद्धान्त में 'ज्ञान' का ग्रहण (ज्ञान) 'ज्ञातता' से होता है। नैयायिक का 'अनुव्यवसाय' भी 'अयं घटः' इस ज्ञान से उत्पन्न होता है, और मीमांसक की 'ज्ञातता' भी 'अयं घटः' इस ज्ञान से ही उत्पन्न होती है। तब उन दोनों के सिद्धान्तों में मौलिक भेद क्या है ? दोनों के अलग-अलग सिद्धान्त क्यों माने जाँय ?

इस प्रश्न का उत्तर यह है कि नैयायिकों का 'अनुव्यवसाय' 'आत्मा' में रहनेवाला (आत्मनिष्ठ) धर्म है, और मीमांसकों की 'ज्ञातता' 'घट-पट-नील' आदि विषयों में रहनेवाला (विषयनिष्ठ) धर्म है। इस भिन्नता के कारण इन दोनों के अलग-अलग सिद्धान्त माने गये हैं।

प्रकृत प्रसंग में इसकी चर्चा करने का प्रयोजन यह है कि जब यह स्वीकार हो चुका है कि 'ज्ञान' का 'विषय' और उसका 'फल'—पुण्यत्व, मनोहरत्व, शीतलत्व, पावनत्वादि भी अलग-अलग ही स्वीकार करने होंगे, किन्तु उनकी 'उत्पत्ति' को समानकालीन मानना उचित नहीं होगा। इसलिए 'विशिष्ट-लक्षणा' का कथन स्वीकार नहीं किया जा सकता।

(पूर्वपक्ष) ननु पावनत्वादीति। अच्छा, यदि यह कहें कि पावनत्वादि धर्म से समन्वित हुआ 'तट' ही लक्षणा के द्वारा उपस्थित किया जा रहा है, और 'गङ्गायास्तटे घोषः' गंगा के तट पर घोष है, इस 'प्रतीति' की अपेक्षा अधिक अर्थ (पावनत्वादि से विशिष्ट तट) की प्रतीति कराना ही 'लक्षणा' का प्रयोजन

(सू०२८) प्रयोजनेन सहितं लक्षणीयं न युज्यते ॥ १७ ॥

कुत इत्याह—

(लक्ष्यप्रयोजनयोर्भिन्नत्वम्)

(सू०२९) ज्ञानस्य विषयो ह्यन्यः फलमन्यदुदाहृतम् ।

प्रत्यक्षादेर्नीलादिविषयः फलं च प्रकटता संवित्तिर्वा ।

है । अतः 'पावनत्वादिविशिष्ट' में लक्षणा हो सकती है । तब 'व्यञ्जना' को स्वीकार करने की क्या आवश्यकता है ? तात्पर्य यह है कि विशिष्ट में लक्षणा मान लेने से ही यदि काम चल जाता है तो एक अतिरिक्त व्यञ्जनावृत्ति मानना व्यर्थ है । इस प्रकार पूर्वपक्षी ने पूर्वपक्ष उपस्थित किया है । उक्त पूर्वपक्ष के समाधानार्थ सू० २८ कारिका १७ को उपस्थित किया जा रहा है—

(सू० २८) प्रयोजन के सहित अर्थात् 'शैत्य-पावनत्वादि-विशिष्ट' तीर को 'लक्ष्यार्थ' (लक्षणीय) कहना उचित नहीं है ॥ १७ ॥

कुत इति । क्यों उचित नहीं है, उसे बताते हैं—

(सू० २९) क्योंकि ज्ञान का विषय 'घट-पट' आदि अलग हैं और 'ज्ञान' का फल (प्रयोजन) नैयायिक के मत से 'अनुव्यवसाय' तथा मीमांसक के मत से 'ज्ञातता' अलग बताया गया है । अभिप्राय यह है कि 'नैयायिक' तथा 'मीमांसक' दोनों ही यह स्वीकार करते हैं कि ज्ञान का 'विषय' और उसका 'फल' दोनों भिन्न-भिन्न हैं । दोनों के मत में 'ज्ञान' का 'विषय' तो समान है, किन्तु 'फल' के विषय में मतभेद है ।

प्रत्यक्षादेरिति । प्रत्यक्षादि प्रमाणों से उत्पन्न (जन्य) हुए ज्ञान का विषय 'घट-पट-नील' आदि हैं; किन्तु 'फल' मीमांसक के मत में 'ज्ञातता' (प्रकटता) और नैयायिक के मत में 'अनुव्यवसाय' (संवित्ति) है ।

विशेष विवरण—दोनों के ही मतों में 'ज्ञान' का विषय 'ज्ञान' के फल से भिन्न है । ज्ञान का कारण 'विषय' होता है । अतः उसकी अवस्थिति भी 'ज्ञान' के पूर्व रहती है । और 'फल' तो ज्ञान का कार्य है । अतः उसकी उत्पत्ति ज्ञान के बाद होती है । इसलिए 'लक्षणाजन्य ज्ञान' के विषय—'तटादि' और उसके फल—'पुण्यत्व, मनोहरत्व आदि' अथवा 'शीतलत्व-पावनत्व आदि' की स्थिति भी अलग-अलग है । उन दोनों की 'समानकालीन उत्पत्ति' नहीं हो सकती । इसलिए 'प्रयोजन' के सहित 'तट' आदि को लक्ष्यार्थ कहना उचित नहीं है ।

(प्रयोजनविशिष्टे लक्षणाभावः)

(सू०३०) विशिष्टे लक्षणा नैवम्—

व्याख्यातम् ।

(लक्ष्यार्थानन्तरं प्रयोजनप्रतीतिः)

(सू०३१) विशेषाः स्युस्तु लक्षिते ॥ १८ ॥

तटादौ ये विशेषाः पावनत्वादयस्ते चाभिधा-तात्पर्य-लक्षणाभ्यो व्यापारान्तरेण गम्याः । तच्च व्यञ्जन-ध्वनन-द्योतनादिशब्दवाच्यमवश्यमेषितव्यम् । एवं लक्षणामूलं व्यञ्जकत्वमुक्तम् ।

(सू० ३०) इस प्रकार विशिष्ट में लक्षणा नहीं कह सकते ।

व्याख्यातमिति । इसकी व्याख्या सूत्र के शब्दों से ही (निगदेनैव) हो जाती है । अर्थात् इसका विवेचन कारिका के शब्दों से ही हो जाता है ।

(सू० ३१) किन्तु लक्षित अर्थ में 'विशेष' हो सकते हैं । अर्थात् 'विवक्षित धर्म' (गुण), 'लक्षित वस्तु' में 'लक्षणा से भिन्न व्यापार' के द्वारा प्रतीत होंगे । अभिप्राय यह है कि 'लक्षणा' से केवल 'तट' की उपस्थिति होने के बाद लक्षणा मूलक व्यञ्जना' से उस 'तटादिरूप' लक्ष्यार्थ (लक्ष्यवस्तु) में शैत्य-पावनत्वादि प्रयोजनों की प्रतीति हो सकती है ॥ १८ ॥

तटादाविति । 'तट' आदि लक्ष्यार्थ में जो पावनत्वादि विशेष (प्रयोजन रूप धर्म) प्रतीत होते हैं, वे 'अभिधा, तात्पर्या (अभिहितान्वयवादी कुमारिल भट्ट के द्वारा स्वीकृत) तथा लक्षणा से भिन्न व्यापार' के द्वारा प्रतीत होते हैं । अतः व्यञ्जन, ध्वनन, द्योतनादि शब्द से कहे जाने वाले उस व्यञ्जनाव्यापार को अवश्य ही स्वीकार करना चाहिये । उसको स्वीकार किये बिना 'प्रयोजन' का ज्ञान नहीं हो सकता ॥ १८ ॥

एवमिति । इस प्रकार लक्षणामूला (लक्षणा पर अधिष्ठित) व्यञ्जना का विवेचन किया गया ।

अभिधामूलक व्यंजना का लक्षण—

विशेष विवरण—इस प्रकार से मीमांसकों के व्यंजनाविरोधी मत का खण्डन करके ग्रंथकार मम्मटभट्ट ने अभिधा, लक्षणा से पृथक् व्यञ्जनावृत्ति के स्वीकार करने की आवश्यकता का सिद्धान्त बताया और उसका अच्छी तरह उपपादन भी किया । उस व्यञ्जनावृत्ति के भी दो भेद हैं—एक 'शाब्दीव्यञ्जना' और दूसरी आर्थी-व्यञ्जना' । पुनः शाब्दी व्यञ्जना के भी 'अभिधामूला' तथा 'लक्षणामूला' व्यञ्जना ये दो भेद होते हैं । लक्षणा का निरूपण करते समय प्रसंगतः प्राप्त 'प्रयोजन

अभिधामूलत्वाह—

(अभिधामूलव्यञ्जनालक्षणम्)

(सू०३२) अनेकार्थस्य शब्दस्य वाचकत्वे नियन्त्रिते ।
संयोगाद्यैरवाच्यार्थधीकृद्व्यापृतिरञ्जनम् ॥ १९ ॥

संयोगो विप्रयोगश्च साहचर्यं विरोधिता ।
अर्थः प्रकरणं लिङ्गं शब्दस्यान्यस्य सन्निधिः ॥
सामर्थ्यमौचिती देशः कालो व्यक्तिः स्वरादयः ।
शब्दार्थस्यानवच्छेदे विशेषस्मृतिहेतवः ॥

बोध' के लिए 'व्यञ्जना' की आवश्यकता प्रतीत हुई, तब लक्षणामूला-व्यञ्जना का निरूपण भी उसी के साथ ग्रन्थकार ने कर दिया। अब शाब्दी व्यञ्जना के द्वितीय भेद 'अभिधामूला व्यञ्जना' का निरूपण अगली कारिका के द्वारा किया जा रहा है।

अभिधामूलमिति । ग्रन्थकार अभिधावृत्ति पर अधिष्ठित व्यञ्जकत्व को बताते हैं—

(सू० ३२) 'संयोग-विप्रयोगादि' के द्वारा अनेकार्थक शब्दों के 'वाचकत्व' का किसी 'एक अर्थ' में नियन्त्रण कर दिये जाने पर उससे भिन्न 'अवाच्य अर्थ' (अभिधावृत्ति से ज्ञात न होने वाले अर्थ) की प्रतीति कराने वाला जो शब्द व्यापार होता है, उसे 'व्यञ्जना' (अभिधामूला व्यञ्जना) कहते हैं ॥१९॥

विशेष विवरण—अभिप्राय यह है कि जब 'अनेकार्थक शब्द' किसी एक अर्थ में 'संयोगादि' कारणों से नियन्त्रित हो जाते हैं, तब भी उनसे किसी 'अन्य अर्थ' की जो प्रतीति होती रहती है, वह प्रतीति 'जिस शब्द व्यापार' से होती है, उस 'शब्दव्यापार' को ही 'अभिधामूला व्यञ्जना' कहते हैं—यही 'अभिधामूला व्यञ्जना' का लक्षण है। अनेकार्थक शब्दों का किसी एक ही अर्थ में नियन्त्रण करने वाले 'संयोग, विप्रयोग' आदि के अभिप्राय को समझाने के लिए श्रीभर्तृहरि के 'वाक्यपदीय' ग्रन्थ से दो कारिकाओं को उद्धृत कर रहे हैं।

श्रीभर्तृहरि की दो कारिकाओं का अर्थ—

अनेकार्थक शब्द के 'वाच्यार्थ' का निश्चय (निर्णय) न हो पाने पर 'विवक्षित (विशेष) अर्थ' का निर्णय अग्रिम १४ कारणों से किया जाता है—

संयोग इति । (१) संयोग, (२) विप्रयोग, (३) साहचर्य, (४) विरोधिता, (५) अर्थ, (६) प्रकरण, (७) लिङ्ग, (८) अन्य शब्द की सन्निधि, (९) सामर्थ्य, (१०) औचित्य, (११) देश, (१२) काल, (१३) पुँल्लिङ्ग-स्त्रीलिङ्गादि-

इत्युक्तदिशा ।

सशङ्खचक्रो हरिः अशङ्खचक्रो हरिरित्युच्यते । रामलक्ष्मणाविति दाशरथी । रामार्जुनौ तिस्तयोरिति भार्गवकार्त्तवीर्ययोः । स्थाणुं भृज भवच्छिदे

विशिष्ट व्यक्ति और (१४) स्वर आदि अर्थात् उदात्त-अनुदात्त आदि स्वर इत्यादि १४ कारण हैं ।

इत्युक्तदिशेति । भर्तृहरि के द्वारा दर्शित इस पद्धति से 'अग्रिम उदाहरणों' में **अनेकार्थक शब्दों** का किसी 'एक अर्थ' में 'संयोग आदि' के बल पर **नियन्त्रण** किया जा सकता है ।

उक्त चौदह कारणों में से प्रत्येक का उदाहरण देते हुए समझा रहे हैं । सबसे पहले **'संयोग'** और **'विप्रयोग'** के उदाहरण दे रहे हैं—

संयोग और विप्रयोग की नियन्त्रकता—

यमानिलेन्द्रचन्द्रार्कविष्णुसिंहांशुवाजिषु ।
शुकाहिकपिमर्केषु हरिर्ना कपिले त्रिषु ॥

पुंल्लिङ्ग में प्रयुक्त **'हरि'** शब्द—यम, अनिल, इन्द्र, चन्द्र, सूर्य, विष्णु, सिंह, किरण, घोड़ा, तोता, सर्प, मेढ़क का वाचक होता है । और पीत (कपिल) अर्थ में 'हरि' शब्द का तीनों लिङ्गों में प्रयोग किया जा सकता है । इस कोश के अनुसार **'हरि'** शब्द अनेकार्थक है, परन्तु उसके साथ जब शंख-चक्र के **संयोग** अथवा **विप्रयोग** को बताया जाय तो वहाँ पर 'हरि' शब्द **'विष्णु'** अर्थ का ही वाचक होगा । क्योंकि शंख-चक्र का **संयोग** तथा **विप्रयोग** उसी के साथ हो सकता है ।

सशंखचक्र इति । इसलिए **सशंखचक्रो हरिः**—शंख-चक्र के सहित हरि—यहाँ **'संयोग'** से और **अशंखचक्रो हरिः**—शंख-चक्र से रहित हरि—यहाँ **'विप्रयोग'** से यह 'हरि' शब्द **'अच्युत'**—विष्णु के अर्थ में ही नियन्त्रित होता है ।

साहचर्य और विरोध की नियन्त्रकता—

रामः पशुविशेषे स्याज्जामदग्न्ये हलायुधे ।
राघवे चासिते श्वेते मनोज्ञेऽपि च वाच्यवत् ॥

इसी कोश के अनुसार 'राम' शब्द के अनेक अर्थ होते हुए भी जब **'लक्ष्मण'** के साथ **'रामलक्ष्मणौ'** इस रूप में **'राम'** शब्द का प्रयोग किया जाता है । तब **'साहचर्य'** के कारण उससे **'दशरथपुत्र राम'** का ही ग्रहण किया जाता है । किन्तु जब **'रामार्जुनौ'** इस प्रकार का प्रयोग होता है, तब **'परशुराम'** तथा **'कार्तवीर्य अर्जुन'** का विरोध रहने से **'विरोधिता'** के कारण उसका **'परशुराम'** अर्थ में **नियन्त्रण** हो जाता है ।

इति हरे। सर्वं जानाति देव इति युष्मदर्थे। कुपितो मकरध्वज इति कामे। देवस्य पुरारातेरिति शंभौ। मधुना मत्तः कोकिल इति वसन्ते। पातु वो दयि-

---

रामलक्ष्मणाविति। 'राम-लक्ष्मणौ' इस प्रयोग में 'साहचर्य' के कारण 'राम-लक्ष्मण' दोनों शब्दों का 'दशरथ के पुत्रों' में नियन्त्रण हो जाता है। और 'रामार्जुनगतिस्तयोः' इस प्रयोग में 'राम' और 'अर्जुन' इन दोनों शब्दों का 'विरोधिता' के कारण क्रमशः 'परशुराम' तथा 'कार्तवीर्य अर्जुन' के अर्थ में नियन्त्रण होता है।

अर्थ एवं प्रकरण की नियन्त्रकता—

इसी प्रकार 'स्थाणु' शब्द के अनेक अर्थ कोश में बताये गये हैं—

स्थाणुर्नो ध्रुवः शंकुः स्थाणू रुद्र उमापतिः

'स्थाणु' शब्द के वृक्ष का ठूठ या स्थिर खड़ा हुआ खूँटा तथा 'शिव' आदि अनेक अर्थ होते हैं।

किन्तु 'स्थाणुं भज भवच्छिदे' इति। इसमें 'स्थाणु' का प्रयोग जब संसार से पार उतारने की प्रार्थना में किया जाय तो वह कार्य (अर्थ) केवल 'शिव' से ही सिद्ध हो सकता है। इसलिए उस दशा में 'अर्थ' (प्रयोजन) के कारण 'स्थाणु' शब्द 'शिव' के अर्थ में ही नियन्त्रित किया जाता है।

इसी प्रकार सर्वमिति। 'सर्वं जानाति देवः'-देव सब जानते हैं। यहाँ पर 'प्रकरण' से अनेकार्थक 'देव' शब्द का 'आप' अर्थ मे नियन्त्रण हो जाता है। यह नियंत्रण 'प्रकरण' के कारण हुआ है।

कुपित इति। 'कुपितो मकरध्वजः' यहाँ पर 'मकरध्वज' शब्द के समुद्र, ओषधि-विशेष, कामदेव आदि अनेक अर्थ होते हैं, किन्तु 'मकरध्वज' कुपित हो रहा है यहाँ पर 'लिङ्ग' अर्थात् 'कोप' रूप चिह्न से 'मकरध्वज' शब्द को कामदेव के अर्थ में नियंत्रित किया जाता है। यह नियंत्रण 'लिङ्ग' (चिह्न) के कारण हुआ है।

देवस्येति। 'देवस्य पुरारातेः'—पुरारि देव का। यहाँ पर अनेकार्थक 'देव' शब्द को 'पुरारारि' इस अन्य शब्द की 'सन्निधि' रहने से 'शंभु' अर्थ में नियंत्रित किया जाता है। अतः यह नियंत्रण 'सन्निधि' के कारण हुआ है।

मधुनेति। 'मधुना मत्तः कोकिलः'-कोकिल मधु से मत्त हो रही है। यहाँ पर कोकिल को उन्मत्त करने का सामर्थ्य केवल वसंत में होने से 'मधु' शब्द को वसंत के अर्थ में नियंत्रित किया जाता है। यह नियंत्रण 'सामर्थ्य' को देखकर किया गया है। अर्थात् यह नियंत्रण 'सामर्थ्य' के कारण हुआ है।

पातेति। 'पातु वो दयिता मुखम्'-पत्नी का मुख तुम्हारी रक्षा करे। यहाँ

तामुखमिति साम्मुख्ये । भात्यत्र परमेश्वर इति राजधानीरूपाद् देशाद्राजनि । चित्रभानुर्विभातीति दिने रवौ, रात्रौ वह्नौ । मित्रं भातीति सुहृदि । मित्रो भातीति रवौ । इन्द्रशत्रुरित्यादौ वेद एव, न काव्ये स्वरो विशेषप्रतीतिकृत् ।

पर अनेकार्थक 'मुख' शब्द को 'औचित्य' के कारण आनुकूल्य (साम्मुख्य) अर्थ में नियन्त्रित किया जाता है। यह नियन्त्रण 'औचिती' (औचित्य) के कारण हुआ है ।

भातीति । 'भात्यत्र परमेश्वरः'–यहाँ परमेश्वर सुशोभित होते हैं। यहाँ पर अनेकार्थक 'परमेश्वर' शब्द को राजधानी रूप 'देश' के कारण 'राजा' अर्थ में नियन्त्रित किया जाता है। यह नियन्त्रण 'देश' के कारण हुआ है।

चित्रभानुरिति । 'चित्रभानुर्विभाति'–चित्रभानु चमक रहा है। यहाँ पर अनेकार्थक 'चित्रभानु' शब्द दिन में 'सूर्य' के अर्थ में और रात्रि में 'अग्नि' के अर्थ में नियन्त्रित किया जाता है। यह नियंत्रण 'काल' के कारण हुआ है ।

मित्रमिति । 'मित्रम्भाति' – मित्र सुशोभित होता है। यहाँ पर अनेकार्थक 'मित्र' शब्द नपुंसक लिङ्ग में प्रयुक्त हुआ है, इसलिए उसका नियन्त्रण 'सुहृत्' अर्थ में होता है। किन्तु 'मित्रो भाति' – इस प्रकार जब 'मित्र' शब्द का पुँल्लिङ्ग में प्रयोग किया जाता है, तब उसका नियन्त्रण 'सूर्य' अर्थ में किया जाता है। यह नियन्त्रण 'व्यक्ति' – लिङ्ग के कारण हुआ है।

श्रीभर्तृहरि ने ऊपर प्रदर्शित की गई दो कारिकाओं में अनेकार्थक शब्द का एक अर्थ में नियन्त्रण करनेवाले संयोग, विप्रयोग आदि चौदह कारण बताये हैं। उनमें से अभी तक तेरह के उदाहरण दिखाये गये हैं। चौदहवाँ हेतु (कारण) 'स्वर' कहा गया है। उसे उदात्त, अनुदात्त आदि स्वरभेद से वेद में ही अर्थ-भेद का नियामक माना गया है, काव्य में नहीं। इसलिए अन्य उदाहरणों के साथ उसे नहीं दिखाया गया।

इन्द्रशत्रुरिति । इसी अभिप्राय से ग्रंथकार ने कहा है कि, 'इन्द्रशत्रुः' इसमें स्वर-विशेष के द्वारा अर्थ-विशेष का ज्ञान जो होता है वह वेद में ही होता है, काव्य में नहीं। इसीलिए स्वर सम्बन्धि लौकिक उदाहरण नहीं बताया गया।

विशेष विवरण—ग्रंथकार ने 'इन्द्रशत्रुः' इस वैदिक प्रयोग में स्वर-भेद से अर्थ-भेद कैसे होता है ? उसे बताने के लिए व्याकरण के महाभाष्य से यहाँ उद्धृत किया है। महाभाष्यकार ने व्याकरण के अध्ययन के चौदह मुख्य प्रयोजन बताये हैं। उनमें से 'दोष-दूषित शब्द का प्रयोग न करना' भी एक प्रयोजन बताया है। महाभाष्यकार कहते हैं—

एद्दहमेत्तत्थणिआ एद्दहमेत्तेहिं अच्छिवत्तेहिं ।
एद्दहमेत्तावत्था एद्दहमेत्तेहिं दिअएहिं ॥ ११ ॥

'दुष्टः शब्दः स्वरतो वर्णतो वा, मिथ्या प्रयुक्तो न तमर्थमाह ।
स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति, यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोपराधात्' ॥

यहाँ पर 'इन्द्रशत्रुः' पद से सम्बन्धित घटना का संकेत जो किया गया है उसका उल्लेख तैत्तिरीयसंहिता के द्वितीय कांड के पंचम प्रपाठक में इस प्रकार किया गया है—

त्वष्टा का पुत्र विश्वरूप असुरों का भांजा भी था और देवताओं का पुरोहित भी था। अतः वह प्रत्यक्ष रूप से तो देवताओं का कार्य करता था किंतु परोक्ष रूप से असुरों का भी कार्य करता रहता था। यह जानकर इन्द्र को बड़ा क्रोध हुआ और उसने वज्र से उसका सिर काट दिया। उसके मारे जाने पर त्वष्टा ने इन्द्र को मारने वाले दूसरे पुत्र को उत्पन्न करने की इच्छा से एक यज्ञ आरम्भ किया। उस यज्ञ में उसने 'इन्द्रशत्रुर्वर्धस्व' आदि मन्त्र का 'ऊह' करके पाठ किया। उसका अभिप्राय यह था कि, 'इन्द्र को मारने वाले पुत्र की वृद्धि हो'। यहाँ पर 'शत्रु' शब्द 'शातयिता' मारनेवाले के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। 'इन्द्रशत्रु' पद में दो प्रकार के समास हो सकते हैं। एक 'इन्द्रस्य शत्रुः शातयिता = इन्द्रशत्रुः' अर्थात् इन्द्र को मारनेवाला—इस अर्थ में 'षष्ठीतत्पुरुष' समास हो सकता है। और दूसरा 'इन्द्रः शत्रुः शातयिता यस्य सः = इन्द्रशत्रुः' इन्द्र जिसका मारनेवाला है—इस विग्रह में 'बहुव्रीहि' समास हो सकता है। इन दोनों समासों से शब्द का अर्थ बिलकुल उलटा हो जाता है। 'षष्ठीतत्पुरुष' समास करने पर 'इन्द्र को मारनेवाले पुत्र की वृद्धि हो' यह अर्थ होता है और 'बहुव्रीहि' समास में 'इन्द्र जिसको मारे' अर्थात् जिसकी मृत्यु इन्द्र के हाथ से हो उस पुत्र की उत्पत्ति हो—यह अर्थ हो जाता है। इन दो समासों में से 'षष्ठीतत्पुरुष' समासवाला अर्थ यजमान को अभीष्ट था। उस 'षष्ठीतत्पुरुष' समास में 'अन्तोदात्त' स्वर का प्रयोग होना चाहिये था, परन्तु मन्त्र पढ़ते समय उसने 'इन्द्रशत्रु' शब्द को 'आद्युदात्त' स्वर से उच्चारण किया यह 'आद्युदात्त' स्वर 'बहुव्रीहि' समास में होता है। इस स्वर के कारण अर्थ ही उलटा हो गया। इस प्रकार 'अन्तोदात्त' और 'आद्युदात्त' स्वर के भेद से अनेकार्थक 'इन्द्रशत्रु' शब्द का भिन्न-भिन्न अर्थों में नियन्त्रण वेद में ही हुआ है।

आदिग्रहणादिति। कारिका में कहे गये 'स्वरादयः' में 'आदि' पद के ग्रहण करने से अभिनयादिकृत संकेत भी नियन्त्रक होते हैं। जैसे—

एद्दहमिति (एतावदिति)। इतने बड़े स्तनों वाली, और इतनी बड़ी आँखों वाली तरुणी, इतने दिनों में, इतनी अवस्था की, हो गई ॥ ११ ॥

(एतावन्मात्रस्तनिका एतावन्मात्राभ्यामक्षिपत्राभ्याम् ।
एतावन्मात्रावस्था एतावन्मात्रैर्दिवसैः ॥)

इत्यादावभिनयादयः ।

इत्थं संयोगादिभिरर्थान्तराभिधायकत्वे निवारितेऽप्यनेकार्थस्य शब्दस्य यत् क्वचिदर्थान्तरप्रतिपादनं तत्र नाभिधा नियमनात्तस्याः । न च लक्षणा मुख्यार्थबाधाद्यभावाद् अपि त्वञ्जनं व्यञ्जनमेव व्यापारः । यथा—

इत्यादाविति । इस पद्य में अभिनय आदि ने भी एक अर्थ में नियन्त्रण कर दिया है । अर्थात् अभिनयादि भी विशेष स्मरण कराने में कारण होते हैं ।

विशेष विवरण—बुद्धिस्थित तत्तदर्थों के प्रतिपादन में शक्त रहनेवाले नानार्थक 'एतत्' आदि शब्दों की वाचकता 'अभिनय' के द्वारा स्तनादिगत परिमाण-विशेष रूप अर्थ में नियमित की गई है । 'आमलक मुकुलादि आकार' के अभिनय से स्तनप्रदर्शन, इसी प्रकार 'पद्मपलाशादि के आकार' के अभिनय से अक्षिप्रदर्शन, उच्चता पुष्टि आदि का प्रदर्शन करने के अभिनय से अवस्था का प्रदर्शन, 'अंगुल्यग्रधारणादि' के अभिनय से दिवस प्रदर्शन किया गया है । 'हस्तादि क्रिया के द्वारा नायिका आदि की अवस्था' के अनुकरण करने को 'अभिनय' कहते हैं । अथवा 'आकारादि प्रदर्शक हस्तादि चेष्टा' को 'अभिनय' कहते हैं । 'अभिनयादयः' में जो 'आदि' शब्द दिया गया है, उससे 'अपदेश' का ग्रहण करना चाहिये । 'हृदय आदि पर रखे हुए हस्तादि' के द्वारा अपने अभिमत (अभीष्ट) के निर्देश करने को 'अपदेश' कहते हैं । वह भी अभिधा का नियामक होता है । जैसे—

इतः स दैत्यः प्राप्तश्रीर्नेत एवार्हति क्षयम् ।
विषवृक्षोऽपि संवर्ध्य स्वयं छेत्तुमसाम्प्रतम् ॥ (कु० सं० २।५५)

इस पद्य में नानार्थक 'इतः' शब्द बुद्धि-स्थित अर्थ का परामर्शक होने से उसका वाचकत्व, हृदयनिहित हस्तरूप 'अपदेश' के द्वारा 'वक्ता' में नियमित किया गया है । 'अपदेश' में अनुकरण न होने से, उसको 'अभिनय' नहीं कहा जा सकता ।

इत्थमिति । इस प्रकार संयोग विप्रयोग आदि के द्वारा अर्थान्तर के बोध-कत्व का निरसन हो जाने पर भी अनेकार्थक शब्द, जो कहीं अर्थान्तर को बताता है वहाँ अभिधा नहीं हो सकती, क्योंकि उसका नियन्त्रण (नियमन) हो चुका है । और मुख्यार्थबाध आदि के न होने से लक्षणा भी नहीं हो सकती है । किन्तु अञ्जन अर्थात् व्यञ्जना-व्यापार ही हो सकता है ।

यथेति । जैसे—

भद्रात्मनो दुरधिरोहतनोर्विशाल-वंशोन्नतेः कृतशिलीमुखसङ्ग्रहस्य ।
यस्यानुपप्लवगतेः परवारणस्य दानाम्बुसेकसुभगः सततं करोऽभूत् ॥ १२ ॥

भद्रात्मन इति । सुन्दर आकृतिवाले, दूसरों से अपराजेय शरीर वाले, उच्चकुल में पैदा हुए, जिसने बाणों का संग्रह अथवा अभ्यास किया है, जिसकी गति (ज्ञान) अनुपप्लुत अर्थात् अबाधित है और जो पर अर्थात् शत्रुओं का निवारण करने वाला है उस राजा का हाथ (कर) हाथी के सूँड़ के समान सर्वदा दान के (मदके) संकल्प बोलकर छोड़े जाने वाले जल से सुन्दर रहता था ॥ १२ ॥

विशेष विवरण—उक्त श्लोक में किसी राजा की प्रशंसा की जा रही है । अतः उक्त पद्य में जितने 'अनेकार्थक शब्द' हैं, उन सबका 'प्रकरण' को देखते हुए 'एक ही अर्थ' में नियन्त्रण हो जाता है । तथापि उक्त पद्य से 'गज (हाथी) परक' दूसरे अर्थ और उसके साथ 'उपमान-उपमेय-भाव' की भी प्रतीति होती है । 'राजा' के समस्त विशेषण 'हाथी' के पक्ष में भी लगते हैं । अतः यह 'दूसरी प्रतीति' जो हो रही है, 'अभिधामूलक व्यञ्जना' से ही होती है, उसे बताने के लिए ही यह उदाहरण दिया गया है ।

गज पक्ष में उक्त पद्य का अर्थ इस प्रकार होगा—भद्र जाति वाले, जिसकी पीठ पर चढ़ने में कठिनाई होती है, अर्थात् बहुत ऊँचे, जिसकी पीठ की हड्डी (वंश) बहुत विशाल और उन्नत है, जिसकी गति धीर (अनुपप्लुत) है, और जिसने अपने मद-जल के कारण बहुत-से भ्रमरों का संग्रह कर रखा है, ऐसे उत्तम हाथी (परवारण) की सूँड़ (करके समान राजा का हाथ) मदजल के बहने से सर्वदा सुन्दर प्रतीत होती है ॥ १२ ॥

विशेष विवरण—उक्त पद्य में प्राकरणिक अर्थ 'राजा' के पक्ष में है, और अप्राकरणिक अर्थ 'गज' के पक्ष में है । क्योंकि 'राजा' वाच्य है और 'गज'—हस्ती, प्रतीयमान है । यहाँ पर अनेकार्थक 'भद्रात्मनः' इत्यादि शब्दों की 'अभिधा' का राजा में और तदन्वय योग्य अर्थ में 'प्रकरण' के द्वारा नियन्त्रण किये जाने पर भी सहृदयों को वासना वशात् (प्रतिभा के बल पर) 'गज' की और 'तदन्वय योग्य अर्थ' की जो प्रतीति होती है, वह 'व्यञ्जना' से ही होती है ।

यद्यपि द्वितीय अर्थ तात्पर्य का विषय है, तथापि 'तात्पर्यग्राहक-प्रकरण' आदि के न होने से उसे 'व्यङ्ग्यबोध का ही विषय' समझना चाहिए । यहाँ पर उक्त 'विशेषण-विशिष्ट गज' की प्रतीति में 'राजा' और 'गज' के अर्थों का परस्पर सम्बन्ध अवगत होता है उसमें उपमानोपमेयभाव भी व्यंग्य हो रहा है । अन्यथा परस्पर असम्बद्ध अर्थद्वय का बोधक होने से वाक्यभेद मानना होगा ।

(व्यञ्जकशब्दलक्षणम्)

(सू० ३३) तद्युक्तो व्यञ्जकः शब्दः—

तद्युक्तो व्यञ्जनयुक्तः ।

(शब्दस्य व्यञ्जकत्वे अर्थस्य सहकारित्वम्)

(सू० ३४) यत्सोऽर्थान्तरयुक् तथा ।

अर्थोऽपि व्यञ्जकस्तत्र सहकारितया मतः ॥२०॥

तथेति व्यञ्जकः ।

इति मम्मटभट्टविरचिते काव्यप्रकाशे शब्दार्थस्वरूपनिर्णयो नाम द्वितीय उल्लासः ॥ २ ॥

शाब्दी व्यञ्जना में अर्थ का सहयोग—

इस प्रकार शाब्दी व्यञ्जना के लक्षणामूला तथा अभिधामूला दोनों भेदों का निरूपण करने के पश्चात् उसमें अर्थ की सहकारिता का प्रतिपादन ग्रंथकार कर रहे हैं—

(सू० ३३) उस व्यञ्जनाव्यापार से युक्त शब्द को 'व्यञ्जक शब्द' कहते हैं।

तद्युक्त इति । उस से युक्त अर्थात् व्यञ्जना व्यापार से युक्त ।

(सू० ३४) क्योंकि वह व्यञ्जक शब्द दूसरे अर्थ के योग से अर्थात् अपने मुख्यार्थ का बोधन करने के पश्चात् उस प्रकार के दूसरे अर्थ का व्यञ्जक होता है। इसलिए उसके साथ सहकारी के रूप में (अप्रधान रूप से) अर्थ भी व्यञ्जक होता है ॥ २० ॥

तथेति । सूत्रगत 'तथा' का अर्थ 'व्यञ्जक' किया गया है ।

विशेष विवरण—'भद्रात्मन' इस उदाहरण में केवल 'शब्द' की व्यञ्जकता रहने पर भी शब्दार्थयुगलरूप काव्य की व्यञ्जकता न रहने से काव्य में 'ध्वनि' का व्यवहार कैसे हो सकेगा ? इस प्रश्न का उत्तर ग्रन्थकार ने दिया है—

—"यत्सोऽर्थान्तरयुक् तथा ।

अर्थोऽपि व्यञ्जकस्तत्र सहकारितया मतः ।"

सहकारी होने से 'अर्थ' भी व्यञ्जक माना जाता है। शब्द में परिवृत्ति (परिवर्तन) सहिष्णुता न रहने से इस व्यञ्जना को शब्दमूलक व्यञ्जना कहते हैं। 'अर्थोऽपि' यहाँ 'अपि' शब्द से 'शब्द' का भी समुच्चय किया गया है। सूत्रस्थित 'तथा' शब्द का अर्थ है 'व्यञ्जक' ।

मम्मटभट्टकृत काव्यप्रकाश की रहस्यबोधिनी व्याख्या में काव्य के शब्द और अर्थ के स्वरूप-निरूपण नाम का द्वितीय उल्लास समाप्त हुआ ।

तृतीय उल्लासः

(पूर्वोत्तरसमन्वयः)

(सू० ३५) अर्थाः प्रोक्ताः पुरा तेषाम्—

अर्था वाच्य-लक्ष्य-व्यङ्ग्याः । तेषां वाचक-लाक्षणिक-व्यञ्जकानाम् ।

(सू० ३६) अर्थव्यञ्जकतोच्यते ।

कीदृशीत्याह—

(अर्थनिष्ठव्यञ्जनालक्षणम्)

(सू० ३७) वक्तृबोद्धव्यकाकूनां वाक्यवाच्यान्यसन्निधेः ॥२१॥

(द्वितीय और तृतीय उल्लास की संगति)

द्वितीय उल्लास में ग्रन्थकार ने 'शब्द' तथा 'अर्थ' के स्वरूप का निर्णय करते हुए 'वाचक' 'लक्षक' और 'व्यञ्जक' तीन प्रकार के शब्दों का तथा 'वाच्य' 'लक्ष्य' और 'व्यङ्ग्य' तीन प्रकार के अर्थों का निरूपण किया था । 'लाक्षणिक' शब्द निरूपण के प्रसङ्ग में 'प्रयोजन' की प्रतीति होने के लिए 'व्यञ्जनावृत्ति' की अत्यन्त आवश्यकता बताई थी । वह 'व्यञ्जनाशक्ति' भी 'शाब्दी व्यञ्जना' और 'आर्थी व्यञ्जना' के भेद से दो प्रकार की होती है । उक्त 'शाब्दी व्यञ्जना' के भी 'अभिधामूला व्यञ्जना' और 'लक्षणामूला व्यञ्जना' नाम के दो भेद होते हैं । 'शाब्दी व्यञ्जना' के दोनों भेदों का प्रतिपादन द्वितीय उल्लास में कर दिया गया है ।

अब इस तृतीय उल्लास में 'आर्थी व्यञ्जना' के समस्त भेदों के उदाहरणों का निरूपण किया जा रहा है । इस उल्लास के आरम्भ में पूर्वोक्त विषयों का स्मरण दिलाकर 'आर्थी व्यञ्जना' का निरूपण किया जा रहा है ।

(सू० ३५) अर्थों का वर्णन पूर्व ('वाच्यादयस्तदर्थाः स्युः' सू० ६ में) किया जा चुका है ।

अर्था इति । उनके अर्थात् वाचक, लाक्षणिक और व्यञ्जक शब्दों के अर्थ—'वाच्य' 'लक्ष्य' और 'व्यङ्ग्य' तीन प्रकार के बताये गये थे ।

(सू० ३६) 'उनकी अर्थव्यञ्जकता' (अर्थात् उन अर्थों पर आश्रित आर्थी व्यञ्जना) का वर्णन अब कर रहे हैं ।

आर्थी व्यञ्जना के भेद—

कीदृशीति । वह 'आर्थी व्यञ्जना' कैसी होती है ? उसे बताते हैं—

(सू० ३७) १. वक्ता, २. बोद्धा (बोद्धव्य), ३. काकु, ४. वाक्य,

प्रस्तावदेशकालादेर्वैशिष्ट्यात्प्रतिभाजुषाम् ।
योऽर्थस्यान्यार्थधीहेतुर्व्यापारो व्यक्तिरेव सा ॥२२॥

बोद्धव्यः प्रतिपाद्यः । काकुर्ध्वनेर्विकारः । प्रस्तावः प्रकरणम् । अर्थस्य वाच्य-लक्ष्य-व्यङ्ग्यात्मनः ।

क्रमेणोदाहरति—

अइपिहुलं जलकुंभं घेत्तूण समागदह्मि सहि तुरिअम् ।
समसेअसलिलणीसासणीसहा वीसमामि खणम् ॥ १३ ॥
(अतिपृथुलं जलकुम्भं गृहीत्वा समागताऽस्मि सखि ! त्वरितम् ।
श्रमस्वेदसलिलनिःश्वासनिःसहा विश्राम्यामि क्षणम् ॥)

अत्र चौर्यरतगोपनं गम्यते ।

---

५. वाच्य, ६. अन्यसन्निधि, ७. प्रस्ताव, ८. देश, ९. काल, १०. अन्यविध आदि के वैशिष्ट्य से प्रतिभाशाली सहृदयों को अर्थान्तर (अन्य अर्थ) की प्रतीति कराने वाला 'अर्थ' का जो व्यापार होता है उसे आर्थी व्यञ्जना कहते हैं ॥ २२ ॥

बोद्धव्य इति । 'बोद्धव्य' का अर्थ प्रतिपाद्य है, अर्थात् जिससे बात कही जाय वह है । 'काकु' ध्वनि के विकार को कहते हैं । 'काकु' का लक्षण भी इसी प्रकार किया गया है कि, 'भिन्नकण्ठध्वनिर्धीरैः काकुरित्यभिधीयते' । 'प्रस्ताव' का अर्थ प्रकरण है । अर्थ का यानी वाच्य, लक्ष्य और व्यङ्ग्य रूप अर्थ का व्यापार 'आर्थी व्यञ्जना' के नाम से कहा जाता है ॥२२॥

विशेष विवरण—इस आर्थी व्यञ्जकता को भी 'सर्वेषां प्रायशोऽर्थानाम् ०'—सू० ७ पर बता चुके हैं । इसलिए यहाँ पर 'कीदृशी' कहकर उसका स्वरूप पूछा जा रहा है । अर्थात् जैसे 'शब्दव्यञ्जना' का स्वरूप 'नियन्त्रितार्थबोधनकत्व' है, वैसे ही इस 'अर्थव्यञ्जकता' का कोई स्वरूप बताना चाहिये । इसलिए सू० ३७ वक्तृबोद्धव्य० इत्यादि से बताया गया है । एवं च 'वक्त्रादिवैलक्षण्यहेतुका, या प्रतिभाशालिनामन्यार्थधीः तद्धेतुव्यापारत्वम्'—ही अर्थव्यञ्जकता का स्वरूप है, ऐसा उद्योतकार ने कहा है ।

क्रमेणेति । 'आर्थीव्यञ्जना' के दसों प्रकार के उदाहरण क्रम से दे रहे हैं ।

(१) **वक्ता की उक्ति के वैशिष्ट्य में (वक्तृवैशिष्ट्य के कारण) व्यञ्जना**—

अइपिहुलमिति (अतिपृथुलमिति) । हे सखि ! मैं पानी से (जल से) भरे हुए बहुत बड़े घड़े को लेकर बड़ी तेजी से चली आ रही हूँ । परिश्रम के कारण निःश्वास और पसीने से परेशान हो गई हूँ, इसलिए थोड़ी देर यहाँ बैठकर सुस्ताऊँगी ॥ १३ ॥

अत्रेति । उक्त पद्य में वक्ता के (वक्ता की उक्ति के) वैशिष्ट्य के कारण चौर्य-रत (गुप्त संयोग) छिपाने की प्रतीति होती है ॥१३॥

ओण्णिद्दं दोव्वल्लं चिन्ता अलसत्तणं सणीससिअम् ।
मम मन्दभाइणीए केरं सहि तुह वि अहह परिहवइ ॥ १४ ॥
(औन्निद्र्यं दौर्बल्यं चिन्तालसत्वं सनिःश्वसितम् ।
मम मन्दभागिन्याः कृते सखि त्वामपि अहह परिभवति ॥)

अत्र दूत्यास्तत्कामुकोपभोगो व्यज्यते ।

विशेष विवरण—अभिप्राय यह है कि कोई स्त्री पानी भरने के बहाने उपनायक के पास गई और उसके साथ संभोग करके आ रही है। छिपकर किये गये संभोग के चिन्ह पसीना आदि उसके मुख पर स्पष्टरूप से झलक रहे हैं। उन चिन्हों को देखकर कदाचित् यह मेरी सखी, चोरी से किये गये मेरे संभोग की शंका न करे, इसलिए वह कहने वाली स्त्री संभाव्यमान शंका के निवारणार्थ पहले ही स्वयं कह दे रही है कि पानी से भरा हुआ घड़ा लेकर और जल्दी-जल्दी चलकर आने से यह पसीना, सांस फूलना आदि ये सब कष्ट हो रहे हैं। इस प्रकार वह अपने चौर्य रति को छिपाने का प्रयत्न कर रही है। यह बात वक्ता के उक्ति-वैशिष्ट्य से व्यङ्ग्य है। यहाँ शब्द में परिवृत्तिसहत्व होने से अर्थ का ही व्यापार (वृत्ति) है ॥ १३ ॥

(२) बोद्धा (बोद्धव्य) के वैशिष्ट्य में व्यञ्जना का उदाहरण—

ओण्णिद्दमिति (औन्निद्र्यमिति)। हे सखि, मुझ मंदभागिनी के कारण नींद का न आना, दुर्बलता, चिन्ता, आलस्य और निःश्वास आदि तुमको भी भोगने पड़ रहे हैं, यह बड़े दुःख की बात है ॥ १४ ॥

अत्रेति। इस पद्य में 'दूती का' उस नायिका के कामुक के साथ 'उपभोग व्यंग्य' है। यह 'आर्थी व्यञ्जना' का उदाहरण है।

(३) काकु के वैशिष्ट्य में व्यञ्जना का उदाहरण—

'आर्थी व्यञ्जना' में 'वक्ता' तथा 'बोद्धा' के वैशिष्ट्य के दो उदाहरण बताने के बाद अब 'काकु' के द्वारा आर्थी व्यञ्जना का तीसरा उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं।

विशेष विवरण—'काकु' शब्द का अर्थ है 'विशेष प्रकार की कण्ठध्वनि'। अर्थात् एक विशेष प्रकार का बातचीत का लहजा। बोलने के इस विशेष लहजे से (ढंग से) भी अर्थ की व्यञ्जना होती है। उसे बताने के लिए नारायणभट्टकृत 'वेणीसंहार' नाटक के प्रथम अंक में से 'भीमसेन' की उक्ति को उदाहरण के रूप में दिया गया है। 'भीमसेन' और 'सहदेव' के संवाद का प्रसंग है। 'भीमसेन' के क्रोध को देखकर 'सहदेव' उनसे (भीमसेन से) कहते हैं कि आप के इस प्रकार के व्यापार को (विचार को) सुनकर 'कदाचित् खिद्यते गुरुः' शायद गुरु (युधिष्ठिर) नाराज

तथाभूतां दृष्ट्वा नृपसदसि पाञ्चालतनयां
वने व्याधैः सार्धं सुचिरमुषितं वल्कलधरैः ।
विराटस्यावासे स्थितमनुचितारम्भनिभृतं
गुरुः खेदं खिन्ने मयि भजति नाद्यापि कुरुषु ॥ १५ ॥

अत्र मयि न योग्यः खेदः कुरुषु तु योग्य इति काका प्रकाश्यते । न च वाच्यसिद्धयङ्गमत्र काकुरिति गुणीभूतव्यङ्ग्यत्वं शङ्क्यं, प्रश्नमात्रेणापि काकोर्विश्रान्तेः ।

हो जायेगें । उसके उत्तर में 'भीमसेन' कह रहे हैं कि 'गुरुः खेदमपि जानाति' अच्छा 'गुरु' (युधिष्ठिर) नाराज होना भी जानते हैं ?

तथाभूतामिति । उस राज-सभा में 'पाञ्चाली' (द्रौपदी) की उस प्रकार की (केश तथा वस्त्र खींचे जाने की) अवस्था को देखकर (गुरु नाराज नहीं हुए, उनको क्रोध नहीं आया) फिर वन में वल्कल धारण कर दीर्घ काल तक (बारह वर्ष तक) व्याधों (बहेलियों) के साथ रहते रहे (तब भी उनको क्रोध नहीं आया) फिर विराट के घर में (रसोइया आदि के) अनुचित कार्यों को करके छिप कर (अज्ञात रूप में) जो हम रहे (उस समय भी गुरु को क्रोध नहीं आया) और आज भी उनको कौरवों पर तो क्रोध नहीं आ रहा है, पर मैं कौरवों पर क्रोध करता हूँ तो मेरे ऊपर वे नाराज होते हैं ॥१५॥

अत्रेति । यहाँ पर मेरे ऊपर क्रोध करना (नाराज होना) उचित नहीं है । कौरवों पर नाराज होना उचित है । यह अभिप्राय **'काकु'** के द्वारा प्रकाशित हो रहा ॥१५॥

'काकु' से आक्षिप्त अर्थ की ध्वनि-रूपता में शंका-समाधान

विशेष विवरण—शंका—ग्रंथकार ने इस ग्रन्थ के पंचम उल्लास में 'गुणीभूत-व्यङ्ग्य' काव्य के आठ भेदों को बताया है । उनमें 'वाच्यसिध्यङ्गव्यङ्ग्य' और 'काक्वाक्षिप्तव्यङ्ग्य' नाम से 'गुणीभूतव्यङ्ग्यकाव्य' के दो भेद गिनाये गये हैं । वहाँ भी 'वेणीसंहार नाटक' से उद्धृत की गई भीमसेन की इसी प्रकार की निम्नलिखित उक्ति को 'काक्वाक्षिप्तव्यङ्ग्य' के उदाहरण में प्रस्तुत किया है—

मथ्नामि कौरवशतं समरे न कोपाद् दुःशासनस्य रुधिरं न पिबाम्युरस्तः ।
संचूर्णयामि गदया न सुयोधनोरू सन्धिं करोतु भवतां नृपतिः पणेन ॥

यदि तुम्हारे राजा (युधिष्ठिर) किसी शर्त पर 'कौरवों' से संन्धि कर भी लें, तो क्या मैं 'सौ कौरवों' का युद्ध में क्रुद्ध होकर नाश नहीं करूँगा ? अथवा 'दुःशासन' की छाती का रुधिर (खून) क्या नहीं पीऊँगा ? अथवा 'सुयोधन' की जङ्घाओं को गदा से क्या नहीं तोड़ूंगा ?

तइआ मह गण्डत्थलणिमिअं दिट्ठिं ण णेसि अण्णत्तो ।
एण्हिं सच्चेअ अहंतेअ कवोला ण सा दिट्ठि ॥ १६ ॥

(तदा मम गण्डस्थलनिमग्नां दृष्टिं नानैषीरन्यत्र ।
इदानीं सैवाहं तौ च कपोलौ न सा दृष्टिः ॥)

अत्र मत्सखीं कपोलप्रतिबिम्बितां पश्यतस्ते दृष्टिरन्यैवाभूत्, चलितायान्तु तस्यामन्यैव जातेत्यहो प्रच्छन्नकामुकत्वं ते इति व्यज्यते ।

उद्देशोऽयं सरसकदलीश्रेणिशोभातिशायी
कुञ्जोत्कर्षाङ्कुरितरमणीविभ्रमो नर्मदायाः ।

इस पद्य का उपर्युक्त अर्थ 'वाच्यार्थ' है । परन्तु 'भोम' के बोलने के ढंग से अर्थात् 'काकु' के द्वारा यह प्रकट हो रहा है कि 'युधिष्ठिर' भले ही उनसे सन्धि कर लें किन्तु 'मैं' तो अपनी सब इच्छाएँ पूर्ण करके ही रहूँगा । यहाँ पर यह 'प्रतीत होने वाला अर्थ' 'काकु' से आक्षिप्त होने के कारण इस पद्य को 'गुणीभूतव्यङ्ग्य काव्य' माना गया है । 'तथाभूताम्' इत्यादि प्रकृत उदाहरण भी उसी प्रकार का है । अतः इसे भी 'काक्वाक्षिप्त' होने से अथवा 'वाक्यसिद्धि का अंग' होने से 'गुणीभूतव्यङ्ग्य' मानना ही उचित है । तब इसे 'ध्वनि काव्य' के उदाहरण रूप में कैसे दिया जा रहा है ?

न चेति । समाधान—यहाँ पर 'काकु' (से लभ्य अर्थ) 'वाच्य की सिद्धि' में अंग है, इसलिए गुणीभूतव्यङ्ग्य (काव्य) है, (ध्वनि काव्य नहीं है)—यह 'शंका' नहीं करनी चाहिए । क्योंकि 'प्रश्नमात्र' से भी काकु की विश्रान्ति हो सकती है । अर्थात् यहाँ 'काकु' केवल प्रश्नमात्र में ही विश्रान्त हो जाता है । उससे 'व्यङ्ग्य' आक्षिप्त नहीं हो रहा है ।

(४) वाक्यवैशिष्ट्य में व्यञ्जना का उदाहरण—

तइ आ इति (तदा ममेति) । उस समय मेरे कपोल (गाल) पर गड़ाई हुई (अपनी) दृष्टि को कहीं और (अन्यत्र) नहीं ले जा रहे थे । किन्तु अब मैं भी वही हूँ, मेरे गाल भी वे ही हैं, किन्तु तुम्हारी (मेरे गाल पर ही टिकी रहने वाली) दृष्टि वैसी नहीं है ॥ १६ ॥

अत्रेति । यहाँ मेरे गाल पर प्रतिबिम्बित मेरी सखी को देखते हुए तुम्हारी दृष्टि कुछ और ही थी, उसके चले जाने पर कुछ और ही हो गई है । इसलिए तुम्हारी प्रच्छन्न कामुकता पर आश्चर्य हो रहा है—यह अर्थ नायिका के वाक्य से प्रकट होता है ।

(५) वाच्यवैशिष्ट्य में व्यञ्जना का उदाहरण —

उद्देशोऽयमिति । हे तन्वि ! (हे कृशोदरि) (इस विशेषण से नायिका की

किञ्चैतस्मिन्सुरतसुहृदस्तन्वि ते वान्ति वाता
येषामग्रे सरति कलिताऽकाण्डकोपो मनोभूः ॥ १७ ॥

अत्र रतार्थं प्रविशेति व्यङ्ग्यम् ।

णोल्लेइ अणोल्लमणा अत्ता मं घरभरम्मि सअलम्मि ।
खणमेत्तं जइ संझाइ होइ ण व होइ वीसामो ॥ १८ ॥

मदन-वेदना-ग्रस्तता सूचित होती है) सरस हरी-हरी कदली (केले) के वृक्षों की कतार से अत्यन्त सुशोभित (मनोहर) प्रतीत होने वाला और कुञ्जों के उत्कर्ष के कारण सुन्दरियों के हाव-भावों को अङ्कुरित कर देने वाला यह नर्मदा का ऊँचा प्रदेश (स्थान) है । अभिप्राय यह है कि केवल यह सामान्य नदी नहीं है, अपितु 'नर्म=रतिसुखम् ददाति इति नर्मदा' जो असाधारण रतिक्रीड़ा के सुख को देने वाली है उसी का यह ऊँचा प्रदेश है । और यहाँ 'सुरत' के मित्र (पुनः-पुनः सुरत-क्रीड़ा के लिए उत्तेजना देने वाले) वे पवन बहते हैं, जिसके आगे-आगे (वसन्तादि ऋतु का) अवसर न होने पर भी धनुष धारण किये हुए अत्यन्त उग्र रूप में उत्तेजना देने वाला कामदेव चलता रहता है ॥ १७ ॥

अत्रेति । यहाँ 'सुरत-क्रीडा' के लिए कुञ्ज के भीतर प्रवेश करो (चलो) । यह अर्थ नायक के उक्तिवैशिष्ट्य से अभिव्यञ्जित होता है ॥ १७ ॥

विशेष विवरण—यहाँ 'नर्मदा' के उन्नत प्रदेश (स्थानविशेष) तथा उसके विशेषणीभूत वायु; कुंज आदि 'व्यङ्ग्यार्थ' की प्रतीति 'वाच्य के वैशिष्ट्य' से होती है । इसलिए यह 'वाच्य-वैशिष्ट्य' का उदाहरण है ।

वाक्य और वाच्यवैशिष्ट्य में भेद—

'वक्ता' और 'बोद्धा' के वैशिष्ट्य के कारण जैसे 'आर्थी व्यञ्जना' के दो भेद होते हैं उसी प्रकार 'वाक्य' और 'वाच्य' के वैशिष्ट्य के कारण होने वाले भेद से भी 'आर्थी व्यञ्जना' के दो भेद माने जाते हैं । किन्तु दोनों भेदों का एक ही उदाहरण बन सकता है । उनमें केवल प्राधान्य-अप्राधान्य की विवक्षा से ही अन्तर हो जाता है । जब 'वक्ता' का प्राधान्य विवक्षित रहता है तब वही पद्य 'वक्तृ-वैशिष्ट्य' का उदाहरण हो जाता है । और जब 'बोद्धा' का प्राधान्य विवक्षित रहता है तब वही पद्य 'बोद्धव्य-वैशिष्ट्य' का उदाहरण बन जाता है । उसी प्रकार जहाँ 'वाक्य' की प्रधानता विवक्षित हो वहाँ वही पद्य 'वाक्य-वैशिष्ट्य' का उदाहरण हो जाता है । और जहाँ उसके 'वाच्य' अर्थ का प्राधान्य विवक्षित रहता है वहाँ वही 'वाच्य-वैशिष्ट्य' का उदाहरण बन जाता है । यह भेद केवल विवक्षा के अधीन है ।

(६) अन्य-सन्निधि के वैशिष्ट्य में व्यञ्जना का उदाहरण—

णोल्लेइ इति (नुदतीति) । निर्दय (अनार्द्रमनाः) सास घर के सम्पूर्ण कार्य

(नुदत्यनार्द्रमनाः　श्वश्रूर्मां　गृहभरे　सकले ।
क्षणमात्रं यदि सन्ध्यायां भवति न वा भवति विश्रामः ।।)

अत्र सन्ध्यासङ्केतकाल इति तटस्थं प्रति कयाचिद् द्योत्यते ।

सुव्वह समागमिस्सदि तुज्झ पिओ अज्ज पहरमेत्तेण ।
एमे अ किंत्ति चिट्ठसि ता सहि सज्जेसु करणिज्जम् ।। १९ ।।

(श्रूयते समागमिष्यति तव प्रियोऽद्य प्रहरमात्रेण ।
एवमेव किमिति तिष्ठसि तत्सखि ! सज्जय करणीयम् ।।)

अत्रोपपतिं प्रत्यभिसर्तुं प्रस्तुता न युक्तमिति कयाचिन्निवार्यते ।

मुझसे ही कराती है, इसलिए समय कभी मिलता भी है तो सायंकाल के समय क्षण-मात्र (थोड़ा बहुत) विश्राम मिल जाता है, और कभी वह भी नहीं मिलता है ।।१८।।

अत्रेति । यहाँ सायंकाल का समय 'संकेत काल' है—यह बात (गुरुजनों की सन्निधि के वैशिष्ट्य के कारण दूत आदि किसी) तटस्थ के प्रति किसी (नायिका) के द्वारा प्रकट की जा रही है ।। १८ ।।

विशेष विवरण—यहाँ अन्य लोगों के समीप रहने के कारण स्पष्ट रूप से संकेत काल आदि के सम्बन्ध में बात करना सम्भव नहीं है । अतः इस प्रकार से तटस्थ दूत आदि से 'संध्या के समय मिलने का अवसर निकल सकता है'—यह बात सन्निधि के वैशिष्ट्य के कारण व्यञ्जना से सूचित की गई है ।

(७) प्रकरणरूप प्रस्ताव के वैशिष्ट्य में व्यञ्जना का (वाच्यार्थ को व्यञ्जकता का) उदाहरण—

सुव्वह इति (श्रूयते इति) । हे सखि, सुना जाता है कि, तुम्हारे प्रिय पति आज एक प्रहर के भीतर ही आवेंगे, तो तू योंही क्यों बैठी है, उनके लिए खाने पीने की व्यवस्था अथवा अपने शृङ्गार आदि करने योग्य कार्यों की तयारी कर ।। १९ ।।

अत्रेति । यहाँ उपपति के पास जाने के लिए उद्यत हुई किसी अभिसारिका को उसकी सखी मना कर रही है, कि अब यह अभिसार करना इस समय उचित नहीं है ।। १९ ।।

विशेष विवरण—यहाँ पर 'अद्यैव' से सूचित किया है कि 'कालान्तर' से नहीं । 'प्रहरमात्रेण' से बताया है कि 'विलम्ब' से नहीं । 'समागमिष्यति' से सूचित किया है कि 'अपना काम पूरी तरह सम्पन्न करने के कारण पुनः उसे कहीं जाना नहीं है' इस प्रकार अभिसरणोपयोगि-वेषविन्यासादि के प्रसंग में उस रहस्य को जाननेवाली उसकी सखी पति के आगमन की सूचना देकर उसके अभिसरण का निषेध कर रही है । प्रसंग जाननेवाले सामाजिक इस व्यंग्यार्थ को समझ जाते हैं ।। १९ ।।

अन्यत्र यूयं कुसुमावचायं कुरुध्वमत्रास्मि करोमि सख्यः ।
नाहं हि दूरं भ्रमितुं समर्था प्रसीदतायं रचितोऽञ्जलिर्वः ॥ २० ॥

अत्र विविक्तोऽयं देश इति प्रच्छन्नकामुकस्त्वयाऽभिसार्यतामिति आश्वस्तां प्रति कयाचिन्निवेद्यते ॥

गुरुअणपरवस पिअ किं भणामि तुह मंदभाइणी अहकम् ।
अज्ज पवासं वच्चसि वच्च सअं जेव्व सुणसि करणिज्जम् ॥ २१ ॥

गुरुजनपरवश प्रिय ! किं भणामि तव मन्दभागिनी अहकम् ।
अद्य प्रवासं व्रजसि व्रज स्वयमेव श्रोष्यसि करणीयम् ॥

---

(८) देश के वैशिष्ट्य में व्यञ्जना (वाच्यार्थ की व्यंजकता) का उदाहरण— सखीवेषधारी स्वामी के साथ आई हुई अपनी सहचरी को देखकर अन्य सखियों के प्रति नायिका की यह उक्ति है—

अन्यत्रेति । हे सखियों तुम कहीं अन्यत्र जाकर फूल तोड़ो, और यहाँ मैं तोड़ रही हूँ । मैं दूर तक चलने में समर्थ नहीं हूँ । इसलिए तुम्हें हाथ जोड़ती हूँ, मुझ पर कृपा करो, अर्थात् आप और कहीं जाकर अपना काम करो । यहाँ मुझे अपना काम करने दो ॥ २० ॥

अत्रेति । यहाँ यह एकान्त स्थान है, इसलिए प्रच्छन्न कामुक को तुम यहाँ भेज दो—यह बात अपनी किसी विश्वस्त सखी से कोई कह रही है ॥ २० ॥

विशेष विवरण—सखियों के अन्यत्र चले जाने से यह स्थान (देश) एकान्त का है, इसलिए प्रच्छन्न कामुक (सखी-वेषधारी कामुक) को तुम प्रेरित करो—इस प्रकार विश्वासपात्र प्रिय सखी के प्रति देश-वैशिष्ट्य के कारण व्यञ्जित किया जा रहा है । यहाँ पर 'वाच्यार्थ' तो सामान्य सखियों को विषय कर रहा है, किन्तु 'व्यङ्ग्यार्थ' प्रिय सखी को विषय कर रहा है । यहाँ पर 'कुसुमावचाय' को उद्देश्य कर अन्यदेशाधिकरणकत्व की विधेयता होने से प्रधानता है । अतः 'देश वैलक्षण्य' से ही व्यञ्जकत्व है । और पूर्व निर्दिष्ट 'उद्देशोऽयम्' (श्लो० १७) उदाहरण में 'देश' की विशेषणता होने से अप्रधानता थी, इसलिए प्रधानीभूत वाच्य की ही विलक्षणता होने से उसी में व्यञ्जकत्व माना गया था । यही दोनों में भिन्नता है ॥ २० ॥

(९) काल के वैशिष्ट्य में वाच्यार्थ की व्यञ्जना का उदाहरण—

गुरुअणेति (गुरुजनेति) । गुरुजनों के परवश रहने वाले हे प्रिय ! मैं मन्दभागिनी तुम से क्या कहूँ (वास्तव में तो न 'तुम' जाना चाहते हो और न 'मैं' भेजना चाहती हूँ । परन्तु माता-पिता आदि गुरुजनों के आदेश के कारण) आज

अत्राद्य वसुसमये यदि व्रजसि तदाऽहं तावद् न भवामि तत्र तु न जानामि गतिमिति व्यज्यते ।

आदिग्रहणाच्चेष्टादेः । तत्र चेष्टाया यथा—

द्वारोपान्तनिरन्तरे मयि तया सौन्दर्यसारश्रिया
प्रोल्लास्योरुयुगं परस्परसमासक्तं समासादितम् ।
आनीतं पुरतः शिरोंऽशुकमधः क्षिप्ते चले लोचने
वाचस्तत्र निवारितं प्रसरणं सङ्कोचिते दोर्लते ॥ २२ ॥

अत्र चेष्टया प्रच्छन्नकान्तविषय आकूतविशेषो ध्वन्यते ।

